१२९५ ई० में जलालुद्दीन फिरोज शाह ग्वालियर में शिकार खेलने आया और फरिस्ता का कथन है कि उसने यात्रियों के लिए एक गुम्बदाकार विश्राम गृह बनवाया, जिस पर एक लेख उत्कीर्ण था।[८२] खिलजियों के काल में इस किले का उपयोग राजकीय कारागार के रूप में किया जाता था।[८३] कुतुबुद्दीन मुबारकशाह(१३१६-२०) और मुहम्मद तुगलक(१३२५-१३५१ ई०) ने अपने कई सम्बन्धियों को इस किले में बन्दी बनाकर रखा था। १३४२ ई० में इब्नबतूता ग्वालियर आया था। इस समय इस किले का अधिकारी अहमद-बिन शेर खाँ था।[८४]

तुगलकों के अन्तिम उत्तराधिकारियों की कमजोरी का लाभ उठाकर १३९४ ई० में ऐसाह के छोटे से जमींदार के पुत्र वीरसिंह देव तोमर ने ग्वालियर के किले पर अपना अधिकार स्थापित कर लिया। इस बात की पुष्टि मुस्लिम इतिहासकारों के अतिरिक्त दुर्ग पर स्थित गंगोलाताल से प्राप्त वि० सं० १४५१(१३९४ ई०) के एक अभिलेख से भी होती है।[८५] वीर सिंह देव की मृत्यु के पश्चात् उसका पुत्र उद्धरणदेव १४०० ई० में सिंहासन पर बैठा किन्तु इसका शासनकाल अल्प समय तक ही रहा।[८६] उद्धरणदेव के पश्चात् उसका पुत्र वीरमदेव १४०२ ई० में ग्वालियर का शासक हुआ ।[८७] इस समय कालपी में दिल्ली के तुगलकों की ओर से नासिरुद्दीन शासन कर रहा था। तारीखेमुबारक शाही से ज्ञात होता है कि नासिरुद्दीन मुहम्मद तुगलक के सेनापति मल्लू इकबाल

---

७८. कनिंघम, आ० स० रि०, जि० २, पृ० ७५-७६; इ० ए० १९१८, पृ० २४१; इ० हि० क्वा०, जि० ३२, पृ० ४०४-४०५

७९. रेवर्टी द्वारा अनुवादित तबकातए-नासिरी, पृ० ६९०

८०. कनिंघम, काएन्स आफ मिडिवल इण्डिया, पृ० ९२-९३

८१. म० प्र० जिला गजेटियर - ग्वालियर, पृ० २५

८२. ब्रिक्स द्वारा अनुवादित तारीखे - फरिस्ता, जि० १, पृ० ३११

८३. रेकिंस द्वारा अनुवादित, मुन्तखा उन्तवारीख, जि० १, पृ० २४८ और २६८

८४. महदी हुसैन द्वारा अनुवादित दि रेहला आफ इब्नबतूता, पृ० १८३

८५. कटारे, एस० एल०, टू गंगोलाताल इन्सक्रिप्सन्स आफ द तोमर किंग्स आफ ग्वालियर, ज० ओ० इ०, बड़ौदा,भाग २३, नं० ४ (जून १९७४), पृ० ३५०-५१

८२.द्विवेदी, एच० एन०, ग्वालियर के तोमर, पृ० ३८

८७. वही, पृ० ४९

खाँ ने ग्वालियर पर आक्रमण किया, जो उस समय वीरसिंह देव के पुत्र वीरमदेव के अधिकार में था। उसने आस-पास के भाग को तो नष्ट कर डाला, किन्तु पहाड़ी दुर्ग पर घेरे का मुकाबला इतनी सुदृढ़ता से किया गया कि इकबाल खाँ को लौट जाना पड़ा। दूसरे वर्ष, उसने पुनः आक्रमण किया और धोलापुर गढ़ के तोमर राजकुमार को पराजित किया। १४०४-१४०५ ई० में इकबाल खाँ ने इटावा की ओर धावा किया और तोमर राजकुमार के नेतृत्व में लड़ती हुई सेना को परास्त किया जिन्होंने चार हाथियों का उपहार भेजकर सन्धि कर ली और वार्षिक कर देना भी स्वीकार किया।[८८] १४१६ ई० में खिज्र खाँ ने अपने वजीर मलिक ताजुल्मुल्क को वीरमदेव से कर वसूल करने भेजा था।[८९]

१४२५ ई० में डँगर सिंह ग्वालियर के सिंहासन पर बैठा। उसके शासनकाल के प्रथम वर्ष में मालवा के शासक हुशंगशाह (१४०५-१४३५ ई०) ने किले को घेर लिया, किन्तु उसे जौनपुर के मुबारक शाह की सहायता से खदेड़ दिया गया।[९०] डँगर सिंह के समय में कई बार दिल्ली के शासक मुबारक शाह द्वारा ग्वालियर पर कर आदि देने के लिए दवाब डाला गया।[९१] इससे स्पष्ट है कि तोमर शासक ने समय-समय पर दिल्ली सुल्तान के विरुद्ध विद्रोह करके उसे कर आदि देना बन्द कर दिया था। डँगर सिंह असाधारण योग्यता सम्पन्न शासक था। उसके शासन काल में अनेक जैन मूर्तियाँ किले की पहाड़ी के पार्श्व भाग को काट-छाँट कर निर्मित की गईं। इन मूर्तियों के पाद-पीठ पर अंकित अभिलेखों में उसके लिए महाराजाधिराज, राजाधिराज तथा राजा उपाधियों का प्रयोग किया गया है। इन उपाधियों से डँगर सिंह की राजनैतिक स्थित स्पष्ट नहीं हो पाती, क्योंकि उसे लगभग एक ही समय में राजा (१४४८ ई०), राजाधिराज (१४५३ ई०) तथा महाराजाधिराज (१४५३ ई०) कहा गया है।[९२]

डँगर सिंह के पश्चात् उसका पुत्र कीर्तिसिंह (करण सिंह) १४५९ ई० में सिंहासनासीन हुआ।[९३] इस समय तक ग्वालियर के तोमरों ने इतनी राजनैतिक शक्ति अर्जित कर ली थी कि जौनपुर, मालवा और दिल्ली के राजाओं ने उनसे मित्रता स्थापित की।[९४]

ग्वालियर के तोमरों के शासनकाल में अनेक झीलें, बांध आदि बनवाये गये थे। कीर्तिसिंह के समय में एक विशाल झील का निर्माण गोपाचल गढ़ के पास ही करवाया गया था।[९५]

---

८८. वसु, के० के० द्वारा अनुवादित 'तारीख-ए-मुबारक शाही', पृ० १७७-१७८
८९. वही, पृ० १९२
९०. वही, पृ० २०९
९१. रिजवी, उत्तर तैमूर कालीन भारत, भाग १, पृ० ३०, ७३; वसु, के० के० द्वारा अनुवादित तारीख-ए-मुबारकशाही' पृ० २१३, २१७,२२२, २३४
९२. नाहर, पूर्णचन्द्र, जैन शिलालेख, भाग २ (१९२७), पृ० ९३,४४; नाथ,राम, आन सावरेन्टी आफ राजा मानसिंह तोमर आफ ग्वालियर, ज० ओ० इ०, बड़ौदा भाग २८, नं० १ (सितम्बर १९७८), पृ० ६९
९३. द्विवेदी, एच० एन०, ग्वालियर के तोमर, पृ० ९७
९४. रिजवी, उत्तर तैमूर कालीन भारत, भाग २, पृ० १०, २३; इलिएट एण्ड डाउसन, पृ० ८८-८९
९५. म० प्र० जिला गजेटियर-ग्वालियर, पृ० २३

अब इस झील के अवशेष नहीं बचे हैं। डँगर सिंह तोमर के समकालीन रइधू ने अपने तीन अप्रकाशित ग्रंथों पार्श्वपुराण, पद्मचरित व सम्यकत्वगुण निधान में ग्वालियर का अत्यन्त सजीव वर्णन किया है। पार्श्वपुराण में उसने लिखा है कि गोपाचल (ग्वालियर)उस समय समृद्ध नगर था और जन-जीवन सुख-शान्ति से पूर्ण था। डँगर सिंह तथा कीर्ति सिंह दोनों ही जैन धर्म में बड़ी आस्था रखते थे। यही कारण है कि ग्वालियर नगर जैन मन्दिरों से विभूषित था और श्रावक दान-पूजा में निरत रहते थे।[९६]

कीर्तिसिंह के पश्चात् कल्याणमल ग्वालियर का शासक हुआ। कल्याणमल की मृत्यु के पश्चात् उसका पुत्र राजा मानसिंह १४८६ ई० में ग्वालियर की गद्दी पर बैठा। इसे तोमरवंश का सबसे महत्वपूर्ण शासक माना जाता है। इसका ३० वर्ष का शासनकाल (१४८६-१५१६ ई०) ग्वालियर की सांस्कृतिक एवं राजनैतिक उन्नति के लिए प्रसिद्ध है। दिल्ली के सुल्तानों की आँख तोमरों की बढ़ती हुई शक्ति पर बराबर लगी हुई थी, किन्तु राजा मानसिंह शासन करने में सफल रहा। सम्राट सिकन्दर लोदी तोमरों की स्वतन्त्रता के विरुद्ध था। अतः गद्दी पर बैठते ही उसने १४८९ ई० में ग्वालियर पर आक्रमण करने की योजना बनाई । राजा मानसिंह ने भी यद्यपि युद्ध के लिए तैयारियाँ की तथा दुर्ग को और अधिक सुदृढ़ बनाने का प्रयत्न किया किन्तु समय आने पर उसने राजनीतिक दूरदर्शिता दिखाते हुए सिकन्दर लोदी के साथ मित्रता पूर्ण व्यवहार किया और उसकी अधीनता स्वीकार कर ली।[९७] इस प्रकार राजा मानसिंह ने लगभग दस वर्षों तक शान्तिपूर्वक शासन किया और उसे सिकन्दर लोदी की ओर से किसी प्रकार के आक्रमण का भय नहीं रहा।

मुस्लिम इतिहासकारों से ज्ञात होता है कि सिकन्दर लोदी ने १५०० ई० में पुनः ग्वालियर पर अधिकार करने का निश्चय किया। इसी उद्देश्य को लेकर उसने अपना मुख्यालय आगरा में स्थापित किया, ताकि ग्वालियर पर सीधी दृष्टि रखी जा सके।[९८] उसने १५०१ ई० में धौलपुर पर आक्रमण किया, जिसका सरदार मानिकदेव राजा मानसिंह का अधीनस्थ था। किले की नाकाबन्दी कर दी गई और विध्वंशक नीति से सुल्तान ने उसमें रहने वाले लोगों को आतंकित किया । भयभीत होकर राजा ग्वालियर भाग गया। उसकी बची हुई सेना धौलपुर में बुरी तरह पराजित हुई। विजय के बाद सुल्तान ने ग्वालियर की ओर प्रस्थान किया और मन्दाकिनी के तट पर पड़ाव डाला। इस बार भी राजा मानसिंह ने सुल्तान की अधीनता स्वीकार कर ली और अपने राज्य में पुनः शान्ति की स्थापना की। सिकन्दर लोदी कुछ धन आदि लेकर आगरा लौट आया।[९९]

---

९६. द्विवेदी, हरिहर निवास, मध्य देशीय भाषा, पृ० १३८-१४०

९७. निजामुद्दीन अहमद,तबकात-ए-अकबरी, भाग १ (कलकत्ता, १९७३), पृ० ३५१; नाथ, आर०, ज० ओ० इ०, बड़ौदा, भाग २८, नं० १, पृ० ७०

९८. तदैव

९९. इलियट एण्ड डाउसन, जि० ५, पृ० ९७-९८

१५०४ ई० में सिकन्दर लोदी ने पुनः ग्वालियर पर अधिकार करने का प्रयत्न किया, किन्तु वह उसमें सफल नहीं हो सका। अगले वर्ष १५०५ ई० में उसने पुनः ग्वालियर पर आक्रमण किया। इस बार राजपूतों ने गोरिल्ला-युद्ध नीति अपनाई। उन्होंने सिकन्दर की सेना की रसद काट दी। एक अचानक धावे से घबड़ाकर उसे शीघ्र ही वापस लौट जाना पड़ा। फारसी इतिहासकार सिकन्दर को विजयी बताते हैं। किन्तु वास्तव में सुल्तान का यह आक्रमण भी असफल रहा था।[१००] १५०५ ई० में सिकन्दर लोदी ने अवन्तगढ़ के किले को हस्तगत करने की योजना बनाई। वहाँ पर मानसिंह का सामंत डँगर प्रशासक था। वह अपने कुछ साथियों के साथ सुल्तान से जा मिला और मुसलमान हो गया। मानसिंह ने गढ़ की रक्षा का समुचित प्रबन्ध किया, परन्तु अन्ततः उसे पराजित होना पड़ा और अवन्तगढ़ का दुर्ग उसके हाथ से निकल गया।[१०१]

१५१६ ई० में मानसिंह की मृत्यु हो गई। उसके शासनकाल में, ग्वालियर राज्य न केवल राजनैतिक दृष्टि से सुदृढ़ एवं शक्तिशाली था, बल्कि उसमें स्थापत्य, शिल्प, संगीत एवं चित्रकला का भी बहुमुखी विकास हुआ। उसने अनेक सिचाई के साधनों का निर्माण किया, जिनमें कई तालाब थे तथा नगर के उत्तर-पश्चिम में मोती झील नामक एक जलाशय का निर्माण कराया।[१०२] वह संगीत का महान पारखी था और संगीत रचनाओं में अपनी प्रवीणता के कारण विशेष रूप से विख्यात था। संगीतकारों को उसका उदार आश्रय प्राप्त होने के कारण संगीत की ग्वालियर शैली का जन्म हुआ, जो उसके अधीन विकसित हुई। इस शैली ने अकबर की आइन-ए-अकबरी में उल्लिखित ३६ संगीतकारों में से १६ संगीतकार दिये। इनमें से तानसेन सर्वाधिक विख्यात था।[१०३]

मानसिंह की मृत्यु (१५१६ ई०) के पश्चात् उसका पुत्र विक्रमादित्य सिंहासनासीन हुआ। उधर इसी वर्ष सिकन्दर लोदी की भी मृत्यु हो गई और इब्राहीम लोदी दिल्ली सल्तनत का उत्तराधिकारी हुआ। उसने गद्दी पर बैठते ही ग्वालियर पर विजय प्राप्त करने के लिए निश्चित योजना बनाई। यद्यपि अब तक लोदियों के ग्वालियर पर जितने भी आक्रमण हुए थे, वे सभी असफल रहे, किन्तु इस बार आजम हुमायुं के नेतृत्व में इब्राहीम लोदी का जो भीषण आक्रमण हुआ, वह अन्ततः पूर्णरूपेण सफल रहा और दो वर्ष के लम्बे युद्ध के पश्चात् विक्रमादित्य ने आत्मसमर्पण कर दिया। उसे शम्शाबाद की जागीर दी गई और उसने दिल्ली के सुल्तान की अधीनता स्वीकार कर ली।[१०४]

---

१००. निजामुद्दीन अहमद, तबकात-ए-अकबरी, भाग १, पृ० ३७१; फरिस्ता, राइज आफ मोहम्मद पावर इन इण्डिया, अनुवाद ब्रिग्स (कलकत्ता, १९६६) भाग १, पृ० ३३८; नाथ, आर०, ज० ओ० इ०, बड़ौदा, भाग २८, नं० १, पृ० ७१

१०१. इलिएट एण्ड डाउसन, जि० ५, पृ० १००-१०१

१०२. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ० ३८७

१०३. म० प्र० जिला गजेटियर-ग्वालियर, पृ० २८

१०४. द्विवेदी, हरिहर निवास, ग्वालिर के तोमर, पृ० १७१-१७६

१५२६ ई० में इब्राहीम लोदी तथा बाबर के बीच हुए पानीपत के युद्ध में विक्रमादित्य ने भी भाग लिया और अपने स्वामी के साथ ही मारा गया। उसकी मृत्यु का उल्लेख बाबर तथा खड्गराय ने किया है।[१०५] विक्रमादित्य की मृत्यु के पश्चात् ग्वालियर के किले से तोमरों के शासन की वैभवशाली परम्परा का अन्त हो गया।

१५२६ ई० में ग्वालियर दुर्ग पर बाबर ने अधिकार कर लिया। उसके पश्चात् १५४२ ई० में इस पर शेरशाह सूरी का प्रभुत्व स्थापित हुआ, किन्तु कालान्तर में १५५८ ई० में अकबर ने इस पर पुनः अधिकार कर लिया। इसके पश्चात् लगभग १८वीं शताब्दी तक यह किला मुगलों के अधीन बना रहा। इस अवधि में मुगलों ने इसका उपयोग राजकीय कारागार के रूप में किया। १७६१ ई० में पानीपत के तृतीय युद्ध के बाद इस दुर्ग पर गोहद के जाट राजा लोकेन्द्र सिंह ने अधिकार कर लिया, किन्तु थोड़े समय बाद ही इस पर मराठा सरदारों का आधिपत्य स्थापित हो गया। मराठों के शासनकाल में १७८० ई० में इस पर मेजर पोफम ने आक्रमण किया और दुर्ग को गोहद के राजा छत्रपति सिंह को सौंप दिया, किन्तु १७८४ ई० में महदजी शिन्दे के सेनापति खण्डेरावहरि ने इसे पुनः प्राप्त कर लिया।[१०६]

मराठों के साथ द्वितीय युद्ध में ब्रिटिश जनरल ह्वाइट ने १८०४ ई० में इस दुर्ग पर आक्रमण कर इसे अपने अधिकार में कर लिया, किन्तु एक वर्ष पश्चात् सन्धि हो जाने पर वह सिन्धिया को पुनः मिल गया। महाराजपुर के युद्ध के पश्चात् एक समझौते के अनुसार १८४४ ई० से १८५३ ई० तक इस दुर्ग पर ब्रिटिश सेना का अधिकार रहा, किन्तु महाराजा जिवाजी राव शिन्दे के वयस्क हो जाने पर १८५३ ई० में उन्हें पुनः लौटा दिया गया। १८५७ ई० में प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम के समय यह दुर्ग स्वतन्त्रता सेनानियों के हाथों में चला गया, किन्तु १९ जून १८५८ ई० में इस पर सर ह्यू रोज ने पुनः विजय प्राप्त कर ली और तब से लेकर १८८६ ई० तक यह अँग्रेजों के अधिकार में रहा। १८८६ ई० में इसे झाँसी के बदले सिन्धिया वंशी शासकों को पुनः लौटा दिया गया, जो कि इस दुर्ग पर स्वतन्त्रता की प्राप्ति तक शासन करते रहे।[१०७] वर्तमान समय में यह दुर्ग तथा इसके स्मारक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के संरक्षण में भारतीय पुरा सम्पदा की निधि के रूप में संजोये हुए हैं।

---

१०५. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, ३८९ जूझि विरहिम खाँ तहाँ पायो, राजा विक्रम तो लौं गिर्‌यो।' (इब्राहीम खाँ लड़ते-लड़ते मारा गया और उसके साथ ही राजा विक्रमादित्य भी काम आया।)

१०६. द इम्पीरियल गजेटियर आफ इण्डिया, खण्ड १२ (न्यू एडीसन), आक्सफोर्ड, १९०८, पृ० ४३९-४४३

१०७. द इम्पीरियल गजेटियर आफ इण्डिया, खण्ड १२ (न्यू एडीसन), आक्सफोर्ड, १९०८, पृ० ४३९-४४३

2

दुर्ग का स्थापत्य

ग्वालियर का दुर्ग जिस पहाड़ी पर निर्मित किया गया है उसका विस्तार उत्तर-दक्षिण दिशा में है, जिसका ऊपरी भू-भाग प्रायः समतल है। मध्य भाग सबसे अधिक सकरा तथा उत्तरी-दक्षिणी भाग अपेक्षाकृत अधिक चौड़ा है। उत्तर से दक्षिण इसकी लम्बाई लगभग २.५ किमी० तथा पूर्व-पश्चिम में अधिकतम चौड़ाई ९३५ मी० है और न्यूनतम चौड़ाई २०० मी० है। पहाड़ी की सबसे अधिक ऊँचाई उत्तर की ओर लगभग १०० मी० है।

ऊपरी समतल भू-भाग को सुरक्षा की दृष्टि से ऊँची प्राचीर द्वारा घेरकर सुदृढ़ किया गया है। पूर्व, पश्चिम और दक्षिण दिशा में दुर्ग पर चढ़ने के लिए चार मार्ग निर्मित किए गए हैं तथा इन मार्गों को स्थान-स्थान पर सुदृढ़ प्रवेश-द्वारों से सुरक्षित किया गया है। आवश्यकता पड़ने पर इनके फाटकों को बन्द कर मार्ग को अवरूद्ध किया जा सकता है। प्रवेश-द्वारों के साथ-साथ, उनके दोनों ओर विशाल अट्टालकों, प्राचीरों के ऊपर कण्ठवारिणी, निष्कुहद्वार और कपिशीर्षक, पहरेदारों के लिए कक्ष एवं बुर्जियाँ तथा प्राचीर पर चढ़ने-उतरने के लिए सोपान निर्मित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त दुर्ग पर बहुत से जलाशय, राजप्रासाद, मन्दिर, भण्डारगृह, शस्त्रागार आदि भी बनाये गये हैं।

शास्त्रों में दुर्गों की स्थिति के आधार पर उन्हें अनेक वर्गो में विभाजित किया गया है। कौटिल्य के अनुसार दुर्ग चार प्रकार के होते हैं–औदक दुर्ग, पार्वत दुर्ग, धान्वन दुर्ग और वनदुर्ग।[१] रामायण में भी चार प्रकार के दुर्गों का उल्लेख है–नादेय, पार्वत्य, वन्य तथा कृत्रिम।[२] इसी प्रकार महाभारत में छः प्रकार के दुर्ग बतलाये गये हैं–धन्वदुर्ग, महीदुर्ग, गिरिदुर्ग, मनुष्यदुर्ग, अब्दुर्ग, तथा वनदुर्ग।[३] मत्स्य पुराण में धान्वदुर्ग, महीदुर्ग, नरदुर्ग, वार्क्षदुर्ग और गिरिदुर्ग नामक छः दुर्गों का उल्लेख है। इनमें गिरिदुर्ग को सर्वाधिक सुदृढ़ कहा गया है।[४] दुर्गों की यही सूची अग्निपुराण, विष्णुधर्मोत्तरपुराण, मनुस्मृति और विष्णु धर्मसूत्र में भी पायी जाती है।[५] शुक्रनीति में ऐरिण दुर्ग, पारिखदुर्ग, धन्वदुर्ग, जलदुर्ग, गिरिदुर्ग, सैन्यदुर्ग, सहायदुर्ग बतालाये गये हैं।[६] कामन्दकनीतिसार में जलदुर्ग, पर्वतदुर्ग, वृक्षदुर्ग, ऊसरदुर्ग और मरुभूमि दुर्ग की प्रशंसा की गयी है।[७] देवीपुराण में औदक,

---

१. अर्थ०, अधि० २, अ० ३, पृ० २१.

२. रामायण, युद्धकाण्ड, सर्ग ३, श्लो० २.

३. महाभारत, शान्ति० १२, ८७, ५.

४. मत्स्यपुराण, २१७, ६-७.

५. अग्निपुराण, २२२, ४-५; विष्णुधर्मोत्तरपुराण, खण्ड २, अ० २६, श्लो० ६-७; मनुस्मृति, अ० ७, श्लो०७०-७१; विष्णुधर्मसूत्र, ३, ६

६. शुक्रनीति, अ० ४, प्र० ६, श्लो० १-५.

७. कामन्दकनीतिसार, सर्ग ४, श्लो० ५९.

पार्वत्य, धान्वन और वनज नामक चार प्रकार के दुर्ग बतलाये गये हैं।[८] इसी प्रकार मानसार, मयमत, समरांगणसूत्रधार और मानसोल्लास में भी पर्वतीयदुर्ग, वनदुर्ग, जलदुर्ग, ऐरिणदुर्ग, देवदुर्ग, पंकदुर्ग, मिश्रदुर्ग, इष्टिका दुर्ग, मृत्तिका दुर्ग, मरुदुर्ग और नरदुर्ग आदि का उल्लेख मिलता हैं।[९]

शुक्रनीति में कहा गया है कि जो दुर्ग एकान्त में किसी पहाड़ी के ऊपर बना हो तथा उसके ऊपर जलाशय का भी प्रबन्ध हो, उसे "गिरिदुर्ग" कहते हैं।[१०] ग्वालियर दुर्ग को इस कोटि का उत्तम उदाहरण माना जा सकता है। देवीपुराण में इस प्रकार के दुर्ग को "प्रान्तरदुर्ग" कहा गया है और उसे अत्यन्त पवित्र एवं प्रशस्त बतलाया गया है।[११]

शास्त्रों में अन्य दुर्गों की अपेक्षा गिरिदुर्ग को सबसे अधिक सुरक्षित, सुदृढ़ और श्रेष्ठ माना गया है। रामायण में इसकी महिमा का वर्णन करते हुए कहा गया है कि पर्वत के शिखर पर स्थित दुर्ग देवपुरी के समान दिखाई देता है।[१२] अग्निपुराण में इसे सर्वोत्तम दुर्ग माना गया है।[१३] विष्णुधमोत्तर पुराण एवं मत्स्यपुराण में भी "गिरिदुर्ग" को सबसे अधिक सुदृढ़ बतलाया गया है।[१४] मनुस्मृति में इसकी प्रशंसा करते हुए कहा गया है कि सभी (राजाओं) को प्रयत्न करके गिरिदुर्ग का आश्रय ग्रहण करना चाहिए क्योंकि अधिक गुण सम्पन्न होने के कारण यह सर्वश्रेष्ठ होता है।[१५] शुक्रनीति में गिरिदुर्ग को सर्वश्रेष्ठ माना गया है।[१६] इसी प्रकार समरांगणसूत्रधार में भी पार्वतीय दुर्ग को ही सर्वश्रेष्ठ कहा गया है।[१७] अतः इस प्रकार के दुर्गों के महत्व को देखते हुए मध्यकाल में इनकी संख्या में बहुत अधिक वृद्धि हुई और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण प्रायः सभी पहाड़ियों को दुर्गीकृत करने का प्रयास किया गया। ग्वालियर दुर्ग गिरिदुर्ग या पर्वतीय दुर्गों की श्रेणी का उत्तम उदाहरण है।

---

८. देवीपुराण, अ० ७२, श्लो० ५२-५४.

९. मानसार, अ० १०, ९०-९१; मयमत, अ० १०, श्लो० ३६; समरांगण० अ० ४५, श्लो० ३९-४०; मानसोल्लास, अ० ५, श्लो० ५४१-५४२.

१०. शुक्रनीति, अ० ४, प्र० ६, श्लो० ४.

११. देवीपुराण, ७२, ५७-५८.

१२. शैलाग्रे रचिता दुर्गा सा पूर्देवपुरोपमा।
रामायण, युद्धकाण्ड, सर्ग ३, श्लो० २२

१३. सर्वोत्तमं शैलदुर्गमभेद्यं चान्यभेदनम्
अग्निपुराण, अ० २२२, श्लो० ५.

१४. सर्वेषामेव दुर्गाणां गिरिदुर्ग प्रशस्यते।
विष्णुधर्मोत्तर०, खण्ड २, अ० २६, श्लो०७; मत्स्य पुराण, २१७,७

१५. सर्वेण तु प्रयत्नेन गिरिदुर्ग समाश्रयेत।
एषांहि वहुगुण्येन गिरिदुर्ग विशिष्यते।।
मनुस्मृति, अ० ७, श्लो० ७

१६. परिखादैरिणं श्रेष्ठं पारिखं तु ततो वनम्।
ततो धन्वजलं तस्माद् गिरिदुर्ग ततः स्मृतम्।
शुक्रनीति, अ० ४, प्र० ६, श्लो० ६.

१७. सर्वेषामेव दुर्गाणां पार्वतीयं प्रशस्यते।
समरांगण सूत्रधार, अ० ४५, श्लो० ४०,

कनिघम, आ० स० रि०, भाग 2 से साभार

प्राचीन भारतीय दुर्गों में परिखा, वप्र-प्राकार, अट्टालक, गोपुर-प्रतोली, कपिशीर्षक आदि अनेक अंगों का विकास हुआ। इनका विस्तृत विवरण कौटिल्य के अर्थशास्त्र में प्रस्तुत किया गया है। साथ ही अन्य विविध धार्मिक, राजनैतिक एवं वास्तुशास्त्रीय ग्रन्थों में भी उनका उल्लेख मिलता है। यहाँ पर शास्त्रीय आधार पर दुर्ग के प्रमुख अंगों का विवेचन करते हुए यथास्थान उनका तादात्म्य पुरातात्विक साक्ष्यों से भी स्थापित करने का प्रयास किया गया है तथा उसी पृष्ठभूमि में ग्वालियर दुर्ग के अंगों की रचना एवं तिथि आदि पर भी प्रकाश डाला गया है।

परिखा

प्राचीनकाल में नगर अथवा दुर्ग की सुरक्षा के किए उसके चारों ओर एक चौड़ी और अपेक्षाकृत कुछ गहरी परिखा या खाई खोदकर, उसमें जल भर दिया जाता था, ताकि शत्रु आसानी से उसे लांघकर दुर्ग में प्रवेश न कर सके। नगर या दुर्ग के चारों ओर सामान्यतः एक परिखा निर्मित की जाती थी, किन्तु आवश्यकता पड़ने पर दो-तीन या इससे भी अधिक परिखाओं का विधान किया गया है।[१८] भारत में परिखाओं के प्राचीन उदाहरण एरण, कौशाम्बी, वैशाली आदि स्थलों के उत्खनन से प्राप्त हुए हैं।[१९] मध्यकालीन दुर्ग में परिखा के उदाहरण आगरे के लाल किले, दिल्ली के पुराने किले तथा भरतपुर के डींग आदि के किलों में भी दर्शनीय हैं।

ग्वालियर दुर्ग में परिखा का निर्माण नहीं किया गया है, क्योंकि यह दुर्ग अत्यधिक ऊँची (लगभग १०० मी०) पहाड़ी पर स्थित है और उसे सुरक्षा की दृष्टि से एक सुदृढ़ प्राचीर द्वारा घेरा गया है। इस प्रकार यह स्वयमेव इतना दुर्गम है कि कोई शत्रु आसानी से इस पर नहीं पहुँच सकता। अतः ऐसा प्रतीत होता है कि इसे और अधिक सुरक्षित करने के लिए इसमें परिखा-निर्माण की आवश्यकता नहीं समझी गयी।

वप्र-प्राकार

कौटिल्य के अनुसार परिखा से चार दण्ड (२४ फुट) की दूरी पर वप्र का निर्माण किया जाना चाहिए। इसकी ऊँचाई छः दण्ड (३६ फुट) तथा आधार की चौड़ाई ऊपर के भाग से दुगुनी हो। इसके निर्माण में उसी मिट्टी को प्रयोग में लाना चाहिए जो परिखा का उत्खनन करते समय बाहर निकाली गयी हो।[२०] इस प्रकार परिखाओं का उत्खनन और वप्रभूमि का निर्माण एक संयुक्त कार्य है। वप्र के ऊपर सम अथवा विषम संख्याओं में एक या उससे अधिक प्राकारों का निर्माण किया जाना चाहिए । प्राकार का ऊपरी भाग इतना चौड़ा होना चाहिए कि उस पर एक रथ आसानी से चलाया जा सके।[२१]

भारत में रक्षा-प्राचीर के प्राचीनतम उदाहरण संभवतः कुल्ली संस्कृति, टोजी और मजेरा दम्ब नामक स्थलों से प्राप्त हुए हैं।[२२] कोटदीजी से भी पूर्व हड़प्पा कालीन रक्षा-प्राचीर के अवशेष

१८.विस्तृत विवरण हेतु द्रष्टव्य, डॉ० अमर सिंह, प्राचीन भारतीय दुर्ग स्थापत्य, पृ० १७-१८

१९. इ० आ० रि०, १९६२-६३, पृ ११; १९५८-५९, पृ० १२; शर्मा, जी० आर०, द एक्सकेवेशन एट कोशाम्बी (१९५७-५९), पृ० २४-२५, ३८-३९

२०. अर्थ०, अधि० २, अ० ३, प्र० २१

२१. अर्थ०, अधि० २, अ० ३, प्र० २१

२२. थप्ल्याल, किरणकुमार तथा शुक्ल संकटा प्रसाद, सिन्धु सभ्यता, लखनऊ

प्रकाश में आये हैं। यहाँ प्राचीर का आधार (वप्र), पाषाण खण्डों से निर्मित करके उसके ऊपर कच्ची ईटों का प्रयोग किया गया है।[२३] सिन्धु सभ्यता के प्राचीन नगर हड़प्पा में गढ़ी की सुरक्षा के लिए २५ फ़ुट चौड़े वप्र के ऊपर एक सुदृढ़ प्राचीर का निर्माण किया गया था। [२४] इसी प्रकार मोहन-जोदड़ो, अलीमुराद तथा कालीबंगा आदि से भी सुरक्षा-प्राचीर के अवशेष उपलब्ध हुए हैं।[२५]

सागर (म० प्र०), राजघाट (वाराणसी, उ० प्र०) और कौशाम्बी (इलाहाबाद, उ० प्र०) के उत्खननों से लगभग छठीं शताब्दी ई० पू० या इससे पूर्व में निर्मित रक्षा-प्राचीर के अवशेष प्रकाश में आये हैं।[२६] इसी प्रकार वैशाली (राजा विसल का गढ़, मुजफ्फरनगर, बिहार) और बलिराजगढ़ (दरभंगा, बिहार) के उत्खनन से भी दूसरी श० ई० पू० में निर्मित प्राचीरें प्रकाश में आयी हैं।[२७] मेगस्थनीज के विवरणों से पता चलता है कि पालिबोथ्रा (पाटलिपुत्र) के चारों ओर एक लकड़ी की प्राचीर थी। इसका निर्माण लकड़ी के लट्ठों से किया गया था।[२८] इस बात की पुष्टि बुलन्दीबाग के उत्खनन से भी होती है।[२९]

ग्वालियर दुर्ग को सर्वप्रथम वप्र-प्राकार से कब सन्निवेष्टित किया गया, उपयुक्त साक्ष्यों के अभाव में निश्चय पूर्वक कुछ भी नहीं कहा जा सकता। चतुर्भुज मन्दिर के वि० सं० ९३३ (८७६ ई०) के अभिलेख में अल्ल को 'गोपाद्रि' (ग्वालियर) का 'कोट्टपाल' कहा गया है। इससे स्पष्ट है कि ८७६ ई० तक इस पहाड़ी को एक दुर्ग का स्वरूप अवश्य प्राप्त हो चुका था। इसी अभिलेख में चतुर्भुज मन्दिर को भोजदेव की 'प्रतोली' के नीचे स्थित बतलाया गया है। 'प्रतोली' का अर्थ 'प्रवेशद्वार' या 'गोपुर' लेने पर यह अनुमान किया जा सकता है कि इस प्रवेश-द्वार का निर्माण दुर्ग को प्राचीर से घेरने के उपरान्त ही किया गया होगा। इससे स्पष्ट है कि गुर्जर प्रतिहार शासक मिहिर भोज के समय (८३६ ई०-८८५ ई०) तक ग्वालियर दुर्ग को प्राचीर से अवश्य सन्निवेष्टित कर दिया गया होगा। तभी उसमें प्रवेश के लिए भोजदेव की प्रतोली का निर्माण किया गया होगा। इसकी पहचान 'हथिया पौर' से की जाती है।[३०] इसके साथ पहाड़ी के ऊपरी समतल भू-भाग के चारों ओर आवश्यकतानुसार ५ मी० से १० मी० तक ऊँची तथा २ मी० से ३ मी० तक चौड़ी प्राचीर का निर्माण किया गया है। जहाँ पर पहाड़ी की ऊँचाई कम है और उसकी ढलान शत्रु द्वारा आसानी से चढ़ने योग्य है, वहाँ प्राचीर को अधिक ऊँचा और सुदृढ़ बनाया गया है । इसके निर्माण के लिए बड़े-बड़े पाषाण-खण्डों को एक दूसरे के ऊपर रखकर 'भार और संतुलन' विधि से जोड़ा गया है। इस

---

२३. ह्वीलर, आर० ई० एम०, द इण्डस सिविलाइजेशसन, कैम्ब्रिज, १९६८, पृ० २१

२४. वही, पृ० ३०

२५. वही, पृ० ४०; इण्डियन आर्क्योलाजी - ए रिब्यू, १९६३-६४, पृ० ३१; १९६८-६९, पृ २९; १९६७-६८, पृ० ४४

२६. इण्डियन आर्क्योलाजी - ए रिब्यू, १९६२-६३, पृ० ११; १९६०-६१, पृ० ३७; शर्मा, जी० आर०, वही, पृ० २४-२५, ३८-४१

२७. इण्डियन आर्क्योलाजी-ए रिब्यू, १९५८-५९, पृ० १२; १९६२-६३, पृ० ५

२८. दत्त, बी० बी०, टाउन प्लानिंग इन ऐंशिएण्ट इण्डिया, पृ० ३२३

२९. आ० स० इ०, वार्षिक रिपोर्ट, १९१२-१३, पृ० ७६

३०. द्विवेदी, हरिहर निवास, ग्वालियर सौन्दर्य और सांस्कृतिक वैभव की परम्परा, अन्वेषिका, नगर पालिका निगम, संग्रहालय, ग्वालियर, १९८३, पृ० ५५

प्रकार से निर्मित मुख्य प्राचीर के साथ सबसे ऊपर हथिया पौर स्थित है। इसके पश्चात् क्रमशः लक्ष्मण द्वार, गणेश द्वार और भैरों द्वार को पुनः एक-एक प्राचीर से सन्निवेष्टित किया गया है। लक्ष्मण द्वार और भैरोंद्वार के निर्माण का श्रेय कच्छपघात शासकों को दिया जाता है। अतः हथिया पौर से भैरोंद्वार तक की प्राचीरों का निर्माण इन प्रवेश-द्वारों के साथ ही कच्छपघातों के शासन-काल (लगभग ११वीं श० ई०) में किया गया होगा ।

मुसलमानों के आक्रमण के समय तक पश्चिम की ओर की उरवा घाटी असुरक्षित थी। १२३२ ई० में ग्वालियर दुर्ग पर अधिकार कर लेने के पश्चात् इल्तुतमिश ने इसके मुहाने पर २०० मीटर लम्बी, १२ मी० चौड़ी और १२ मी० ऊँची प्राचीर का निर्माण करवा दिया था ताकि भविष्य में होने वाले आक्रमणों से घाटी के जलाशयों की रक्षा की जा सके।[३१]

तोमरों के शासनकाल में ग्वालियर दुर्ग को सुदृढ़ करने के लिए अनेकों निर्माण कार्य किये गये। इस समय पूर्व में स्थित बादलगढ़ के भवनों तथा गुजरी महल आदि को सुरक्षा की दृष्टि से गणेश पौर से लेकर आलमगीरी गेट तक एक सुरक्षा प्राचीर से इस प्रकार घेरा गया है कि यह न केवल बादलगढ़ के भवनों को अपितु उसके ऊपर स्थित अन्य सभी प्रवेश-द्वारों को भी सुरक्षा प्रदान करती है। इसके निर्माण का श्रेय राजा मानसिंह के चाचा बादलसिंह (लगभग १४७९-१५१६ ई०) को दिया जाता है।[३२]

अट्टालक

कौटिल्य के अनुसार प्राकार की लम्बाई, चौड़ाई एवं ऊँचाई के बराबर अट्टालकों का निर्माण किया जाना चाहिए तथा उसकी ऊँचाई के अनुपात से उस पर सीढ़ियाँ भी बनवानी चाहिए।[३३] दो अट्टालकों के बीच की दूरी तीस दण्ड (१८० फुट) होनी चाहिए।[३४] समरांगणसूत्रधार का उल्लेख है कि प्राकार के ऊपर चारों दिशाओं के कर्णो पर तथा प्रवेश-द्वार के कर्णो पर अट्टालकों का निर्माण किया जाना चाहिए। दो अट्टालकों के बीच की दूरी सौ हाथ (१५० फुट) हो तथा उनका आकार द्विभौमिक होना चाहिए।[३५]

प्राचीन स्थलों के उत्खनन से ज्ञात होता है कि हड़प्पाकालीन नगरों की रक्षा-प्राचीर के ऊपर थोड़ी-थोड़ी दूर पर बुर्जियों (अट्टालकों) की रचना की जाती थी।[३६] मेगस्थनीज के विवरणों के अनुसार पाटलिपुत्र नगर में रक्षा-प्राचीर के साथ ५७० बुर्ज (अट्टालक) निर्मित किए गये थे। कौशाम्बी के उत्खनन से छठीं श० ई० पू० में निर्मित दुर्ग के जो अवशेष प्रकाश में आये हैं, उसमें लगभग

---

३१. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ० ३३२

३२. वही, पृ० ३३२

३३. विष्कम्भचतुरश्रमट्टालकमुत्सेधसमावक्षेपसोपानं कारयेत्।
अर्थ० अधि० २, अ० ३, प्र० २१

३४. त्रिशद्दाण्डन्तरं च
अर्थ०, अधि० २, अ० ३, पृ० २१

३५. समराङ्गण०, अ० १०, श्लो० ३१-३३

३६. ह्वीलर, आर० ई० एम०, अर्ली इण्डिया एण्ड पाकिस्तान, पृ० १०६ -१०७; द इण्डस सिविलाइजेशन, पृ ३०

३५ फुट ऊँची प्राचीर के साथ ७०-७५ फुट ऊँचे अट्टालकों का भी निर्माण किया गया था।[३७] रामायण के अनेक उद्धरणों से ज्ञात होता है कि अयोध्या, किष्किन्धा, लंका आदि नगरों में रक्षा-प्राचीरों के ऊपर बुर्ज (अट्टालक) बनते थे। इनके ऊपर से शत्रुओं की गतिविधियों का निरीक्षण किया जा सकता था।[३८] इस प्रकार दुर्ग-प्राचीर के साथ अट्टालकों का प्रादुर्भाव अति प्राचीनकाल में ही हो चुका था जो कालान्तर में दुर्ग स्थापत्यकला का एक आवश्यक अंग बन गया।

ग्वालियर दुर्ग में प्राचीर के ऊपर सभी दिशाओं में अट्टालकों के स्थान पर गुम्बदाकार बुर्जियों का निर्माण किया गया है। पूर्वी प्राचीर में राजा मानसिंह के महल की पूर्वी दीवार के साथ-साथ छः वृत्ताकार अट्टालकों की रचना की गयी है (चित्र सं० १)। इनकी ऊँचाई लगभग ३० मी० तथा एक दूसरे से परस्पर दूरी लगभग १५ मी० है। इनके शीर्ष भाग गुम्बदाकार बुर्जियों से सुशोभित हैं। इसी प्रकार की अट्टालकों का निर्माण हथिया पौर तथा हिंडोला पौर के कर्णों पर भी किया गया है (चित्र सं० २, ४)

प्रवेश-द्वार या गोपुर (प्रतोली)

प्राचीनकाल में नगर, दुर्ग अथवा मन्दिरों की रक्षा के लिए, उन्हें एक प्राचीर द्वारा घेरकर उसमें आवागमन के लिए प्रवेश-द्वार अथवा गोपुर निर्मित किए जाते थे। सामान्यतः प्राचीर के साथ चारों दिशाओं में एक-एक प्रवेश-द्वार बनाये जाते थे। लंकापुरी चार विशालकाय द्वारों से युक्त थी, जिनमें सुदृढ़ फाटक एवं मोटी-मोटी अर्गलाएँ लगी हुई थीं।[३९] किन्तु कभी-कभी चार से अधिक द्वारों का उल्लेख भी मिलता है। मेगस्थनीज के विवरणों से ज्ञात होता है कि पाटलिपुत्र की प्राचीर ६४ द्वारों से युक्त थी।[४०]

रामायण, महाभारत, अर्थशास्त्र, मयमत तथा मानसार आदि ग्रन्थों में प्रवेश-द्वार के लिए 'गोपुर' शब्द का प्रयोग हुआ है।[४१] हैवेल का मत है कि गोपुर शब्द की व्युत्पत्ति 'गो' (गाय) तथा 'पुर' (नगर अथवा दुर्ग), इन दो शब्दों को मिलाकर हुई है।[४२] शब्दकल्पद्रुम के अनुसार यह 'गुप' (रक्षणे) धातु से निष्पन्न हुआ है, जिसका अर्थ है 'रक्षा करना'।[४३]

कौटिल्य के अर्थशास्त्र में कहा गया है कि दो अट्टालकों के मध्य 'प्रतोली' का निर्माण किया जाना चाहिए जिसकी लम्बाई, चौड़ाई की ढाई गुनी हो।[४४] प्रतोली शब्द का उल्लेख रामायण, महाभारत, कौटिल्य के अर्थशास्त्र, हर्षचरित, समरांगणसूत्रधार, पृथ्वीचन्द्र चरित, प्रभावक

---

३७. शर्मा, जी० आर०, द एक्सकेवेसन एट कौशाम्बी, पृ० ३८-३९

३८. भट्टाचार्य, तारापद, ए स्टडी आन वास्तुविद्या, पृ० ३७-३८

३९. दृढ़बद्धकपाटानि महापारिधवन्ति च।
चत्वारि विपुलान्यस्या द्वाराणि सुमहान्ति च ॥
रामायण, युद्धकाण्ड, सर्ग ३, श्लो ११

४०. दत्त, बी० बी०, टाउन प्लानिंग इन एंशिएन्ट इण्डिया, पृ० १४५

४१. आचार्य, पी० के० ए डिक्सनरी आफ हिन्दू आर्कीटेक्चर, पृ० १७४-१७५.

४२. हेवेल, ई० बी०, द ऐन्शिएन्ट एण्ड मेडिवल आर्कीटेक्चर आफ इण्डिया, नई दिल्ली, १९७२, पृ० ३१-३२.

४३. शब्द०, वाराणसी, १९६१.

४४. द्वयोरट्टालक्योर्मध्ये सहर्म्यद्वितलां द्वयर्धायामां प्रतोली कारयेत् । अर्थ०, अधि० २, अ०३, प्र० २१.

चरित तथा सरित् सागर आदि ग्रन्थों भी मिलता है।[४५] इसके अतिरिक्त कुमारगुप्त प्रथम के विलसढ़ पाषाण स्तम्भ लेख तथा पृथ्वीराज के हन्सो अभिलेख में भी यह शब्द आया है।[४६] इन सभी साहित्यिक एवं अभिलेखीय उद्धरणों के अध्ययन से इतना स्पष्ट हो जाता है कि 'प्रतोली' का सम्बन्ध दुर्ग स्थापत्य से था, जिसका निर्माण प्राकार के साथ किया जाता था।[४७] कालान्तर में इसका सम्बन्ध मन्दिर तथा प्रासाद-वास्तु से भी स्थापित हो गया ।[४८]

समरांगणसूत्रधार, अपराजितपृच्छा तथा जयपृच्छा आदि वास्तुशास्त्रीय ग्रन्थों में भी 'प्रतोली' की रचना का उल्लेख हुआ है। इन ग्रन्थों का सम्मिलित रूप से अध्ययन करने पर प्रतोली का जो स्वरूप हमारे समक्ष उपस्थित होता है, उससे ज्ञात होता है कि इसकी रचना प्रवेश-द्वारों में दो अट्टालकों के मध्य स्तम्भ, तोरण और भारपट्टों के संयोग से की जाती थी (चित्र सं० २)। इसके निर्माण का उद्देश्य प्रवेश-द्वारों को अलंकृत करना तथा उन्हें सुदृढ़ता प्रदान करना था। प्रवेश-द्वारों के साथ प्रतोली के संयोजन से उनकी शोभा में अभूतपूर्व वृद्धि हो जाती थी। इस प्रकार प्रारम्भ में 'प्रतोली' प्रवेश-द्वारों का एक अंग थी, किन्तु कालान्तर में यह शब्द प्रवेश-द्वार का पर्यायवाची बन गया।

ग्वालियर दुर्ग में 'प्रतोली' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम हमें चतुर्भुज मन्दिर के एक अभिलेख (८७६ ई०) में मिलता है, जिसमें इस मन्दिर को भोजदेव की प्रतोली के नीचे स्थित बतलाया गया है।[४९] यह प्रतोली हथिया पौर रही होगी, क्योंकि चतुर्भुज मन्दिर उसके ही नीचे स्थित है। यहाँ पर 'प्रतोली' शब्द का प्रयोग संभवतः प्रवेश-द्वार के ही अर्थ में हुआ है। इसके अतिरिक्त हथियापौर, गणेशपौर, भैरोपौर,धोन्धापौर आदि प्रवेश-द्वारों के नामों के अन्त में 'पौर' (पौरी या प्रतोली) शब्द आया है। स्पष्टतः यहाँ यह प्रवेश-द्वार के अर्थ में ही प्रयुक्त हुआ है।

ग्वालियर दुर्ग में आवागमन की सुविधा के लिए चार मार्ग निर्मित किए गये हैं। इनमें से एक मार्ग पूर्व की ओर, दो पश्चिम की ओर तथा एक दक्षिण की ओर है। वर्तमान समय में पूर्व की ओर का 'ग्वालियर गेट' तथा पश्चिम की ओर का 'उरवाही गेट' खुले हैं। शेष को सुरक्षा की दृष्टि से बन्द कर दिया गया है। इन मार्गों में स्थान-स्थान पर प्रवेश-द्वार बनाये गये हैं।

पूर्वी मार्ग की लम्बाई लगभग ७६० मी० है। इस पर पहले सीढ़ियाँ बनी थीं। बाद में उन्हें तोड़कर ढालू बना दिया गया है।[५०] इस मार्ग को सुरक्षित करने के लिए छः प्रवेश-द्वार बनाये गये हैं :-

---

४५. रामायण (५, २, १७; ६, ७५, ६); महाभारत (१२, ६९, ५२-५३); अर्थ० (२, ३,); अग्रवाल, वी० एस० हर्षचरितः-एक सांस्कृतिक अध्ययन, पृ०२१५; समरांगण० (१०,३८); प्राचीन गुर्जर काव्यसंग्रह (सं० श्री सी० डी० दलाल); बड़ोदा सेन्ट्रल लाइब्रेरी, १९२०, पृ०९४; प्रभावक चरित (४, ७२, ३२); कथासरितसागर (४२, १२४)

४६. फ्लीट, जे० एफ०, कार्पस इन्स्क्रिप्सन इण्डिकेरम, भाग ३, पृ० ४५ तथा इ० ए० भाग XLI, पृ० १७, १९

४७. श्रीवास्तव, ए० एल०, भारतीय विद्या, भाग ३२, १९२७२, पृ १-६

४८. वही

४९. ए० इ०, जिल्द १, पृ० १५९

५०. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ० ३३३

१. हथिया पौर
२. लक्ष्मण पौर
३. गणेश पौर
४. भैरों पौर
५. बादलगढ़ या हिन्डोला पौर
६. आलमगीरी पौर

हथिया पौर (चित्र सं० २)

दुर्ग में प्रवेश करने के लिए पूर्वी मार्ग पर सबसे ऊपरी प्रवेश-द्वार हथिया पौर है। मुख्य प्राचीर के साथ इसका निर्माण मान-मन्दिर के दक्षिणी-पूर्वी भाग में इस संयोजन के साथ किया गया है कि यह राजा मानसिंह के महल (मान-मन्दिर) का अंग प्रतीत होता है और उसकी भव्यता और विशालता के साथ ही यह द्वार भी अपनी अपूर्व छटा विखेरता है।

इसके नामकरण के सम्बन्ध में ऐसा कहा जाता है कि किसी समय प्रवेश-द्वार के सामने हाथी की एक विशाल पाषाण-प्रतिमा स्थित थी, जिसके कारण इसे 'हथिया पौर' कहा जाने लगा। इस हाथी की मूर्ति को इब्न बतूता ने सन् १३४२ ई० में देखा था। उसके अनुसार "किले के द्वार पर महावत से युक्त हाथी की एक पाषाण-प्रतिमाा स्थित है।"[५१] इसके पश्चात् सन् १५२७ ई० में ग्वालियर दुर्ग का निरीक्षण करते समय बाबर का ध्यान भी इस मूर्ति की ओर गया था। उसने इसका उल्लेख करते हुए लिखा है, "पूर्वी दिशा के बुर्ज की ओर हाथी पुल (हथिया पौर) है। पील को यहाँ हाथी कहा जाता है और द्वार को पुल (पौर)। इसके फाटक पर एक हाथी की दो महावतों सहित मूर्ति रखी हुई है। हाथी की मूर्ति हाथी के समान ही दृष्टिगत होती है। इसके कारण इस द्वार को हाती पुल (हथिया पौर) कहा जाता है।[५२] विलियम फिन्च ने इसे अन्तिम बार सन् १६१० ई० में देखा था।[५३] ऐसा प्रतीत होता है कि कालान्तर में मुगल गवर्नर मुजफ्फर खॉं (१६२८-४७ ई०) अथवा मुतैमिद खाँ (१६५८-१७०७ ई०) द्वारा इस मूर्ति को यहाँ से हटवा दिया गया, क्योंकि इनके समय में दुर्ग पर इस प्रकार के अनेकों परिवर्तन करवाये गये थे।

इब्न बतूता के उपरोक्त साक्ष्य से स्पष्ट है कि हथिया पौर तथा उसके सामने स्थित हाथी की मूर्ति का निर्माण १३४२ ई० अर्थात् दुर्ग पर तोमरों का शासन स्थापित होने से पहले ही किसी समय हो चुका था। किन्तु निश्चित साक्ष्यों के अभाव में यह कह सकना कठिन है कि उक्त निर्माण कब और किसने करवाया था। चतुर्भुज मन्दिर के वि० सं० ९३३ (८७६ ई०) के अभिलेख में मन्दिर को भोजदेव की प्रतोली के नीचे स्थित बतलाया गया है।[५४] यदि 'प्रतोली' का तात्पर्य प्रवेश-द्वार से लें तो यह प्रतोली हथिया पौर हो सकती है, क्योंकि चतुर्भुज मन्दिर इसके ही नीचे स्थित है। इसके अतिरिक्त चूँकि अभिलेख में इसे भोजदेव की प्रतोली कहा गया है, अतः बहुत संभावना है कि इसका निर्माण कार्य भी सर्वप्रथम गुर्जर-प्रतिहार शासक मिहिर भोज (८३६-८८५ ई०) ने ही करवाया हो और कालान्तर में मान-मन्दिर के निर्माण के समय इसे भी उसकी योजना में सम्मिलित कर लिया गया हो।

---

५१. द रेहला आफ इब्न बतूता (अनु० महदी हुसेन), ओरियन्टल इन्सटीट्यूट, बड़ोदा, १९५३, पृ० ४५, १६३
५२. बाबर-नामा (अनु० ए० एस० बेवेरिज़), नई दिल्ली, १९७०, पृ० ६०९
५३. नाथ, आर०, हिस्ट्री आफ मुगल आर्किटेक्चर, भाग १, नई दिल्ली, १९८२, पृ० ४८
५४. 'श्री भोजदेवप्रतोल्यावतारे' ए०इ०, भाग १, पृ० १५९

इस बात की पुष्टि हथिया पौर की वास्तुगत विशेषताओं का अध्ययन करने पर भी हो जाती है। द्वार के भित्ति-स्तम्भों के अलंकरण तथा तोरण, भारपट्ट और अट्टालकों आदि की अलंकरण शैली में पर्याप्त असमानता है। भित्ति-स्तम्भों में उत्कीर्ण कीर्तिमुख, चक्रवाक, पद्म, अर्धपद्म आदि (चित्र सं० ३) गुर्जर-प्रतिहार कालीन प्रतीत होते हैं और उनकी साम्यता तेली मन्दिर के गर्भगृह में स्थित भित्तिस्तम्भों पर अंकित उच्चित्रों (चित्र सं० ११) से की जा सकती है, किन्तु तोरण, अट्टालकों तथा द्वितीय तल की रचना व अलंकरण मान-मन्दिर (१४८६-१५१६ ई०) के समकालीन है।

इस प्रकार उपरोक्त साक्ष्यों से ऐसा प्रकट होता है कि हथिया पौर का निर्माण दो विभिन्न कालों में किया गया। पहली बार इसे गुर्जर-प्रतिहार काल में निर्मित किया गया, जिसके अब केवल भित्ति-स्तम्भ मात्र शेष बचे हैं। उस समय इसे भोजदेव की प्रतोली कहा जाता था। उसके पश्चात् दूसरी बार इसके वर्तमान स्वरूप का निर्माण राजा मानसिंह के शासन काल (१४८६-१५१६ ई०) में मान-मन्दिर के साथ किया गया, जिसमें तोरण, भारपट्ट, वितान और अट्टालकों आदि की रचना की गयी। ऐसा प्रतीत होता है कि मान-मन्दिर के निर्माण के समय हथिया पौर के प्राचीन स्वरूप को भी उसकी योजना में सम्मिलित कर लिया गया और नवीन संशोधनों एवं अलंकरणों के साथ उसे इस ढंग से सजाकर प्रस्तुत किया गया है कि वह वर्तमान समय में मान-मन्दिर का ही एक अंग दिखलाई पड़ता है।

हथिया पौर की रचना द्विभौमिक है। प्रथम तल में प्रवेश-द्वार तथा द्वितीय तल में दुर्ग-रक्षकों के लिए प्रकोष्ठ बने हैं। दोनों तलों की ऊँचाई १६ मी० है। प्रवेश-द्वार की लम्बाई ५.३० मी०, चौड़ाई ६.८० मी० तथा ऊँचाई ८ मी० है। सुदृढ़ता प्रदान करने के लिए दोनों पार्श्वों में चार-चार भित्ति-स्तम्भ लगाये गये हैं। उनके ऊपरी भाग में कीर्तिमुख, चक्रवाक, मांगल्य विहग, पद्म, अर्धपद्म तथा अन्य अलंकरण उच्चित्रित हैं (चित्र सं० ३)। स्तम्भों के ऊपर फुल्लियों तथा अन्य शोभांकनों से सुशोभित स्तम्भ-शीर्ष और तोड़े हैं, जिनके ऊपर सादा भारपट्ट स्थित है। तोरण को आमलक और पुष्पों से गुथी हुई दो अर्ध-चन्द्राकार पंक्तियों तथा सादी पट्टियों से सजाया गया है। उसके दोनों पार्श्वों में दो मूषाएं (खिड़कियां) हैं। प्रवेश-द्वार के कर्णों पर दो अट्टालक सुशोभित हैं। इनमें से प्रत्येक की ऊँचाई ३१ मी० है। मध्य भाग तक इन्हें थोड़े-थोड़े अन्तराल पर भूमि-आमलक जैसी मेखला से अलंकृत किया गया है। उसके ऊपर रंगीन टाइलों से सज्जित मकर-मुख, पेंचदार गोल स्तम्भों पर लहरदार मदला (तोरणावलि), तोड़ों पर छाद्य और सबसे ऊपर आठ-आठ स्तम्भों पर आधारित गुम्बदाकार बुर्जियों की शोभा दर्शनीय है (चित्र सं० २)

२. लक्ष्मण पौर

यह प्रवेश द्वार हथिया पौर के नीचे स्थित है। इसका निर्माण हथिया पौर को और अधिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए किया गया था। नाम के आधार पर एक विद्वान का अनुमान है कि इसका निर्माण ग्वालियर के तोमर वंश के संस्थापक राजा वीरसिंह देव के पुत्र लक्ष्मण सिंह ने करवाया था।[५५] यह द्वार तोमरों के शासनकाल में अवश्य विद्यमान था, क्योंकि इसके लकड़ी के फाटक पर १४८५

---

५५. द्विवेदी, हरिहर निवास, ग्वालियर के तोमर, पृ० ३४६

ई० का एक लेख अंकित था, जिसमें एक छोटे से तालाब का भी उल्लेख था।[५६] किन्तु एक किंवदन्ती के आधार पर फजलअली ने इस द्वार के निर्माण का श्रेय कच्छपघात वंश के १७वें शासक लक्ष्मणपाल को दिया है।[५७] कनिंघम का विचार है कि इसे कच्छपघात शासक वज्रदामन ने ग्वालियर दुर्ग पर अधिकार कर लेने के पश्चात लगभग ९७० ई० में बनवाया होगा और अपने पिता लक्ष्मण के नाम पर इसका नामकरण किया होगा।[५८]

लक्ष्मण पौर में चार अलंकृत स्तम्भों के ऊपरी भाग को कपिशीर्षकों से सुशोभित किया गया है। द्वार की सम्पूर्ण ऊँचाई ८.२० मी०, चौड़ाई ५.३० मी०, लम्बाई ३.६० मी० तथा निकास की ऊँचाई ६.०० मी० है। स्तम्भों पर उत्कीर्ण कीर्तिमुख, पद्म तथा अन्य अलंकरणों की चित्रण शैली के आधार पर इसे १०वीं शताब्दी में रखा जा सकता है। इस प्रकार संभवतः यह प्रवेश-द्वार तोमरों के पूर्व कच्छपघातों के शासनकाल में ही बनकर तैयार हो गया था।

३. गणेश पौर

यह प्रवेश-द्वार (चित्र सं० ५) लक्ष्मण पौर के नीचे स्थित है। दुर्ग को और अधिक सुरक्षित करने के लिए इसका निर्माण राजा डँगर सिंह या डँगरेन्द्र सिंह (१४२५-१४५९ ई०) ने करवाया और अपने पिता गणपतिदेव (गणेश) के नाम पर इसका नामकरण किया।[५९] इसकी रचना अत्यन्त साधारण है। चार स्तम्भों पर भारपट्टों को रखकर उन्हें कपिशीर्षकों से अलंकृत किया गया है। इसमें उत्तर की ओर नुकीली मेहराब तथा दक्षिण की ओर तोड़ेदार मेहराब निर्मित की गई है। द्वार की सम्पूर्ण ऊँचाई ६ मी०, ल० ४.३० मी०, चौ० ३.६० मी० तथा निकास की ऊँचाई ४.६० मी० है।

४. भैरों पौर

यह द्वार अब पूर्णतः नष्ट हो चुका है। रास्ते के दोनों ओर केवल दो चबूतरों के अवशेष बचे हैं। सम्भवतः इन्हीं के ऊपर द्वार के अट्टालकों और स्तम्भों को निर्मित किया गया होगा। कनिंघम ने इसे पूर्णावस्था में देखा था। उनके अनुसार भैरों पौर की निर्माण शैली निश्चयपूर्वक प्राचीन थी।[६०] इसके एक पक्खे में छोटा अभिलेख भी था, जिसमें सं०१५४२ (१४८५ ई०) तिथि अंकित थी।[६१] किन्तु अब वह नष्ट हो गयी है। शाहजहाँ के समकालीन दरबारी कवि खड्गराय के अनुसार इस द्वार को ग्वालियर के कच्छपघात शासक भैरोंपाल ने बनवाया था।[६२] इस सम्बन्ध में इतना अवश्य कहा जा सकता है, कि भैरों पौर की रचना बादलगढ़ के भवनों के पूर्व की गयी होगी, क्योंकि यहीं से पहाड़ी की ढलान शुरू होती है और जब बादलगढ़ के भवनों तथा प्रवेश-द्वार का निर्माण नहीं किया गया

---

५६. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ० ३३६
५७. वही
५८. वही
५९. द्विवेदी, हरिहर निवास, ग्वालियर के तोमर, पृ० ३३६
६०. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ० ३३४
६१. वही
६२. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ० ३३४

होगा, तब ऊपर के सभी द्वारों की रक्षा के लिए इस स्थान पर एक सुदृढ़ द्वार निर्मित करने की आवश्यकता अवश्य पड़ी होगी।

५. बादलगढ़ पौर या हिण्डोला पौर

पूर्व दिशा में ही पहाड़ी के नीचे के समतल भू-भाग में कुछ भवनों का निर्माण राजा कल्याण मल्ल के भाई तथा राजा मानसिंह के चाचा बादल सिंह द्वार करवाया गया था, जिन्हें 'बादलगढ़' के नाम से अभिहित किया जाता है।[६३] इनकी सुरक्षा के लिए इन्हें कपिशीर्षकों से युक्त एक सुदृढ़ प्राचीर द्वार घेरा गया है तथा प्राचीर के साथ एक प्रवेश-द्वार भी निर्मित किया गया है, जिसे 'बादलगढ़' द्वार कहते हैं। किसी समय इस द्वार के ठीक बाहर एक 'हिण्डोल' या झूला पड़ा हुआ था, जिसके कारण आजकल यह 'हिण्डोला पौर' के नाम से भी प्रसिद्ध है।[६४]

बादलगढ़ पौर की रचना द्विभौमिक है (चित्र सं० ४)। नीचे चार स्तम्भों के ऊपर अलंकृत तोरण है तथा उसके ऊपर दुर्ग रक्षकों एवं सैनिकों के लिए प्रकोष्ठ बने हैं। द्वार के दोनों कर्णो पर दो अट्टालिकाएँ सुशोभित हैं। उनके पार्श्व भागों को बड़ी-बड़ी कमल फुल्लियों से अलंकृत किया गया है। द्वार की सम्पूर्ण ऊँचाई ६ मी०, लम्बाई ३.६५ मी०, चौड़ाई ४.७५ मी० तथा निकास की ऊँचाई ४.२० मी० है। स्थापत्य कला की दृष्टि से यह द्वार विशुद्ध हिन्दू शैली में निर्मित है। हथिया पौर, मानसिंह के महलों और हिण्डोला पौर की स्थापत्य कला में पर्याप्त समानता दिखलाई पड़ती है। इस आधार पर यह कहा जा सकता है कि इसे या तो राजा कल्याण मल्ल अथवा राजा मानसिंह के शासनकाल में संभवतः १४७९ तथा १५१६ ई० के मध्य किसी समय निर्मित किया गया होगा। हिण्डोला पौर तथा उससे जुड़ी हुई प्राचीर को इस ढंग से घेरकर बनाया गया है कि वे बादलगढ़ के साथ-साथ ऊपर के सभी द्वारों को भी सुरक्षा प्रदान करते हैं।

६. आलमगीरी पौर

यह प्रवेश-द्वार पहाड़ी के सबसे निचले भाग में बादलगढ़ पौर को घेरने वाली प्राचीर के साथ निर्मित किया गया है। इसका उद्देश्य सम्भवतः बादलगढ़ को और अधिक सुरक्षा प्रदान करना था। द्वार का निर्माण ग्वालियर के गवर्नर मुतैमिद खाँ द्वारा १६६० ई० में किया गया तथा तत्कालीन मुगल सम्राट औरंगजेब 'आलमगीरी' के नाम पर इसे 'आलमगीरी पौर' नाम से सम्बोधित किया गया।[६५] द्वार की सम्पूर्ण ऊँचाई ६ मी० है, लम्बाई ३.६० मी०, चौड़ाई ३.५० मी० तथा निकास की ऊँचाई ४.५० मी० है। इसकी स्थापत्य-कला साधारण मुगल शैली की है (चित्र सं० ६)। मेहराब के ऊपर मुतैमिद खाँ का एक शिलालेख भी अंकित है, जिसकी लिखावट अब बहुत कुछ नष्ट हो चुकी है। प्रवेश-द्वार के पीछे एक छोटा सा प्रांगण तथा एक खुला हुआ बरामदा है, जिसे 'कचहरी' कहते हैं। इसका उपयोग प्रायः मुस्लिम गवर्नरों द्वारा जनता को न्याय आदि प्रदान करने के लिए किया जाता था।[६६]

---

६३. वही, पृ० ३३३

६४. वही, पृ० ३३३-३३४

६५. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ० ३३३

६६. वही

७. धोन्धा पौर

पहाड़ी के पश्चिमोत्तर भाग में एक अन्य मार्ग के अवशेष उपलब्ध हैं, जिन्हें 'धोन्धा पौर' कहते हैं। इसको सुदृढ़ करने के लिए थोड़ी-थोड़ी दूर पर तीन प्रवेश-द्वार निर्मित किए गये थे, जोकि सुरक्षा की दृष्टि से बन्द कर दिये गये हैं। इनकी रचना साधारण कोटि की है। सबसे ऊपरी प्रवेश-द्वार द्विभौमिक है। नीचे पद्म फुल्लियों से अलंकृत दो-दो अर्धस्तम्भों पर तोड़े तथा उनके ऊपर भारपट्ट रखे गये हैं। सबसे ऊपर सैनिकों के लिए प्रकोष्ठ निर्मित किये गये हैं। द्वार की सम्पूर्ण ऊँचाई १० मी०, लम्बाई २.३० मी०, चौड़ाई ४.२० मी० तथा निकास की ऊँचाई ४ मी० है। रचना-शैली की दृष्टि से यह तोमरकालीन भवनों के अत्यधिक निकट है। मध्य के प्रवेश-द्वार की सम्पूर्ण ऊँचाई ६ मी०, लम्बाई तथा चौड़ाई ३ मी०, निकास की ऊँचाई ४ मी० है। इसकी गोलाकार मेहराब अँग्रेजों के शासनकाल में निर्मित प्रतीत होती है। दोनों अट्टालिकाओं को एक-एक मूषा तथा एक-एक पद्म फुल्ली से अलंकृत किया गया है। उनके मध्य में एक दूसरे से गुथे हुए दो नाग भी सुशोभित हैं। मूषाओं के ऊपर खर्बूजिया गुम्बद बनाये गये हैं। यह प्रवेश-द्वार अपेक्षाकृत बाद में (लगभग १९वीं श० के मध्य) किसी समय निर्मित किया गया प्रतीत होता है। सबसे नीचे के प्रवेश-द्वार की रचना द्विभौमिक है। इसमें अर्धस्तम्भों के ऊपर तोड़ेदार मेहराब का निर्माण करके उसके ऊपर भारपट्ट रखे गये हैं। सबसे ऊपर सैनिकों के लिए प्रकोष्ठ तथा दो बुर्जियाँ हैं। द्वार की सम्पूर्ण ऊँचाई ९ मी० तथा चौड़ाई ३ मी० और निकास की ऊँचाई ५ मी० है। प्रवेश-द्वार के दोनों ओर १५ मीटर ऊँची दो अट्टालिकाएँ हैं जिनके मध्य भाग में एक-एक मूषा तथा ऊपर एक-एक बुर्जी है। स्थापत्य कला की दृष्टि से यह तोमरों का समकालीन प्रतीत होता है। इसके सामने 'धोन्धा देव' का एक छोटा सा मन्दिर है। सम्भवः इन्हीं के नाम पर इसे 'धोन्धा पौर' कहते हैं।

फजल अली ने इसके निर्माण का श्रेय एक प्रारम्भिक कच्छपघात शासक 'धन्धेरपाल' को दिया है।[६७] धोन्धादेव मन्दिर के समीप की पहाड़ी पर वि० सं० १५५२ (१४९५ ई०) का एक अभिलेख मिला है, जिससे ज्ञात होता है कि धोन्धा पौर की सुदृढ़ता के लिए राजा मानसिंह ने कुछ निर्माण कार्य किया था।[६८] इसी प्रवेश-द्वार के दूसरी ओर वि० सं० १५०५ (१४४८ ई०) का एक अन्य अभिलेख प्राप्त हुआ है, जोकि मानसिंह के शासनकाल के पूर्व का है।[६९] इससे प्रमाणित होता है कि इस द्वार का प्रयोग राजा मानसिंह के पहले से हो रहा था। वीरसिंह (१३७५-१४०० ई०) के पुत्र ढोला शाह को इस द्वार की सुरक्षा का भार सौंपा गया था।[७०] इसी ने द्वार के रक्षक के रूप में शिव के मन्दिर का निर्माण करवाया था, जिसे आजकल 'ढोन्ढा देव' कहते हैं।[७१] उपयुक्त साक्ष्यों के अभाव में निश्चयपूर्वक कुछ भी नहीं कहा जा सकता, किन्तु इतना स्पष्ट है कि तोमरों के शासनकाल में इस द्वार का प्रयोग आवागमन के लिए 'होता था तथा मानसिंह तोमर द्वारा उसमें सुदृढ़ता के लिए कुछ निर्माण कार्य भी किए गए थे।

---

६७. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ० ३३६

६८. वही

६९. वही

७०. द्विवेदी, हरिहर निवास, ग्वालियर के तोमर, पृ० ३४०

घर्गर्ज पौर

यह मार्ग पहाड़ी के दक्षिणी-पश्चिमी भाग में स्थित है। इसकी सुदृढ़ता के लिए इसमें तीन प्रवेश-द्वारों का निर्माण किया गया था, जोकि बहुत दिनों से बन्द पड़े हैं। ऊपर तथा नीचे के दोनों प्रवेश-द्वार पूर्णतः नष्ट हो चुके हैं। बीच के द्वार की लम्बाई ४.३५ मी०, चौड़ाई ३.३० मी० तथा ऊँचाई ५.६० मी० है। इसकी रचना-शैली धोन्धा पौर तथा हथिया पौर जैसी ही है। इस आधार पर इसे तोमरों के शासनकाल में निर्मित माना जा सकता है।

इस द्वार के समीप पहाड़ी को काटकर एक तालाब का निर्माण किया गया था। जब पहाड़ी से छनकर पानी तालाब में गिरता था तो उसमें 'झर-झर' की ध्वनि उत्पन्न होती थी, जिससे इसे 'घर्गर्ज बावरी' कहा जाता था। और इसके निकट स्थित प्रवेश-द्वार को 'घर्गर्ज पौर' कहा जाने लगा।[७२]

उरवाही द्वार

यह द्वार आजकल आवागमन के लिए प्रयुक्त किया जाता है और इसमें एक पक्की सड़क बनी है। मुसलमानों के आक्रमण के समय तक पश्चिम की ओर से यही एक मात्र रास्ता था, जो उरवाही घाटी से होकर जाता था।[७३] इल्तुतमिश (१२३२ ई०) ने दुर्ग पर अधिकार करने के पश्चात् घाटी के मुहाने पर एक २०० मीटर लम्बी, १२ मीटर चौड़ी और १५ मीटर ऊँची प्राचीर का निर्माण करवा दिया था, ताकि भविष्य में होने वाले आक्रमणों से घाटी के जलाशयों की रक्षा की जा सके।[७४] प्राचीर के लगभग मध्य में एक प्रवेश-द्वार है, जिसकी लम्बाई ४.४५ मीटर, चौड़ाई ३.७० मीटर तथा ऊँचाई ६.० मीटर है।

गुप्त द्वार (झिलमिली खिड़की)

पहाड़ी के दक्षिणी कोने में एक गुप्त द्वार भी निर्मित किया गया है। इसे 'झिलमिली खिड़की' के नाम से जानते हैं। बाहर से यह सामान्य पहाड़ी सा दिखलाई पड़ता है, किन्तु इसके भीतर चट्टान में सीढ़ियाँ काटकर एक अत्यन्त संकरा रास्ता बनाया गया है, जोकि पहाड़ी में नीचे से ऊपर की ओर जाता है। इसमें थोड़ी-थोड़ी दूर पर छोटे-छोटे झरोखे बनाये गये हैं, जिनसे छनकर जाता हुआ झिलमिला प्रकाश रास्ते के अन्धकार को दूर कर देता है। सम्भवतः इसीलिए इसे 'झिलमिली खिड़की' कहते हैं। ये झरोखे इस ढंग से काटे गये हैं कि बाहर से इन्हें देखकर किसी प्रकार का सन्देह नहीं हो सकता। किले की घेराबन्दी के समय इस खिड़की का प्रयोग शत्रु-सेना का निरीक्षण करने तथा उसकी गतिविधियों का पता लगाने के लिए किया जाता रहा होगा।

---

७१. वही
७२. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ० ३३९
७३. वही, पृ० ३३२
७४. वही, पृ० ३३२

कण्ठवारिणी

प्राचीर और कपिशीर्षकों के मध्य-भाग को कडवारिणी या कण्ठवारिणी कहते हैं। समरांगणसूत्रधार में इसकी ऊँचाई दो हाथ (३ फुट) तक बतलाई गयी है।[७५] ग्वालियर दुर्ग में प्राचीर और कपिशीर्षकों के मध्य लगभग एक मीटर ऊँचाई तक कण्ठवारिणी उठाई गयी है।

कपिशीर्षक

प्राकार और कण्ठवारिणी के ऊपर माला में गुथी हुई मोतियों के समान पंक्तिबद्ध रूप में कपिशीर्षकों का अलंकरण दुर्ग की शोभा में अभूतपूर्व बृद्धि करता है। साथ ही शत्रु द्वारा आक्रमण करने पर यह कपिशीर्षक (कंगूरे) अस्त्र-शस्त्रों से सैनिकों की रक्षा करने में भी समर्थ होते हैं। भारतीय दुर्गों में इनकी रचना गोल मेहराबदार तथा तोड़ेदार दोनों ही रूपों में मिलती है। मेसोपोटामिया, ईरान और भारत की प्राचीन कला में यह लोकप्रिय था। शूषा, पार्सिपोलिस, भरहुत, साँची, मथुरा, बोधगया और गान्धार के उच्चित्रों में भी इसका अंकन हुआ है।[७६] समरांगणसूत्रधार के अनुसार कपिशीर्षकों की ऊँचाई एक हाथ (१.५ फुट) होनी चाहिए।[७७] प्रायः सभी मध्यकालीन दुर्गों में इनकी रचना की गयी है।

ग्वालियर दुर्ग में प्राचीर के ऊपर पंक्तिबद्ध रूप में कपिशीर्षकों का निर्माण किया गया है (चित्र सं० ७)। इनकी औसतन ऊँचाई १.५ मीटर से २ मीटर तक है। इन कंगूरों के अलंकरण से एक ओर दुर्ग की शोभा में अपार वृद्धि होती है तथा दूसरी ओर शत्रु द्वारा किये गये आक्रमण के समय ये सैनिकों के लिए बहुत उपयोगी रहे होंगे। इनकी ओट लेकरं सैनिक बाहर से होने वाली अस्त्र-शस्त्रों की वर्षा से न केवल अपनी रक्षा करते थे, अपितु इनकी सहायता से वे शत्रुओं पर सफलतापूर्वक प्रहार भी करते रहे होंगे।

इन्द्रकोश

कौटिल्य के मत से दुर्ग में अट्टालक और प्रतोली के मध्य एक विशेष स्थान का निर्माण करवाना चाहिए जिसको 'इन्द्रकोश' कहते हैं। यह इन्द्रकोश इतना बड़ा होना चाहिए कि तीन धनुर्धर सन्तरी आसानी से उसमें बैठ सकें। उनके आगे एक छिद्रयुक्त तख्ता लगा रहना चाहिए जिससे वे बाहर की वस्तु देख सकें और भीतर से ही छिद्रों द्वारा बाहरी लक्ष्य का निशाना लगा सकें तथा बाहर के लोग उन्हें देख न सकें।[७८] इस प्रकार अट्टालक और प्रतोली के मध्य एक ऐसा प्रकोष्ठ या कक्ष निर्मित किया जाता था जिससे दुर्ग रक्षकों एवं पहरेदारों को समुचित सुरक्षा प्रदान की जा सके। भारतीय दुर्गों में इस अंग की वास्तविक स्थिति की निश्चित पहचान कर पाना कठिन है। बहुत संभव

---

७५. द्विहस्ता काण्डवारिणी। - समरांगण०, १०, ३०

७६. अग्रवाल, वी० एस०, भारतीय कला, पृ० ८४, चित्र ८८-८९

७७. हस्तोच्चं कपिशीर्षं स्याद् । - समरांगण०, १०, ३०

७८. अट्टालकप्रतोलीमध्ये त्रिधानुष्काधिष्ठानं
सपिधानच्छिद्रफलसंहतमितीन्द्रकोशं कारयेत्।
अर्थ०, अधि० २, अ० ३, प्र० २१

है कि यह प्रतोली के ऊपर अथवा अट्टालकों के पार्श्व में निर्मित कक्ष ही हों, जैसा कि ग्वालियर के दुर्ग में हथिया पौर और हिंडोला पौर में प्रदर्शित है (चित्र सं० २ और ४)।

देवपथ

कौटिल्य के अनुसार प्राकार के साथ ही ऐसा देवपथ बनवाना चाहिए जो अट्टालक, प्रतोली तथा इन्द्रकोश के बीच में दो हाथ चौड़ा और प्राकार के साथ आठ हाथ चौड़ा हो।[७९] पाणिनि की अष्टाध्यायी में भी 'देवपथ' शब्द आया है।[८०] कौटिल्य के अर्थशास्त्र तथा पाणिनि की अष्टाध्यायी में उल्लिखित 'देवपथ' का तुलनात्मक अध्ययन कर डा० अग्रवाल ने यह निष्कर्ष निकाला है कि जो मार्ग 'दिव्यपथ' के सदृश है, उसे ही 'देवपथ' नाम से सम्बोधित किया गया है। इस प्रकार उन्होंने प्राचीर के ऊपर चतुर्दिक आकाशीय दिव्यपथ के सदृश मार्ग को 'देवपथ' माना है।[८१] परन्तु यह मान्यता उचित नहीं प्रतीत होती। क्योंकि उपयोगिता की दृष्टि से प्राकार के ऊपर ८ हाथ (१२ फुट) चौड़े मार्ग का कोई औचित्य नहीं प्रतीत होता है। दूसरे अट्टालक, प्रतोली तथा इन्द्रकोश के साथ दो हाथ (३ फुट) चौड़े एक अन्य पथ का भी उल्लेख है। अतः इसे प्राचीर के ऊपर का मार्ग नहीं समझना चाहिए। यहाँ 'देवपथ' का तात्पर्य 'राजपथ' से हो सकता है। प्राकार के साथ १२ फुट चौड़े राजपथ का निर्माण करके उसके दोनों ओर अट्टालक, प्रतोली और इन्द्रकोश के मध्य ३ फुट चौड़े छोटे मार्ग का निर्माण किया जा सकता है। बड़े प्रवेश-द्वारों में इस प्रकार की व्यवस्था मिलती भी है, जहाँ प्रवेश-द्वार में मुख्य मार्ग के दोनों ओर दो छोटी-छोटी रथ्याओं (गली या रास्ते) का विधान दृष्टिगोचर होता है।

जंघा के भद्र या रथ, प्रतिरथ, अनुरथ, कर्ण और प्रतिकर्णो को प्रायः देवी-देवताओं से युक्त दो या तीन रथिका-पंक्तियों से सजाया गया है तथा रिक्त स्थलों और सलिलान्तरों पर व्याल, गन्धर्व, किन्नर, देवी-देवता, सुरसुन्दरी, अप्सराएँ, मिथुन तथा अष्टदिकपाल प्रदर्शित किये गये हैं। गर्भगृह के ऊपर का शिखर पंचरथ अथवा सप्तरथ है। उसे उरशृगों या कूटशृंगों से सजाया गया है। अन्तराल के ऊपर की शुकनास सीढ़ीदार व नुकीली है और इस पर प्रायः सिंहाकृति भी प्रदर्शित की गयी है। इस शैली के मन्दिरों के प्रवेशद्वार प्रायः विशेष रूप से अलंकृत किये गये हैं। परम्परा से चली आ रही नदी देवियों-गंगा-यमुना, द्वारपाल, भारपट्ट, उत्तरंग के अतिरिक्त सामान्यतः सभी प्रवेशद्वार पाँच, सात अथवा नौ द्वारशाखाओं से अलंकृत है।

मण्डप के स्तम्भ और वितान भी पूर्णतः अलंकृत हैं। स्तम्भों को अनेक प्रकार से आद्योपान्त सजाया गया है। रुचक, भद्रक और मिश्रक शैली के स्तम्भ घटपल्लव, पद्मपत्र, पत्रलता, पत्रवल्लरी, रत्न, अर्धरत्न, जालक आदि अलंकरणों से सुशोभित किये गये हैं। इसी प्रकार गर्भगृह, अन्तराल, मुखमण्डप, मण्डप, महामण्डप, रंग अथवा सभामण्डप में प्रत्येक को अलंकृत वितानों से आच्छादित किया गया है। वितानों पर प्रायः गजतालु, पद्मपत्र, कर्णदर्दरिका, कोल आदि थरों का अलंकरण हुआ है।

इस प्रकार लगभग १०वीं शताब्दी में निर्मित सुरवाया (जिला शिवपुरी, मध्य प्रदेश) के मन्दिर कच्छपघात शैली के प्रारम्भिक स्वरूप को प्रदर्शित करते हैं तथा पढ़ावली और सुहानिया (जिला मोरैना, मध्य प्रदेश) के ककनमठ मन्दिरों में इसके विकास का द्वितीय चरण प्रस्फुटित हुआ है। ककनमठ मन्दिर कच्छपघात राजा कीर्तिराज (१०१५-१०३५ ई०) द्वारा निर्मित करवाया गया था, जो अपनी विशालता और उच्चकोटि की मूर्तिकला के कारण कच्छपघात शैली के मन्दिरों में सर्वाधिक प्रशंसनीय है। इस शैली के विकास का अगला चरण कदवाहा (जिला गुना, मध्य प्रदेश) के मन्दिरों में प्रकट हुआ। यहाँ के मन्दिरों में गर्भगृह और मण्डप या रंगमण्डप का आयोजन करके उनके भीतरी तथा बाहरी भागों को मूर्तियों और अन्य अनेक प्रकार के शोभांकनों से भलीभाँति अलंकृत किया गया है। ग्वालियर दुर्ग पर स्थित सास-बहू मन्दिरों में इस शैली की स्थापत्य एवं शिल्पकला का चरमोत्कर्ष रूप प्रदर्शित हुआ है। अतः स्पष्ट है कि कच्छपघात शैली के मन्दिर तत्कालीन अन्य मन्दिरों की श्रृंखला में अपना विशिष्ट स्थान रखते हैं तथा मध्ययुगीन मन्दिर स्थापत्य कला के अध्ययन में इनका विशेष महत्व है।

सास-बहू मन्दिर

ग्वालियर दुर्ग की पूर्वी प्राचीर के लगभग मध्य में पहाड़ी के बाहर निकले हुए भाग पर दो अलंकृत मन्दिर स्थित हैं, जिन्हें स्थानीय लोग 'सास-बहू मन्दिर' नाम से सम्बोधित करते हैं। इनमें से एक मन्दिर छोटा तथा दूसरा अपेक्षाकृत काफी बड़ा है। दोनों ही मन्दिरों की रचना एवं अलंकरण लगभग एक जैसा है और वे एक दूसरे की अनुकृति प्रतीत होते हैं (चित्र सं० १६-२०)।

पहाड़ी का बाहर निकला हुआ वह भाग, जहाँ यह दोनों मन्दिर स्थित हैं, भौगोलिक दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है, क्योंकि पूर्वी दिशा में यह दूर-दूर तक लोगों की दृष्टि में आ जाता है। मन्दिर निर्माताओं ने पहाड़ी की इस विशिष्ट स्थिति का लाभ उठाते हुए सास-बहू मन्दिरों का निर्माण

इस योजनाबद्ध ढंग से किया है कि उनके भव्य स्वरूप एवं गगनचुम्बी उन्नत शिखरों का दर्शन प्राचीन ग्वालियर नगर के प्रायः किसी भी भाग से किया जा सके।

मन्दिरों के 'सास-बहू' नामकरण के सम्बन्ध में कतिपय विद्वानों की ऐसी धारणा है कि यह 'सहस्रबाहु' शब्द का अपभ्रंश रूप है। इस प्रकार वे इन मन्दिरों को सहस्रबाहु के मन्दिर मानते हैं।[३] किन्तु अभिलेखीय साक्ष्य तथा प्रतिमाओं के अध्ययन से यह बात सत्य नहीं प्रमाणित होती। वस्तुतः जहाँ पर एक जैसे दो कुएँ, बावलियाँ अथवा मन्दिर आस-पास निर्मित किये जाते हैं, वहाँ सामान्यतः बड़े को 'सास' तथा छोटे को 'बहू' नाम से सम्बोधित करने की परम्परा है। उदाहरणस्वरूप नागदा (राजस्थान) के ऐसे ही दो वैष्णव मन्दिरों को भी 'सास-बहू' नाम दिया गया है।

सास (बड़ा) मन्दिर

सास मन्दिर पूर्वी प्राचीर के निकट पहाड़ी के बाहर निकले हुए भाग पर बहू (छोटे) मन्दिर के पश्चिम में स्थित है (चित्र सं० १६)। इसका विस्तार उत्तर-दक्षिण की ओर लगभग ३०.४८ मी० तथा पूर्व-पश्चिम में १९.२० मी० है। प्रवेशद्वार उत्तराभिमुख है। समतल पहाड़ी भूमि पर सूक्ष्मकणों के बलुआ पत्थरों से निर्मित यह विशाल मन्दिर अपनी भग्नावस्था में होते हुए भी तत्कालीन शिल्पियों के अद्भुत हस्तकौशल का अनूठा उदाहरण है।

जगती

जगती की रचना मन्दिर के आसन के रूप में की जाती है। प्रासादमण्डन में पाँच प्रकार की जगती या अधिष्ठान का उल्लेख मिलता है - चतुरस्र (वर्गाकार), आयत, अष्टास्र (अष्टकोणीय), वृत्त और वृत्तायत।[४] सामान्यतः जगती को जाड्यकुम्भ, कर्णिका और पद्मपत्र के साथ ग्रासपट्टी से सजाने का निर्देश है। किन्तु उसके ऊपर खुर, कुम्भ, कलश, अन्तरपत्र, कपोतालि और पुष्पकण्ठ भी निर्मित किये जा सकते हैं।[५] विशिष्ट स्थिति में इनके ऊपर गजथर, अश्वथर, सिंहथर, नरथर और हंसथर भी अलंकृत करने का विधान है।[६]

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि वास्तुशास्त्रीय ग्रन्थों में मन्दिरों के लिए अलंकृत जगती का विधान किया गया है। कच्छपघात शैली के अन्य मन्दिरों में प्रायः एक ऊँची अलंकृत जगती का निर्माण किया गया है, किन्तु इस मन्दिर की १.२५ मी० ऊँची जगती का स्वरूप पूर्णतः सादा है।

---

३. द्विवेदी, हरिहर निवास, ग्वालियर के तोमर, पृ० ३६९; कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ० ३५७

४. चतुरस्रायताष्टास्रा वृत्ता वृत्तायता तथा ।
जगती पञ्चधा प्रोक्ता प्रासादस्यानुरूप्यतः ॥ प्रासादमण्डन, २,२

५. त्रिपदो जाड्यकुम्भश्च द्विपदं कणकं तथा ।
पद्मपत्रसमायुक्ता त्रिपदा सरपट्टिका ।
द्विपदं खुरकं कुर्यात् सप्तभागं च कुम्भकम् ॥
कलशस्त्रिपदः प्रोक्तो भागेनान्तरपत्रकम् ।
कपोतालिस्त्रिभागे च पुष्पकण्ठो युगांशकैः ॥
प्रासादमण्डन, २, ११-१३

६. वास्तुसार, प्रासाद प्रकरण, श्लो० ४

तलछन्द

मत्स्यपुराण तथा अग्निपुराण के अनुसार जिस स्थान पर मन्दिर का निर्माण करना हो, उसको सोलह भागों में विभक्त करके मध्य के चार भागों में गर्भगृह की रचना करनी चाहिए।[७] वास्तुसार में कहा गया है कि प्रासादकमल (गर्भगृह) के आगे गूढ़मण्डप, गूढ़मण्डप के आगे छः चौकी, उसके आगे रंग-मण्डप तथा रंगमण्डप के आगे तोरणयुक्त बलाणक (मुखमण्डप) का निर्माण करना चाहिए।[८] प्रासादमण्डन का भी निर्देश है कि जिन भगवान के प्रासाद के आगे गूढ़मण्डप, उसके आगे त्रिक (तीन) नौ चौकी और उसके आगे नृत्यमण्डप (रंगमण्डप) निर्मित करके सबसे आगे बलाणक (मुखमण्डप) बनाना चाहिए।[९] वास्तुसार के अनुसार प्रासाद के दाहिनी और बाई ओर शोभामण्डप तथा गवाक्ष (झरोखा) युक्त शाला बनानी चाहिए, जिसमें गन्धर्व, देव, गीत, नृत्यव विनोद करते हुए प्रदर्शित हों।[१०]

रेखा चित्र संख्या ३.तलछन्द, सास मन्दिर
(साभार, कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २)

७. मत्स्यपुराण, २६९, १-२; अग्निपुराण, ४२, १-२
८. वास्तुसार, प्रासादप्रकरण, श्लो० ४९
९. प्रासादमण्डन, ७, ३
१०. वास्तुसार, प्रासाद प्रकरण, श्लो० ५०

मध्यकालीन मन्दिरों में सामान्यतः गर्भगृह, अन्तराल, उसके आगे रंगमण्डप या सभामण्डप (रंगमण्डप) तथा मुखमण्डप के निर्माण की परम्परा मिलती है। सास मन्दिर में जगती के ऊपर वर्गाकार गर्भगृह, अन्तराल, रंगमण्डप या सभामण्डप तथा मुखमण्डप या मुखचतुष्की का निर्माण किया गया है। सभामण्डप के दोनों पार्श्वों में तथा सामने की ओर मुखमण्डप और भद्रमण्डपों को जोड़ने से इसका आकार महामण्डप का हो गया है। (रेखा चित्र सं० ३)। इस प्रकार तलछन्द योजना की दृष्टि से यह मन्दिर अपने पूर्णविकसित स्वरूप को प्रदर्शित करता है।

ऊर्ध्वछन्द

ऊर्ध्वछन्द में मुख्य प्रासाद को पीठ, वेदीबन्ध, जंघा और शिखर नामक चार भागों में विभक्त किया जा सकता है। पीठ का निर्माण प्रायः खरशिला अथवा एक, दो या तीन भिट्टों तथा उसके ऊपर जाड्यकुम्भ, कर्णिका, अन्तरपत्र, ग्रासपट्टी, गजपीठ, नरपीठ आदि के संयोजन से किया जाता है। कच्छपघात शैली के मन्दिरों में प्रासादपीठ को सामान्यतः दो या तीन भिट्टों, खुर, जाड्यकुम्भ, कलश, कपोत, बसन्तपट्टी और कर्णिका से सजाया गया है। सास मन्दिर की पीठ दो अलंकृत भिट्टों से निर्मित है। नीचे का भिट्ट जालक, उसके ऊपर पद्मपत्र, रत्न तथा अन्य अनेक अलंकरणों से सुसज्जित है। भिट्टों के ऊपर जाड्यकुम्भ, कर्णिका, ग्रासपट्टी, गजपीठ तथा नरपीठ सुशोभित है (चित्र सं० १६)।

मूल प्रासाद का वेदीबन्ध, जंघा और शिखर पूर्णतः नष्ट हो गया है। अतः उसकी संरचना एवं विस्तार के सम्बन्ध में निश्चय पूर्वक कुछ भी नहीं कहा जा सकता। तत्कालीन कच्छपघात शैली के विकसित मन्दिरों में खुर, कुम्भ, कलश, अन्तरपत्र, कपोत, कर्णिका, नरपीठ, गजपीठ, वसन्तपट्टिका और मञ्चिका से वेदीबन्ध को अलंकृत किया गया है। कभी-कभी वेदीबन्ध पर उद्गमों से युक्त छोटी-छोटी रथिकाएँ भी प्रदर्शित की गयी हैं। जंघा के भद्र या रथ प्रतिरथ, अनुरथ, कर्ण और प्रतिकर्णों को प्रायः देवी-देवताओं से युक्त दो या तीन रथिका पंक्तियों से सजाया गया है तथा रिक्त स्थलों और सलिलान्तरों पर व्याल, गन्धर्व, किन्नर, सुरसुन्दरी, अप्सराएँ, मिथुन तथा अष्टदिक्पाल प्रदर्शित किये गये हैं। गर्भगृह के ऊपर का शिखर पंचरथ अथवा सप्तरथ है। उसे उरश्रृंगों या कूटश्रृंगों से सजाया गया है। अन्तराल के ऊपर की शुकनास नुकीली है। इस पर प्रायः सिंहाकृति प्रदर्शित की गयी है।

मन्दिरों की उपर्युक्त विशेषताएँ ग्वालियर से लगभग ३५ कि० मी० दूर स्थित पद्मपाल के पूर्वज कीर्तिपाल (१०१५-१०३५ ई०) द्वारा निर्मित सुहानिया के ककनमठ मन्दिर में भी दृष्टिगत होती है। ग्वालियर दुर्ग के सास-मन्दिर तथा सुहानिया के ककनमठ मन्दिर की परस्पर तुलना करने पर ज्ञात होता है कि ग्वालियर का सास मन्दिर अपेक्षाकृत अधिक विकसित था । इसके मण्डप का विस्तार, ऊँचाई एवं अलंकरण आदि भी अधिक है। सुहानियाँ के सभामण्डप की ऊँचाई लगभग २० मी० तथा शिखर की ऊँचाई लगभग ३० मी० है। जबकि सास मन्दिर के सभामण्डप की वर्तमान ऊँचाई लगभग २५ मी० है। इस अनुपात को मोटा आधार मानकर सास मन्दिर के गर्भगृह के शिखर की ऊँचाई लगभग ३५ मी० के आस-पास निर्धारित की जा सकती है। वेदीबन्ध, जंघा और शिखर का अलंकरण भी ककनमठ मन्दिर की अपेक्षा अधिक विकसित रहा होगा। अतः अपनी

पूर्णावस्था में यह मन्दिर ग्यारहवीं शताब्दी के समस्त मध्यदेशीय मन्दिरों में उतुंगतम और मंजुलतम रहा होगा।

सभामण्डप या रंगमण्डप

वास्तुसार का कथन है कि प्रासाद के बराबर, दोगुना अथवा पौने दो गुना विस्तार वाला मण्डप बनाना चाहिए।[११] अपराजितपृच्छा और प्रासादमण्डन के अनुसार मण्डप के उदयमान का साढ़े तेरह या चौदह अथवा साढ़े पन्द्रह भाग करके उनमें से आठ, नौ अथवा दस भाग का चन्द्रावलोकन (खुला भाग) रखना चाहिए तथा आसनपट्ट के ऊपर एक हाथ अथवा इक्कीस अंगुल का मत्तारवरण (कक्षासन) बनाना चाहिए। खुले भाग के नीचे से मण्डप के तल तक साढ़े पाँच भाग करके उनमें से सवा भाग का राजसेनक, सवा तीन भाग की वेदिका और एक भाग का आसनपट्ट निर्मित करना चाहिए। आसनपट्ट के ऊपर से पाट के तल भाग तक साढ़े सात भाग करके उनमें से साढ़े पाँच भाग का स्तम्भ रखना चाहिए। उसके ऊपर पौन अथवा आधे भाग की भरणी, सवा या डेढ़ भाग की शिरावटी बनना चाहिए। शिरावटी के ऊपर दो भाग का पाट बनाकर उसके ऊपर तीन भाग तक निकलता हुआ तथा पाट के पेटा भाग तक झुका हुआ छज्जा निर्मित करना चाहिए। उसके आधे भाग का केवाल (कपोतालि) तथा दो भाग तक पाट का विस्तार होना चाहिए।[१२]

सास मन्दिर के रंगमण्डप (चित्र सं० १६) के निर्माण में उपर्युक्त शास्त्रीय विधान के अनुपालन का प्रयास किया गया है किन्तु कहीं-कहीं पर उसमें विभिन्नता भी दृष्टिगोचर होती है। इसका ऊपरी विस्तार त्रिभौमिक है, जिसकी ऊँचाई लगभग २५ मी० है। प्रासाद पीठ पर राजसेनक के ऊपर वेदिका के स्थान पर देवी-देवताओं से युक्त रथिकाओं का अलंकरण किया गया है। इन रथिकाओं में अपनी-अपनी शक्तियों के साथ ब्रह्मा, विष्णु, महेश, तथा सप्तमातृकाओं का स्वतन्त्र रूप में अंकन हुआ है। इनके अतिरिक्त अन्य परिवार देवताओं का अंकन भी दर्शनीय है। रथिकाओं के ऊपर आसनपट्ट का निर्माण किया गया है। यद्यपि कक्षासन नष्ट हो गया है, तथापि आसनपट्ट के ऊपर बने हुए छिद्रों से स्पष्ट पता चलता है कि कक्षासन की रचना की गयी थी। उसके ऊपर मण्डप का खुला भाग है, जिसमें मुखमण्डपों तथा मण्डप के पार्श्वभद्रों के लिए भरणी एवं स्तम्भशीर्ष (शिरावटी) से युक्त चार-चार ठिगने स्तम्भों का निर्माण किया गया है। इन्हीं स्तम्भों के ऊपर स्थित भारपट्टों पर मुखमण्डप तथा भद्रमण्डपों की छतें आधारित हैं। रंगमण्डप के मध्य में भद्रक प्रकार के चार विशाल स्तम्भों तथा उनके चारों ओर के बारह भित्ति-स्तम्भों के ऊपर अलंकृत भारपट्ट और मण्डप का मुख्य वितान आधारित है रंगमण्डप के पूर्व, पश्चिम और उत्तर दिशा में मुखमण्डपों की रचना कर इसे महामण्डप का स्वरूप प्रदान किया गया है।

वितान

किसी मण्डप या भवन की छत में नीचे का चंदोवा भाग 'वितान' कहलाता है। समराङ्गणसूत्रधार, प्रासादमञ्जरी, अपराजितपृच्छा, विश्वकर्मवास्तु विद्या , प्रासादमण्डन,

---

११. वास्तुसार, प्रासाद प्रकरण, श्लो० ५१

१२. प्रासादमण्डन, ७,९-१३;
अपराजितपृच्छा १८४, ५-१३२

शिल्परत्नाकर आदि वास्तुशास्त्रीय ग्रन्थों में मण्डपों की वितान रचना के उल्लेख मिलते हैं। अपराजितपृच्छा के अनुसार सभी प्रकार के मण्डपों में वितान का निर्माण किया जाना चाहिए।[१३] इसकी रचना मुखमण्डप में भी की जानी चाहिए।[१४] समराङ्गणसूत्रधार में वितानों के दो वर्ग बतलाये गये हैं - (१) समतल वितान और (२) उत्क्षिप्त वितान।[१५] अपराजितपृच्छा में इन दो के अतिरिक्त क्षिप्त वितान का भी उल्लेख मिलता है।[१६] प्रासादमण्डन में शुद्ध संघाट, संघाटमिश्र, क्षिप्त और उत्क्षिप्त चार प्रकार के वितानों का वर्णन मिलता है।[१७] इस प्रकार उपर्युक्त विवरण के आधार पर वितानों को सामान्यतः निम्नलिखित चार श्रेणियों में विभक्त किया जा सकता है -

१. समतल वितान	(शुद्ध संघाट)
२. क्षिप्त वितान	(नीचे के भाग में लटकते थरों वाला)
३. उत्क्षिप्त वितान	(ऊपर उठी हुई गोलाई वाला)
४. संघाट मिश्र	(सम-विषम तल वाले)

प्रासाद मण्डन में मण्डप के चंदोवा या वितान की रचना के लिए कहा गया है कि मण्डप के विस्तार से आधा वितान का उदय रखना चाहिए और उदय में पाँच, छः अथवा सात थर बनाने चाहिए। कर्णदर्दरिका का थर सात के उदय में और सात भाग के निर्गम में रखना चाहिए तथा रूपकण्ठ का उदय पाँच भाग और सात भाग में हो। वितान आठ, बारह, सोलह, चौबीस अथवा बत्तिस विद्याधरों से युक्त हो। विद्याधर का थर विस्तार में सात भाग और निर्गम में दस भाग रखना चाहिए। उसके ऊपर अनेक प्रकार के नृत्य करती हुई देवांगनाएँ सुशोभित हों। तत्पश्चात् तीन गजतालु थर हों, जिनमें प्रथम साढ़े छः भाग का, दूसरा छः भाग का और तीसरा गजतालु साढ़े पाँच भाग का हो। उसके ऊपर तीन अथवा पाँच कोल थर भी निर्मित करने चाहिए। मध्य में वितान को अनेक प्रकार के चित्र-वर्णनों तथा नाटक के कथारूपों से सुशोभित करना चाहिए।[१८]

नानावती तथा ढाकी ने अपने विद्वत्तापूर्ण लेख में कर्णदर्दरिका, रूपकण्ठ, गजतालु आदि थरों का विस्तृत विवेचन प्रस्तुत किया है।[१९]

मन्दिरों में वितान अलंकरण की परम्परा का आरम्भ गुप्तकाल से होता है। चन्द्रगुप्त द्वितीय के काल में निर्मित उदयगिरि की वीरसेन (तवा) शैलगुहा के वितान को चार वृत्तों वाले फुल्ल कमल से सजाया गया है। इसी प्रकार शंकरमढ़, मुकुन्द दर्रा मण्डप और तिगोवा के मन्दिर में भी

---

१३. मण्डपानां समस्तानां मध्ये कुर्याद्वितानकम् । - अपराजित० १८९,३

१४. अलिन्दे मण्डपे वापि चतुष्के वलभीषु वा । - समराङ्गण० ५४, २८

१५. वितानानि विचित्राणि समुत्क्षिप्तलानि च । - वही, ५४, २८

१६. वितानानि विचित्राणि क्षिप्तान्युत्क्षिप्तकानि च ।
समतलानि ज्ञेयानि उदितानि त्रिधा क्रमात् ॥ - अपराजित० १८९, ४

१७. शुद्धसंघाटमिश्राणि क्षिप्ताक्षिप्तानि यानि च ।
वितानानि विचित्राणि वस्त्रचित्रादिभेदतः ॥ - प्रासादमण्डन, ७,३४

१८. प्रासादमण्डन, ७, २९-३३

१९. नानावती, जे० एम० तथा ढाकी, एम० ए०, द सीलिंग्स इन द टेम्पुल्स आफ गुजरात, म्यूजियम बुलेटिन, बड़ौदा, भाग १६-१७, पृ० २३-३४

फुल्लकमल का अलंकरण हुआ है।[२०] लगभग ऐसी ही परम्परा गुर्जर-प्रतिहार शैली के मन्दिरों में भी देखने को मिलती है।

८वीं-९वीं शताब्दी में निर्मित ग्वालियर के चतुर्भुज मन्दिर (८७५ ई०) तथा मानखेड़ा (जिला टीकमगढ़, म० प्र०) के सूर्य मन्दिर (९वीं श० ई०) के मुखमण्डपों में समतल वितान को पद्म पंखुड़ियों से अलंकृत किया गया है। १०वीं शताब्दी के मन्दिरों में पद्मपंखुड़ियों के साथ-साथ अन्य शोभाकनों का समावेश भी होने लगा। मालादेवी मन्दिर (ग्यारसपुर, जिला विदिशा, म०प्र०) की मुख चतुष्की के वितान को पद्मपंखुड़ी, दन्तुरिका और गजतालु से सुशोभित किया गया है। कालान्तर में अलंकरणों की परम्परा में और अधिक वृद्धि हुई तथा मन्दिरों के मुखमण्डप, मण्डप, महामण्डप अथवा रंगमण्डप (सभामण्डप) के वितानों को पद्म-पंखुड़ियों, मणि-मेखला, कीर्तिमुखों, कर्णदर्दरिका, रूपकण्ठ, विद्याधर, नृत्यांगना, देवांगना, गजतालु, कोल आदि थरों से सजाया जाने लगा।

सास मन्दिर के निर्माण के समय (१०९३ ई०) तक वितानों के अलंकरण की परम्परा अपने विकास की पराकाष्ठा तक पहुँच चुकी थी। उसके सभा-मण्डप, मुख-मण्डप, भद्रमण्डप, अन्तराल और मुख-चतुष्की के वितानों को तत्कालीन शिल्प-कला में प्रचलित विभिन्न प्रकार के अलंकरणों एवं थरों से सजाने का प्रयास किया गया है।

सभा-मण्डप का मुख्य वितान मध्य के चार स्तम्भों तथा बाहर के बारह भित्ति -स्तम्भों पर आधारित है। इसका बाह्य भाग वृत्ताकार तथा केन्द्र का नाभिछन्दक वर्गाकार है। वाह्य वितान में सबसे नीचे कर्णदर्दरिका के तीन थर अलंकृत हैं। उनके बीच के भाग को पत्र - वल्लरी से सुशोभित किया गया है। उसके ऊपर मणिबन्ध प्रदर्शित है। तत्पश्चात् ऊपर के लगातार पाँच थरों को गजतालुपट्टियों से सजाया गया है और उनके अन्तराल मणिबन्ध अथवा पत्र - बल्लरी से सुसज्जित हैं (चित्र सं० १७)। वितान का द्वितीय भाग अर्थात् वर्गाकार नाभिछन्दक बीच के चार स्तम्भों पर स्थित भारपट्टों के ऊपर सुशोभित है। इसमें कर्णदर्दरिका, साधारण पट्टी, गजतालु पट्टी तथा साधारण पट्टियों के पश्चात् तीन कोलथरों का अलंकरण हुआ है। कोलथरों के बीच में ग्रासमुखों का अकंन है, इसके अतिरिक्त विकर्णों में भी एक-एक ग्रासमुख प्रदर्शित है।

मुखचतुष्की का वितान भी वर्गाकार है। उसे वृत्ताकार रूप में कर्णदर्दरिका, दो गजतालु तथा तीन कोल थरों से सजाया गया है। कर्णदर्दरिका तथा गजतालु थरों के मध्य साधारण पट्टियों का अलंकरण है तथा कोलथरों के मध्य ग्रासमुख अंकित है। इसके अतिरिक्त चारों कोनों के विकर्ण वितानों को भी तीन-तीन ग्रासमुखों से सुशोभित किया गया है।

मण्डप के भद्रों (मुखमण्डप) के वितानों में कर्णदर्दरिका, साधारण अलंकृत पट्टी, गजतालु, दो साधारण पट्टी, उसके ऊपर पुनः गजतालु पट्टी और दो साधारण पट्टियों के पश्चात् तीन अलंकृत कोल थरों की रचना की गयी है, जिसके मध्य में ग्रासमुखों का अंकन है। चारों कोनों के विकर्णों में भी एक-एक ग्रासमुख प्रदर्शित है। पाश्र्वभद्रों के वितान गजतालु, ग्रासमुख, किंकिणिका तथा उसके ऊपर तीन अलंकृत कोलथरों से सुसज्जित किये गये हैं।

---

२०. गुप्त, परमेश्वरी लाल, भारतीय वास्तुकला, पृ० ८४

अन्तराल के वितान में कर्णदर्दरिका के ऊपर ग्रासमुख किंकिणिका (ग्रासमुखों से निकलती हुई मणियों की माला) के दो थर बनाये गये हैं, जिनके मध्य में मालाधर-विद्याधरों तथा सबसे ऊपर केन्द्र में पद्म - पंखुड़ियों का अंकन दर्शनीय है। चारों कोनों के विकर्णो को तीन-तीन कीर्तिमुखों, मणिबन्ध तथा पत्र-वल्लरी से सुशोभित किया गया है।

स्तम्भ

मन्दिरों में स्तम्भों के अलंकरण की परम्परा का आरम्भ गुप्तकाल से ही हो जाता है। आधार और शीर्ष के लिए घट-पल्लव तथा यष्टि के लिए कीर्तिमुख से निकलती हुई किंकिणिका का अलंकरण गुप्त और गुर्जर - प्रतिहारकालीन स्तम्भों की प्रमुख विशेषताएँ थीं। कालान्तर में मध्ययुगीन मन्दिरों के स्तम्भों को घट-पल्लवों के अतिरिक्त कीर्तिमुख, इहामृग, किन्नर, हंस, मयूर आदि से अंकित पद्म या अर्धपद्म, जालक, रत्न, अर्धरत्न आदि से पूर्णरूपेण अलंकृत किया जाने लगा। इन मन्दिरों में भद्रक, रुचक, मिश्रक तीन प्रकार के स्तम्भों का प्रयोग हुआ है।

ऐसा प्रतीत होता है कि सास मन्दिर के स्तम्भों के अलंकरण में शिल्पी ने विशेष रुचि दिखलाई है। इस मन्दिर के प्रायः सभी स्तम्भों को आदि से अन्त तक अलंकृत करने का प्रयास किया गया है। सभा-मण्डप के बीच के चार स्तम्भ भद्रक प्रकार के हैं (चित्र सं० १८)। उनके नीचे के भाग में कुम्भिका तथा उसके ऊपर चारों दिशाओं में देवी-देवताओं से युक्त रथिकाओं का निर्माण किया गया है। इन रथिकाओं में विशेषतः नाग-नागियों की प्रतिमाएँ स्थापित की गयी हैं। कुम्भिका को जालकों से अलंकृत किया गया है (चित्र सं० १८)। ऊपरी भाग में कुमारशीर्ष स्थित हैं। स्तम्भ-यष्टि का मध्य भाग नरपट्टी तथा कर्णिका से विभूषित हैं। उसके ऊपर तथा नीचे पत्रावली का अलंकरण हैं। कुमार शीर्षो के ऊपर स्तम्भ का उच्चालक भाग है। तत्पश्चात् अलंकृत भारपट्ट रखे गये हैं। इसी प्रकार का अलंकरण मण्डप के भित्ति-स्तम्भों में भी मिलता हैं। मुख चतुष्की तथा भद्र-मण्डपों के लिए ठिगने कद के वृत्ताकार स्तम्भों का निर्माण किया गया है (चित्र सं० १६)।

संवरणा छत

मध्यकालीन मन्दिरों में मण्डप की छत के ऊपरी भाग को 'संवरणा' अथवा 'फांसणा' से अलंकृत करने की प्रथा थी। प्रासाद मण्डन में 'संवरणा' की रचना का विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा गया है कि इसमें मुख्य घण्टा के चारों ओर चार घण्टिकाओं का निर्माण करके प्रथम संवरणा बनाई जाती है। तत्पश्चात् चार-चार घण्टिकाओं की वृद्धि करते हुए एक सौ एक घण्टिकाओं तक संवरणा का विस्तार किया जा सकता है। प्रत्येक घण्टिका के चारों ओर चार-चार कूट भी निर्मित किये जाने चाहिए। इस प्रकार प्रथम संवरणा में पाँच घण्टा-कलश तथा सोलह कूटों की रचना की जाती है। इसके साथ-साथ कर्ण और उद्गमों के ऊपर आठ सिंह भी स्थापित किये जाने का विधान है।[२१]

अपराजितपृच्छा में पुष्पिका, नन्दिनी, दशाक्षा, देवसुन्दरी, कुलतिलका, रम्या, उद्भिन्ना, नारायणी, नलिका, चम्पका, पद्मा, समुद्भवा, त्रिदशा, देवगान्धारी, रत्नगर्भा, चूड़ामणि, हेमकूटा, त्रिकूटा, हिमाख्या, गन्धमादिनी, मन्दरा, मालिनी, कैलासा, रत्नसंभवा और मेरूकूटा नामक पच्चीस प्रकार की संवरणा बतलायी गयी है।[२२]

---

२१. प्रासादमण्डन ७, ४६-४९

२२. अपराजित० १९३, २-५

सास मन्दिर में सभा-मण्डप की छत को संवरणा द्वारा अलंकृत किया गया है (चित्र सं० १६)। वर्तमान समय में इसके बहुत से घण्टा और कूट नष्ट हो गये हैं। अब वहाँ उनके चिह्न मात्र ही शेष बचे हैं। उनको देखने से ज्ञात होता है कि संभवतः इस संवरणा की रचना प्रासादमण्डन के उपर्युक्त विवरण के अनुसार ही की गयी थी अर्थात् इसमें भी मुख्य घण्टा के चारों ओर चार घण्टिकाओं की रचना करके उनके चतुर्दिक पुनः चार-चार घण्टिकाओं की वृद्धि करते हुए संवरणा का विस्तार किया गया है तथा प्रत्येक घण्टिका के चारों ओर चार-चार कूट बनाते हुए उन्हें मुख्य घण्टा की ओर विकर्णवत सजाया गया है।

प्रवेश-द्वार

मन्दिर के प्रवेश-द्वार को विभिन्न द्वारशाखाओं, प्रतिहारी, मांगल्यविहग तथा अन्य अनेक मांगलिक चिह्नों एवं अलंकरणों द्वारा गुप्तकाल से ही सजाया जाने लगा था। द्वारालंकरण की यह परम्परा मध्यकाल तक लगातार विद्यमान रही और इस युग के मन्दिरों में वह और अधिक विकसित रूप में पायी जाती है। मध्ययुग के प्रवेशद्वारों को सामान्यतः पाँच, सात अथवा नौ द्वारशाखाओं से अलंकृत किया गया है। पूर्वकाल से चले आ रहे द्वारपाल नदी-देवता, श्रीवृक्ष, मिथुन, स्तम्भ, पत्र, माला, नागशाखा तथा अन्य अलंकरणों के अतिरिक्त इनमें व्याल-शाखा, भूतशाखा और रूपशाखा का अंकन विशेष उल्लेखनीय है। बीच की रूप-स्तम्भ शाखा के पार्श्वों को प्रायः व्याल, नाग या मालाशाखा से सजाया गया है। उत्तरंग के ऊपर सप्तमातृकाओं और नवग्रहों को भी प्रदर्शित किया गया है।

प्रासाद मण्डन में कहा गया है कि महादेव प्रासाद का प्रवेशद्वार नवशाखा वाला, दूसरे देवों का सात शाखा वाला, चक्रवर्ती राजाओं का पाँच शाखा वाला, सामान्य राजाओं का तीन शाखा वाला, ब्राह्मण, वैश्य और शूद्र जाति के गृहों का द्वार एक शाखा वाला होना चाहिए। एक प्रासाद में जितने अंग हों, उतनी ही शाखाएँ बनानी चाहिए।[२३]

अपराजितपृच्छा में नवशाखा वाले द्वार को पद्मिनी, आठ शाखा वाले को मुकुली, सात शाखा वाले को हस्तिनी, छः शाखा वाले को मालिनी, पाँच शाखा वाले को नन्दिनी, चार शाखा वाले को गांधारी, तीन शाखा वाले को सुभगा, दो शाखा वाले को सुप्रभा तथा एक शाखा वाले को स्मरकीर्ति कहा गया है। इनमें से पद्मिनी, हस्तिनी तथा नन्दिनी उत्तम द्वार कहे गये हैं, मुकुली और मालिनी ज्येष्ठ, गान्धारी और सुभगा मध्यम तथा सुप्रभा को कनिष्ठ श्रेणी का द्वार बतलाया गया है।[२४]

प्रासाद मण्डन के अनुसार सात शाखा वाले प्रवेशद्वार में पहली पत्रशाखा, दूसरी गन्धर्वशाखा, तीसरी रूपशाखा, चौथी स्तम्भशाखा, पाँचवीं रूपशाखा छठीं खल्वशाखा और सातवीं

---

२३. नवशाखं महेशस्य देवानां सप्तशाखिकम् ।
पञ्चशाखं सार्वभौमे त्रिशाखं मण्डलेश्वरे ॥
एकशाखं भवेद्द्वारं वैश्ये शूद्रे द्विजे सदा ।
समशाखं भ्रमाय .... श्वानरास भवायसे ॥
प्रासादमण्डन ३, ५३-५४

२४. अपराजित० १३१, २-५

सिंहशाखा होना चाहिए। इसी प्रकार नवशाखा वाले प्रवेशद्वार में पहली पत्रशाखा, दूसरी गन्धर्वशाखा, तीसरी रूप-स्तम्भ, चौथी खल्वशाखा, पाँचवीं गन्धर्वशाखा, छठवीं रूप-स्तम्भ, सातवीं रूपशाखा, आठवीं खल्व और नवीं सिंहशाखा होनी चाहिए।[२५]

द्वार के 'उदुम्बर' की ऊँचाई कुम्भ के उदय के बराबर रखनी चाहिए। उदुम्बर के तीन भाग करके बीच वाले भाग में पद्मपत्र से युक्त अर्धचन्द्राकार 'मन्दारक' बनाना चाहिए तथा मन्दारक के दोनों ओर एक-एक भाग का कीर्तिमुख (ग्रासमुख) निर्मित करना चाहिए। उदुम्बर की ऊँचाई के अर्धभाग में जाड्यकुम्भ और कर्णी ये दो थर वाली 'कणपीठ' बनानी चाहिए। खुर के उदय के बराबर 'अर्धचन्द्र' की ऊँचाई करके द्वार के व्यास के बराबर उसका विस्तार और विस्तार का आधा उसका निर्गम करना चाहिए। दोनों भागों में दो गगारिक बनाकर उन्हें शंख, पत्र आदि से युक्त कमलों से अलंकृत करना चाहिए।[२६]

द्वार के उदय से सवाया उदय करके 'उत्तरंग' का निर्माण करना चाहिए। जो उदय आवे उसके इक्कीस भाग करके उनमें से ढाई भाग की पंचशाखा और त्रिशाखा बनाना चाहिए। उसके ऊपर तीन भाग का मालाधर, पौन भाग का छज्जा, पौन भाग का फालना, सात भाग की रथिका, एक भाग का कण्ठ और छः भाग के उद्गम निर्मित करना चाहिए।[२७] प्रासाद के गर्भगृह में जिस देवता की मूर्ति प्रतिष्ठित हो, उसी देवता की प्रतिमा द्वार के उत्तरंग में स्थित 'ललाटबिम्ब' में भी रखनी चाहिए। उत्तरंग में गणेश जी को भी स्थापित किया जा सकता है।[२८]

सास मन्दिर में मूलतः दो प्रवेश-द्वार बनाये गये हैं। एक सभामण्डप के सामने तथा दूसरा गर्भगृह के सामने है। सभा-मण्डप के सामने का प्रवेश-द्वार (चित्र सं० १९) नव द्वारशाखाओं से अलंकृत है। इनमें पहली मृणालशाखा, दूसरी खल्वशाखा, तीसरी खल्वशाखा, चौथी पत्रशाखा, पाँचवीं दण्डशाखा (स्तम्भशाखा), छठीं मालाशाखा, सातवीं खल्वशाखा, आठवीं पत्रशाखा तथा नवीं मृणालशाखा है। मृणालशाखा में छोटे आकार की मानव तथा गज आकृतियों को भी चित्रित किया गया है। उदुम्बर को तीन भागों में विभक्त कर उसके मध्य भाग में अर्धचन्द्राकार मन्दारक का निर्माण किया गया है तथा शेष दो भागों में अपने-अपने गणों के साथ एक ओर की रथिका में कुबेर तथा दूसरी ओर की रथिका में गणेश का अंकन है। उत्तरंग को पाँच भागों में विभाजित करके मध्यभाग की रथिका में चतुर्भुजी विष्णु और लक्ष्मी तथा किनारों पर एक ओर की रथिका में ब्रह्माणी के साथ ब्रह्मा और दूसरी ओर की रथिका में पार्वती के साथ शिव प्रदर्शित हैं। इन रथिकाओं के मध्य विष्णु-लक्ष्मी के दोनों ओर नवग्रहों का अंकन है। ललाटबिम्ब पर हाथों में नाग पकड़े हुए गरुड़ को दिखलाया गया है। चौखट के नीचे द्वारपालों तथा नाग-नागियों को प्रदर्शित किया गया है (चित्र सं० १९)। सभा-मण्डप के प्रवेशद्वार की भाँति ही गर्भगृह के प्रवेशद्वार को भी नव द्वारशाखाओं से अलंकृत किया

---

२५. प्रासादमण्डन ३, ६३-६६

२६. वही ३, ३७-४०

२७. वास्तुविद्या, अध्याय ६

२८. यस्य देवस्य या मूर्तिः सैव कार्योत्तरङ्.गके।
शाखायांच परीवारो गणेशश्चोत्तरङ्.गके॥
प्रासादमण्डन ३,६७

गया है। इसके उदुम्बर, मन्दारक, उत्तरंग, ललाटबिम्ब आदि की सज्जा भी लगभग उसी प्रकार की है, किन्तु इसमें उत्तरंग के ऊपर सप्तमातृकाओं का भी अंकन हुआ है।

ध्वज-स्तम्भ

मन्दिरों के सामने ध्वज-स्तम्भ स्थापित करने की परम्परा प्राचीनकाल से ही मिलने लगती है। लगभग द्वितीय शताब्दी ई० पू० के बेसनगर स्तम्भ-लेख में इस स्तम्भ को गरुड़ध्वज कहा गया है।[२९] इसी प्रकार भिलसा से प्रथम शताब्दी ई० पू० का एक अन्य अभिलेख प्राप्त हुआ है, जिसमें भागवत के उत्तम प्रासाद के सम्मुख गरुड़ध्वज की स्थापना का उल्लेख है।[३०] ये गरुड़ध्वज किसी वासुदेव मन्दिर के सामने स्थापित किये गये प्रतीत होते हैं। यह परम्परा गुप्तकाल तथा उसके बाद भी दृष्टिगत होती है। स्कन्दगुप्त की प्रशस्तियुक्त भितरी (जिला गाजीपुर) तथा कहाँव (जिला देवरिया) के स्तम्भ और बुधगुप्त के शासनकाल में मातृविष्णु और धन्यविष्णु द्वारा एरण (सागर, म० प्र०) में स्थापित गरुड़ध्वज मूलतः किसी न किसी मन्दिर के ध्वजस्तम्भ ही हैं।

सास मन्दिर के सामने भी लगभग ३० मी० उत्तर में ८.५० मी० ऊँचा एक पाषाण-स्तम्भ खड़ा है। इसके निचले भाग का व्यास लगभग ६१ से० मी० तथा ऊपरी छोर का व्यास लगभग ४५.७ से० मी० है। स्तम्भ पर उत्कीर्ण लेख मिट गया है तथापि पश्चिमी भाग पर उसके चिह्न आज भी विद्यमान हैं। यह सास मन्दिर का 'ध्वज-स्तम्भ' प्रतीत होता है। बहुत संभव है इस पर गरुड़ की आकृति भी रही हो, जैसा कि मन्दिर के ललाटबिम्ब पर भी अंकित है। इस प्रकार इसे गरुड़ध्वज की संज्ञा दी जा सकती है, जिसका अब मात्र ध्वजदण्ड शेष है और गरुड़ विलुप्त हो गया है।

मूल नायक

इस समय गर्भगृह में कोई भी प्रतिमा उपलब्ध नहीं है, जिससे इस मन्दिर के मूल नायक के सम्बन्ध में कुछ निश्चित प्रकाश डाला जा सके, किन्तु सौभाग्यवश मन्दिर की मुखचतुष्की में दो शिलापट्टों पर वि० सं० ११५० (१०९३ ई०) का एक अभिलेख उत्कीर्ण है, जिससे न केवल ग्वालियर क्षेत्र के कच्छपघात शासकों की वंशावली एवं उपलब्धियों पर प्रकाश पड़ता है, अपितु सास मन्दिर के निर्माता, तिथि तथा उसके मूलनायक के सम्बन्ध में भी महत्वपूर्ण सूचना मिलती है।[३१] यह अभिलेख कच्छपघात शासक महीपाल के राज्याभिषेक के पश्चात् वि० सं० ११५० में उत्कीर्ण करवाया गया था। इसके रचनाकार भारद्वाज कुल में उत्पन्न कवि शिरोमणि राम के पौत्र और कवि गोविन्द के पुत्र मीमांसा और न्याय के पण्डित श्री मणिकण्ठ या मणिकण्ठ सूरि थे।[३२]

अभिलेख का प्रारम्भ 'ॐ नमः पद्मनाथाय' से हुआ है। डा० राजेन्द्रलाल ने संभवतः बहुचर्चित जनश्रुति अथवा 'पद्मनाथ' नाम से भ्रमित होकर इसे जैन मन्दिर माना है।[३३] कनिंघम का भी

---

२९. सरकार, डी० सी०, सेलेक्ट इंस्क्रिप्सन्स, भाग १ पृ० ८८

३०. बनर्जी, जे० एन०, द डेवलपमेण्ट आफ हिन्दू आइकनोग्राफी, पृ० ९२

३१. इ० ए०, भाग १५, पृ० ३६-४१

३२. वही, पृ० ४०, श्लो० १०४-१०५

३३. ज० व० ए० सो०, खण्ड ३१, पृ० ४०२

उल्लेख है कि स्थानीय लोगों द्वारा इन्हें 'बड़ा जैन मन्दिर' और 'छोटा जैन मन्दिर' कहा जाता है।[३४] किन्तु बड़े मन्दिर में जहाँ एक ओर जैन मूर्तियों का सर्वथा अभाव है, वहीं दूसरी ओर इसके बाहरी और भीतरी भागों में निर्मित अधिकांश मूर्तियाँ हिन्दू देवत्रयी ब्रह्मा, विष्णु, महेश और उनकी पत्नियों से सम्बन्धित हैं। इसके अतिरिक्त सप्तमातृका, नवग्रह, दुर्गा, लक्ष्मी आदि का अंकन भी हुआ है। इस प्रकार यह मन्दिर निश्चय ही ब्राह्मण धर्म से सम्बन्धित था, न कि जैन धर्म से।

मन्दिर के प्रवेश-द्वार के उत्तरंग पर केन्द्र में अपनी अर्धांगिनी लक्ष्मी के साथ चतुर्भुजी विष्णु प्रदर्शित हैं तथा ललाटबिम्ब पर दोनों हाथों में नाग लिए हुए गरुड़ दिखलाये गये हैं। मन्दिर के शिलालेख का आरम्भ 'हरि' और 'अनिरुद्ध' की स्तुति से किया गया है तथा अनेक स्थलों पर मन्दिर को 'भवनम् हरेः' (हरि का भवन) और 'हरि सदनम्' कहा गया है।[३५] यहाँ पर 'हरि' शब्द का प्रयोग विष्णु के लिए ही किया गया प्रतीत होता है। उनके सहस्र नामों में पद्मगर्भ, पद्मिन आदि की भाँति अभिलेख के प्रारम्भ में प्रयुक्त 'पद्मनाथ' भी विष्णु का ही एक अन्य नाम है। इसके अतिरिक्त अभिलेख के अन्त में विष्णु के प्रसंग में लक्ष्मी और उनके अंशावतार नृसिंह का उल्लेख आदि इस बात की ओर स्पष्ट संकेत करते हैं कि यह मन्दिर वस्तुतः भगवान विष्णु या वैष्णव धर्म से सम्बन्धित था।[३६] अभिलेख में कहा गया है कि ब्रह्माण्ड से समानता करने वाले इस विशाल 'कनकानचल' के भीतर नृसिंह रूप की श्रीपति (विष्णु) की प्रतिमा, स्वर्णिम मेरु पर्वत के सामने विराजमान थीं[३७]। अनेक प्रसंगों में मन्दिर के निर्माता 'पद्म' और उसके अधिष्ठातृ देव 'पद्मनाथ' के भावपूर्ण स्मरण के साथ इस निर्माण का 'श्रीपद्मनाथसुरमन्दिरम्' तथा 'श्री पद्मनाथ सुरालय' नाम से स्पष्ट उल्लेख किया गया है।[३८] अतः सास मन्दिर के मूल देवता 'पद्मनाथ' तथा मूल नाम 'पद्मनाथ मन्दिर' ही प्रतीत होता है।

अभिलेख से पता चलता है कि मण्डपिका (गर्भगृह) में जो ब्रह्मोत्तर (मूर्तियों के स्थापित करने का चबूतरा) था, उसे राजा ने दो भागों में विभक्त कर दिया था।[३९] आधा भाग पद्मनाथ की मूर्ति के लिए और आधा बैकुण्ठ सुरेश्वर के लिए सुनिश्चित था।[४०] इनके अतिरिक्त महीपाल ने एक प्रतिमा अनिरुद्ध की, दो अच्युत की तथा एक वामनावतार की भी स्थापित की थीं[४१]। अनिरुद्ध की मूर्ति चाँदी की थी। अच्युत की एक प्रतिमा कांसे की तथा दूसरी राजावर्त प्रस्तर की थी। वामनावतार की प्रतिमा भी राजावर्त प्रस्तर की थी।[४२] इससे स्पष्ट है कि गर्भगृह में राजा ने पद्मनाथ, बैकुण्ठ-सुरेश्वर, अनिरुद्ध, अच्युत और वामन की प्रतिमाएँ स्थापित की थीं तथा वहीं उनकी

---

३४. कनिंघम, आ० स० रि०, खण्ड २१, पृ० ४०२
३५. इ० ए०, भाग १५, पृ० ३६-३७, श्लो० १-४, २६-२८
३६. वही, श्लो० २९
३७. वही, पृ० ३९, श्लो० ६९
३८. वही, श्लो० ३०, ६९-७०
३९. वही, श्लो० ७३
४०. वही, चन्द, शान्ति, ग्वालियर का गौरवः पद्मनाथ मन्दिर, अन्वेषिका, ग्वालियर, १९८३, पृ० ६०-६४
४१. वही, पृ० ४०, श्लो० ९३-९४
४२. इ० ए०, भाग १५, पृ० ४०, श्लो० ९३-९४; वही

पूजा-अर्चना भी की जाती थी। इस प्रकार देवताओं की सामूहिक पूजा का यह मन्दिर एक विशिष्ट उदाहरण है।

इन देव मूर्तियों के श्रृंगार और पूजा हेतु दी गयी वस्तुओं का भी विशद वर्णन इस प्रशस्ति में मिलता है। प्रधान मूर्ति के लिए रत्न जटिल स्वर्ण मुकुट दिया गया। इस मुकुट के मध्य में बहुत बड़ा मणि जड़ा हुआ था। राजा ने देव-मूर्ति के लिए पन्नों का हार तथा गले के लिए रत्नों से विभूषित सोने की माला प्रदान की थी। बाहुओं के लिए अनेक बहुमूल्य रत्नों से जटित केयूरों की जोड़ी तथा रत्न-जटित चार कंकण दिए थे।[४३] अनिरुद्ध की प्रतिमा के लिए भी अलंकारों की व्यवस्था की गयी थी।[४४] अच्युत के लिए चार कंकण, एक जोड़ी तालपट्ट या (तालपत्र) और सोने की मूठयुक्त, कृत्तिदार दिये। चाँदी के तारों से बुना हुआ अंगा (अंगालिहा) तथा कचौला मूर्ति के लिए दिया गया।[४५]

इन प्रतिमाओं के ऊपर सुन्दर छत्र की व्यवस्था की गयी। तीन प्रहरी मूर्तियाँ बनाई गयी थीं। उनके हाथों में तीन स्वर्णदण्ड लगाये गये थे। इन स्वर्ण-दण्डों के ऊपर यह छत्र स्थापित किया गया था। इसके नीचे सोने का कमल बना हुआ था।[४६] अनिरुद्ध की मूर्ति के लिए यह व्यवस्था की गयी थी कि उसका स्नान सदा ताँबे की परात (ताम्रपट्ट) में ताँबे के गडुए (गंगासागर) से कराया जायगा।[४७]

मन्दिर की पूजा एवं धर्मोपदेश के लिए राजा ने अनेक विद्वानों और पण्डितों की व्यवस्था की थी। सर्व साधारण का ध्यान मन्दिर की ओर आकर्षित करने के लिए प्रेक्षण-नाट्य, नृत्य-संगीत की भी व्यवस्था की गयी थी। इसके लिए विलासिनी (गायिकाएँ एवं नर्तकियां), वादक, आदि की भी व्यवस्था की गयी थी। इनके द्वारा भगवान पद्मनाथ के समक्ष सभा-मण्डप में प्रदर्शन किये जाते थे और उसे देखने के लिए सर्वसाधारण उपस्थित हो सकते थे।[४८]

मन्दिर की उपर्युक्त व्यवस्था के लिए आवश्यक धन जुटाने के उद्देश्य से पाषाणपल्ली नामक एक पूरा ग्राम, उससे प्राप्त समस्त कर तथा स्कन्धवाटपीट और धरती के ऊपर आकाश तथा नीचे पाताल तक उस ग्राम से उत्पन्न होने वाली वस्तुएँ मन्दिर को अर्पित कर दिये गये। इस ग्राम में नमक की खदान (लवणाकर) भी थी, उसकी आय भी मन्दिर को दे दी गयी थी। ग्राम की आय के तीस भाग किये गये। इनमें से साढ़े पाँच भाग मन्दिर के देवताओं के व्यय (नैवेद्य, आरती, उत्सव आदि) के लिए सुरक्षित रखे गये। शेष साढ़े चौबीस भाग सूरियों, ब्राह्मणों, पुजारियों में यथास्थान बांटने की व्यवस्था की गयी।[४९]

---

४३. वही, श्लोक ८६-८८
४४. वही, श्लो० ८९
४५. वही, श्लो० ९०-९१
४६. वही, श्लो० ९२
४७. इ० ए०, भाग १५, पृ० ४०, श्लो० ९३; वही
४८. वही, पृ० ३९, श्लो० ९४
४९. वही, पृ० ३९-४०, श्लो० ७५-७६

तिथि

मन्दिर के अभिलेख से पता चलता है कि इसका निर्माण कार्य कच्छपघात वंशी राजा पद्मपाल के शासनकाल में ही प्रारम्भ किया गया था, किन्तु दुर्दैव से उसकी मृत्यु युवावस्था में ही हो गयी और मन्दिर का कार्य पूर्ण नहीं किया जा सका। पद्मपाल के पश्चात् उसके भ्राता का पुत्र महीपाल 'भुवनैकमल्ल' सिंहासनारुढ़ हुआ।[५०] राज्याभिषेक के समय उसके द्वारा की गयी दो प्रतिज्ञाओं में से प्रथम पद्मनाथ मन्दिर का शेष कार्य पूर्ण कराने की थी।[५१] अपनी इस प्रतिज्ञा का निर्वाह उसने बड़े प्रशंसनीय ढंग से किया। इस प्रकार अभिलेख से स्पष्ट है कि महीपाल का कार्य मन्दिर के अवशिष्ट भाग को पूर्ण कराने का ही था, न कि उसके निर्माण को प्रारम्भ कराने का, जिसे उसने सिंहासनारोहण के तुरन्त बाद पूर्ण कर लिया। मन्दिर में स्थापित अभिलेख की तिथि वि० सं० ११५० (१०९३ ई०) दी गयी है।[५२] अतः इसके निर्माण का कार्य इस तिथि तक अवश्य पूर्ण कर लिया गया होगा।

लगभग १२०० ई० के आस-पास कुतुबुद्दीन ऐबक द्वारा गोपाचल गढ़ पर अधिकार कर लेने के पश्चात् इस मन्दिर की समस्त मूर्तियाँ, देवोपकरण, स्वर्ण, रत्न-भण्डार मुसलमानों के अधीन हो गये। इसका उत्तुंग शिखर तोड़ दिया गया और समस्त मूर्तियों को खण्डित कर उन पर चूना थोप दिया गया। इसका उपयोग लोगों के निवास के लिए किया जाने लगा। संभवतः भूमिगत खजाने की खोज में किसी लोभी ने इसके सभा-मण्डप में लगभग ३ मी० गहरा गड्ढा खोद दिया था। कनिंघम ने इस गड्ढे को भरवाया, टूटे वेदीबन्ध की मरम्मत करवायी तथा चिटके हुए भारपट्टों-सरदलों में स्तम्भ लगवाये और सीढ़ियाँ बनवा दीं।[५३] मेजर कीथ ने मूर्तियों पर थोपा गया चूना साफ करवाया। माधवराव सिंधिया द्वितीय के समय में भी इसकी कुछ मरम्मत की गयी। वर्तमान समय में यह भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, नई दिल्ली द्वारा संरक्षित स्मारक है। अनेक द्वेषपूर्ण मानवीय विध्वंशक प्रवृत्तियों, असहिष्णुताओं तथा वर्षा, धूप आदि प्राकृतिक आपदाओं को इतने लम्बे समय तक सहन करते हुए यह मन्दिर आज भी जिस रूप में उपलब्ध है, उसे भारतीय स्थापत्य एवं मूर्तिशिल्प का एक उत्कृष्ट उदाहरण कहा जा सकता है।

बहू (छोटा) मन्दिर

यह सास (बड़ा) मन्दिर की अपेक्षा कच्छपघात शैली का छोटा उदाहरण है (चित्र सं०२०)। यह मन्दिर भी पूर्वी प्राचीर के निकट पहाड़ी के बाहर निकले हुए भाग पर सास मन्दिर के पूर्व में स्थित है। रचना एवं अलंकरण में यह बड़े मन्दिर की लघु अनुकृति प्रतीत होता है। इसका निर्माण भी कच्छपघात शैली के अन्य मन्दिरों की परम्परा का अनुसरण करते हुए किया गया है। सूक्ष्मकणों के बलुआ पत्थरों से निर्मित यह मन्दिर भगनावस्था में होते हुए भी स्थापत्य एवं शिल्पकला की अनुपम कलाकृति है।

---

५०. इ० ए०, भाग १५, पृ० ३७, श्लो० ३०; वही
५१. वही, पृ० ३९, श्लो० ६९-७०
५२. वही, पृ० ३९, श्लो० १०८
५३. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ० ३४१

तलछन्द

सास मन्दिर की भाँति इसका भी प्रवेशद्वार उत्तराभिमुख है। इसका तलछन्द इस युग के अन्य मध्यदेशीय सामान्य मन्दिरों जैसा ही है। गर्भगृह, अन्तराल, सभा-मण्डप तथा मुख-चतुष्की का निर्माण इसमें भी किया गया है, किन्तु वर्तमान समय में इसका गर्भगृह पूरी तरह से नष्ट हो चुका है। वर्गाकार रंगमण्डप या सभामण्डप (७ मी० X ७ मी०) सास मन्दिर की भाँति विशाल एवं विस्तृत नहीं है। इसके पूर्व और पश्चिम में पार्श्व मण्डप या मुखमण्डप जोड़े गये हैं। मुखचतुष्की का आकार भी वर्गाकार (२.५ मी० X २.५ मी०) है। अन्तराल का परिमाप २ मी० X १.५ मी० है (रेखाचित्र सं० ४)।

रेखा चित्र संख्या ४.तलछन्द, बहू मन्दिर
(साभार, कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २)

प्रासाद पीठ

कच्छपघात शैली के अन्य मन्दिरों में यद्यपि ऊँची जगती का निर्माण किया गया है, किन्तु इस मन्दिर में उक्त परम्परा से हटकर बहुत नीची एवं सादी जगती बनाई गयी है। सास मन्दिर की भाँति ही इसमें भी दो अलंकृत भिट्टों के ऊपर जाड्यकुम्भ, कर्णिका, ग्रासपट्टी, गजथर और नरथर से प्रासादपीठ की रचना की गयी है। प्रथम भिट्ट मणिबन्ध अथवा रत्नपट्टी तथा द्वितीय भिट्ट अन्य अलंकरणों से सुशोभित है (रेखाचित्र सं० ५)।

रेखा चित्र संख्या ५.प्रासादपीठ, बहू मन्दिर

ऊर्ध्वछन्द

मन्दिर का गर्भगृह तथा उसके ऊपर का शिखर पूर्णरूपेण नष्ट हो चुका है। अतः उसकी संरचना एवं अलंकरण के सम्बन्ध में कोई अनुमान लगा पाना कठिन है, किन्तु प्रासादपीठ और सभामण्डप की विकसित निर्माण-योजना एवं अलंकरण शैली के आधार पर यह कहा जा सकता है कि तत्कालीन अन्य मन्दिरों की भाँति इसमें भी मूल प्रासाद का वेदीबन्ध खुर, कुम्भ, कलश, अन्तरपत्र, कपोत और मञ्चिका से, जंघा देवी-देवताओं से युक्त रथिकाओं, व्याल, सुर-सुन्दरी, अप्सरा एवं अष्टदिक्पालों से तथा शिखर उरश्रृंगों व कूटश्रृंगों तथा शुकनास आदि से अलंकृत रहा होगा।

सभा-मण्डप

इस मन्दिर के सभा-मण्डप (चित्र सं० २०) का निर्माण शास्त्रीय पद्धति पर किया गया है। प्रासाद पीठ के ऊपर राजसेनक बनाया गया है। उसके ऊपर अलंकृत स्तम्भ - वेदिका है। सास-मन्दिर में इसके स्थान पर देवी-देवताओं से युक्त रथिका पंक्ति का निर्माण किया गया है। स्तम्भ -वेदिका के ऊपर आसनपट्ट और कक्षासन है। आसनपट्ट ताड़पत्रों से अलंकृत है। कक्षासन के ऊपर मण्डप का खुला भाग है, जिसमें स्तम्भ-यष्टि, भरणी, शिरावटी या शिरःपट्टी और कुमारशीर्ष या भारपुत्रक प्रदर्शित हैं (रेखाचित्र सं० ६)।

रेखा चित्र संख्या ६ .स्तम्भ, बहू मन्दिर

स्तम्भों के ऊपर छाद्य या छज्जा है तथा उसके ऊपर देवी-देवताओं से युक्त रथिका-पंक्ति और संवरणा छत बनायी गयी है। सभामण्डप का भीतरी विस्तार उत्तर-दक्षिण में ७ मी० तथा पूर्व पश्चिम में भी ७ मी० वर्गाकार है। इसके पूर्व और पश्चिम में २ मी० X १.५ मी० विस्तार के अर्धमण्डप हैं (रेखाचित्र सं० ४)। मध्य में चार स्तम्भों तथा आठ बाह्य स्तम्भों पर आधारित अलंकृत वितान सुशोभित है। इस प्रकार यह सास मन्दिर के सभा-मण्डप की अपेक्षा छोटा होते हुए भी अलंकरण एवं योजना की दृष्टि से पूर्णतः विकसित मण्डप है।

वितान

सभा-मण्डप का वितान वृत्ताकार है। यह मध्य के चार स्तम्भों तथा आठ बाह्य स्तम्भों पर आधारित है। मध्य के चारों स्तम्भ सम्पूर्ण वितान को दो भागों में विभाजित करते हैं। मध्य के नाभिछन्दक का आकार वर्गाकार है, जबकि बाहर के आठों स्तम्भों से वितान का स्वरूप अष्टकोणीय प्रदर्शित होता है। इस बाह्य वितान को क्रमशः तीन कर्णदर्दरिका तथा तीन गजतालु पट्टियों से सजाया गया है। मध्य वितान अर्थात् नाभिछन्दक को तीन कोलथरों से सजाया गया है। मुखचतुष्की के वर्गाकार वितान को कर्णदर्दरिका, गजतालु पट्टी तथा दो अलंकृत कोलथरों से सुशोभित किया गया है।

स्तम्भ एवं भारपट्ट

सभा-मण्डप मध्य के चार स्तम्भों तथा बाहर के आठ स्तम्भों पर आधारित है। इसी प्रकार अन्तराल, अर्धमण्डप और मुखचतुष्की के लिए भी स्तम्भों का निर्माण किया गया है। इनके निचले भाग को कुम्भिका और घटपल्लव से अलंकृत किया है। स्तम्भ-यष्टि का नीचे का भाग अष्टफलीय तथा ऊपर का सोलह फलीय है। मध्य भाग में तीन वृत्ताकार गढ़ने हैं। स्तम्भ के ऊपरी भाग में भरणी, शिरावटी तथा कुमारशीर्ष निर्मित किए गये हैं, जिनके ऊपर अलंकृत भारपट्ट सुशोभित हैं।

मुखचतुष्की के दोनों बाहरी स्तम्भों में नीचे के भाग में कुम्भिका तथा ऊपर के अष्टफलीय हिस्से में प्रत्येक फलक पर त्रिभंग तथा अतिभंग मुद्रा में आठ अप्सराओं का अंकन है (रेखाचित्र सं० ७)। उसके ऊपर की स्तम्भ-यष्टि सोलह फलीय है जिसके मध्य भाग में तीन वृत्ताकार गढ़ने हैं तथा ऊपरी भाग में भरणी, शिरावटी, देवताओं से युक्त रथिका-शीर्ष हैं। उसके ऊपर स्तम्भ का उच्चालक भाग तथा कुमार शीर्षकों का अलंकरण है, जिनके ऊपर अलंकृत भारपट्ट रखे हैं। भारपट्टों को विभिन्न शोभांकनों, पत्रावली, ग्रासमुख, रत्न, दन्तुरिका तथा देवी-देवताओं से युक्त रथिका-पंक्ति से सजाया गया है।

संवरणा

सभा-मण्डप की छत को संवरणा द्वारा अलंकृत किया गया है (चित्र सं० २०)। सास-मन्दिर के सभा-मण्डप की भांति इसमें भी बहुत से घण्टा और कूट टूट कर नष्ट हो चुके हैं, किन्तु यह अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षित अवस्था में हैं। प्रासादमण्डन के विवरण के अनुसार ही इसमें भी संवरणा की रचना के लिए सर्वप्रथम मुख्य घण्टा के चारों ओर चार घण्टियों का निर्माण करके प्रत्येक

दिशा में एक-एक घण्टिका की वृद्धि करते हुए उसका विस्तार किया गया है तथा सभी घण्किाओं के चतुर्दिक चार-चार कूटों की रचना करते हुए उन्हें मुख्य घण्टा की ओर विकर्णवत सजाया गया है।

प्रवेश-द्वार

सास मन्दिर के समान इसमें सभा-मण्डप के सामने कोई प्रवेशद्वार नहीं निर्मित किया गया है। गर्भगृह के सामने का प्रवेशद्वार पाँच द्वार-शाखाओं से अलंकृत है। इनमें पहली मृणालशाखा, दूसरी पत्रशाखा, तीसरी स्तम्भ-शाखा, चौथी पत्रावली तथा पाँचवीं खल्वशाखा है। इसके उदुम्बर को तीन भागों में विभक्त कर मध्य में अर्धचन्द्राकार मन्दारक तथा उसके एक ओर की रथिका में गणेश-विघ्नेश्वरी तथा दूसरी ओर की रथिका में कुबेर - हारीति अपने-अपने गणों के साथ अंकित हैं। उत्तरंग को पाँच भागों में विभक्त कर, उसके मध्य में गरुड़ारूढ़ चतुर्भुजी विष्णु तथा दाहिनी ओर वेद लिए हुए ब्रह्मा और बाँयी ओर त्रिशूलधारी शिव विराजमान हैं। इन तीनों देवताओं के बीच में नवग्रहों का अकंन है। चौखट के नीचे द्वारपालों तथा नाग-नागियों को अलंकृत किया गया है।

मूलनायक

गर्भगृह तथा उसकी मूल प्रतिमा के अभाव में यह अनुमान लगा पाना कठिन है कि बहू मन्दिर किस देवता को समर्पित था। प्रवेशद्वार के उत्तरंग पर अंकित देवत्रयी-ब्रह्मा, विष्णु और महेश में केन्द्रीय स्थान गरुड़ासीन चतुर्भुजी विष्णु प्रतिमा को प्राप्त है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि यह मन्दिर भी भगवान विष्णु अथवा वैष्णव सम्प्रदाय से सम्बन्धित था।

तिथि

सास-बहू मन्दिरों के सामने ध्वज-स्तम्भ के निकट ही पूर्वी प्राचीर के पश्चिमी भाग में अन्य पाषाण-खण्डों के साथ एक अभिलेख युक्त शिलापट्ट भी लगा है। इसमें कई स्थलों पर लेख-पंक्तियाँ नष्ट हो गयी हैं तथा शिलापट्ट के नीचे का भाग भी खण्डित है। अभिलेख की लिपि सास मन्दिर के शिलालेख के समकालीन प्रतीत होती है। इसकी चौथी पंक्ति में लक्ष्मण राजदेव तथा आठवीं पंक्ति में रत्नपाल नाम पठनीय है। इस प्रकार यह कच्छपघात शासक लक्ष्मण के वंशज रत्नपाल से सम्बन्धित प्रतीत होता है। बहुत सम्भव है कि यह बहू मन्दिर के ही किसी भाग में लगा रहा हो, क्योंकि मन्दिर इसके बहुत निकट स्थित है। यह भी संभावना व्यक्त की जा सकती है कि मन्दिर का निर्माण पद्मपाल के वंशज रत्नपाल ने ही करवाया हो। अभिलेख में कोई तिथि अंकित नहीं है। बहू मन्दिर में भी कोई अन्य तिथि युक्त अभिलेख उपलब्ध नहीं है। अतः इसके निर्माण का निश्चित समय निर्धारित कर सकना कठिन है। शैलीगत विशेषताओं एवं अलंकरण में समानता के आधार पर इसे सास मन्दिर (१०९३ ई०) का समकालीन माना जा सकता है।

बहू मन्दिर का स्वरूप लघु होते हुए भी स्थापत्य एवं शिल्पकला की दृष्टि से कच्छपघातकालीन मध्यदेशीय मन्दिरों में इसका प्रमुख स्थान है। इस समय तक मन्दिर निर्माण कला चरमोत्कर्ष पर थी, किन्तु उनकी रचना के लिए वास्तुकार स्वच्छन्द नहीं थे। परम्परा एवं शास्त्र दोनों का अनुसरण उनके लिए अनिवार्य था। बहू मन्दिर में भी इसकी झलक स्पष्ट रूप से दिखलाई पड़ती है। यहाँ शिल्प एवं वास्तुशास्त्रीय विधानों और परम्पराओं का अनुपालन करते हुए भी कलाकार की सौन्दर्यानुभूति अत्यन्त सजीवता के साथ प्रकट हुई है।

शिव-मन्दिर

कच्छपघात राजाओं के शासनकाल में ही दुर्ग पर किसी शैव मन्दिर के निर्माण का संकेत एक अभिलेख से मिलता है, जिसमें संवत ११६४ (११०४ ई०) तिथि अंकित है, किन्तु मन्दिर का पता नहीं है।[५४] कनिंघम ने इसकी पहचान सूरजकुण्ड के दक्षिण-पूर्व में स्थित मातादेवी मन्दिर से करने का प्रयास किया है।[५५] परन्तु यह उचित नहीं है क्योंकि मातादेवी मन्दिर अपेक्षाकृत बाद की रचना प्रतीत होती है। जहाँगीर मन्दिर के प्रांगण में एक आधुनिक महादेव मन्दिर विद्यमान है, जिसमें एक शिवलिंग स्थापित है। प्रांगण के मध्य भाग में शिव मन्दिर की उपस्थिति उसकी किसी प्राचीन परम्परा की ओर संकेत करती है। सम्भव है उक्त अभिलेख में उल्लिखित शिव मन्दिर यहीं पर स्थित रहा हो, जिसके मूल स्वरूप को कनिंघम के अनुसार १६वीं शताब्दी ई० में शेरशाह ने तुड़वाकर अपना निवास स्थान (महल) बनवाया होगा।[५६]

जैन मन्दिर

दुर्ग की पूर्वी प्राचीर के निकट हाथी पौर तथा सास-बहू मन्दिरों के मध्य कहीं पर कनिंघम को १८४४ ई० में एक जैन मन्दिर के अवशेष प्राप्त हुए थे। उन्होंने स्वयं इस मन्दिर का उत्खनन करवाकर वि० सं० ११६५ (११०८ ई०) का एक अभिलेख तथा कुछ जैन मूर्तियाँ प्राप्त की थीं।[५७] उनके अनुमान के अनुसार इस मन्दिर की लम्बाई कम से कम ६९ फुट तथा चौड़ाई ३५ फुट अवश्य रही होगी। दक्षिणी दीवार में मूर्तियाँ स्थापित करने के लिए पाँच रथिकाओं का निर्माण किया गया था तथा उसके सामने उत्तर की ओर ६ स्तम्भों की छः पंक्तियाँ निर्मित की गयी थीं (रेखाचित्र सं० ७)।[५८]

रेखा चित्र संख्या ७.तलछन्द, जैन मन्दिर

५४. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ० ३६४

५५. वही

५६. वही

५७. वही, पृ० ३६२-३६३

५८. वही

मन्दिर की दक्षिणी दीवार में निर्मित पाँच रथिकाओं में से एक रथिका में पद्मासन में बैठे पार्श्वनाथ की प्रतिमा स्थापित थी, जिसके शीर्ष पर सात सर्पफणों का घटाटोप तथा दोनों पार्श्वों में एक-एक चतुर्भुजी स्त्री प्रदर्शित थी। दूसरी रथिका में कायोत्सर्गमुद्रा में खड़ी दो तीर्थंकर प्रतिमाएँ थीं। एक अन्य रथिका में भी तीर्थंकरों की बैठी हुई दो प्रतिमाएँ स्थापित थीं। शेष दो रथिकाएँ रिक्त थीं।[५९]

उत्खनन से पूर्व धरातल के ऊपर मन्दिर का एक कक्ष (३५ फुट X १५ फुट), उसकी दीवारें तथा प्लास्टर युक्त वृत्ताकार स्तम्भों की तीन पंक्तियाँ दिखलाई पड़ती थीं। ऐसा कहा जाता है कि इसका प्रयोग पहले मस्जिद के रूप में किया जाता था, किन्तु कालान्तर में सन् १८४८ ई० से यह भण्डारगृह के रूप में प्रयुक्त किया जाने लगा। स्तम्भों के टूटे हुए प्लास्टर के नीचे कनिंघम को कुछ नष्टप्राय अलंकरणों के अवशेष दिखलाई पड़े। भवन की सतह के नीचे का भाग भी पोला था। अतः उन्होंने इसका उत्खनन करवाया, जिससे उत्तरी भाग में ऊपर की ही भाँति एक भू-तल प्रकाश में आया और दक्षिण की ओर रथिकाओं से युक्त एक दीवार के अवशेष प्राप्त हुए। रथिकाओं में जैन प्रतिमाएँ तथा संवत् ११६५ (११०८ ई०) का एक अभिलेख उत्कीर्ण था। अस्पष्ट होने के कारण लेख पढ़ा नहीं जा सका किन्तु उसकी तिथि तथा पद्मासन में बैठी एवं कायोत्सर्ग मुद्रा में खड़ी जैन प्रतिमाओं के आधार पर कहा जा सकता है कि यह भवन संवत् ११६५ (११०८ ई०) में निर्मित एक जैन मन्दिर के अवशेष थे।[६०] वर्तमान समय में यह मन्दिर पूर्णरूपेण नष्ट हो चुका है और यह भी निश्चित कर पाना कठिन है कि मन्दिर की वास्तविक स्थिति कहाँ पर थी।

माता देवी मन्दिर

यह मन्दिर सूर्यकुण्ड के दक्षिणी-पूर्वी कोने पर पहाड़ी के मध्य भाग में स्थित है (चित्र सं० २०)। मन्दिर का निर्माण एक ऊँची जगती पर किया गया है। इसका प्रवेश-द्वार पूर्व की ओर तथा गर्भगृह वर्गाकार है। जगती के ऊपर एक भिट्ट, जाड्यकुम्भ, कर्णिका और ग्रासपट्टी का अलंकरण कर प्रासादपीठ की रचना की गयी है।

मन्दिर का मण्डोवर अथवा जंघा भाग पंचरथ है। उसके वेदीबन्ध को खुर, कुम्भ, कलश और कपोतालि से सजाया गया है। कुम्भ पर अर्धरत्न और मणिबन्ध तथा कलश पर रत्नपट्टी सुशोभित है। मञ्ची के ऊपर जंघा के भद्र और कर्ण रथों पर छोटी-छोटी रथिकाओं का निर्माण किया गया है, जिनके शीर्ष उद्‌गमों से अलंकृत हैं तथा ऊपरी भाग को अर्धपद्म, उद्‌गम, भरणी, शिरपट्टी, अन्तरपट्ट और छाद्य से सुशोभित किया गया है। शिखर पूर्णतः नष्ट हो गया है।

गर्भगृह का प्रवेशद्वार सप्त द्वारशाखाओं से अलंकृत है। चौखट के नीचे प्रतिहार-प्रतिहारी तथा अन्य अनुचरों का अंकन दर्शनीय है। उत्तरंग के ललाटबिम्ब पर बैठे हुए गणेश अंकित हैं। उदुम्बर के मध्य मन्दारक की अर्धचन्द्रिका पर कमलनाल तथा उसके दोनों ओर दो गज उत्कीर्ण किये गये हैं। उसके दोनों ओर की रथिकाओं में क्रमशः एक-एक देव-प्रतिमा प्रदर्शित है।

---

५९. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ० ३६२-३६३

६०. वही

गर्भगृह का भीतरी भाग सादा है। वर्तमान समय में इसमें अष्टभुजी सिंहवाहिनी दुर्गा की अपेक्षाकृत नवीन प्रतिमा स्थापित है जिसके कारण इसे 'देवी' या 'माता देवी का मन्दिर' कहा जाता है। परन्तु यह मन्दिर की मूल प्रतिमा नहीं प्रतीत होती है। इसे सम्भवतः बाद में कहीं से लाकर स्थापित कर दिया गया है। ललाटबिम्ब पर गणेश का अंकन इस युग की सामान्य विशेषता थी। जंघा की रथिकाओं की मूर्तियाँ भी खण्डित हो चुकी हैं। अतः गर्भगृह की मूल प्रतिमा के अभाव में मन्दिर के मुख्य देवता की पहचान कर पाना कठिन है।

वि० सं० ११६१ (११०४ ई०) तिथ्यांकित किसी शैव मन्दिर का एक अभिलेख कनिंघम को उरवाही-द्वार के निकट से प्राप्त हुआ था।[६१] उन्होंने माता देवी मन्दिर को बारहवीं शताब्दी ई० के पूर्वार्ध में निर्मित हुआ मानकर उसे उक्त अभिलेख में उल्लिखित शैव मन्दिर से समीकृत करने का प्रयास किया है।[६२] परन्तु उनकी यह मान्यता उचित नहीं प्रतीत होती क्योंकि सास-बहू मन्दिर (१०९३ ई०) और अभिलेख में उल्लिखित शिव मन्दिर (११०४ ई०) के रचनाकाल में मात्र ११ वर्ष का अन्तर था, जबकि सास-बहू मन्दिर तथा माता देवी मन्दिर की अलंकरण शैली में पर्याप्त भिन्नता है। दोनों का तुलनात्मक अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि मातादेवी मन्दिर का शिल्पांकन ह्रास की ओर अधिक उन्मुख है तथा उसमें अलंकरण की वह अभिव्यक्ति नहीं मुखर हो सकी है, जो कच्छपघात शैली के विकसित मन्दिरों में मिलती है। इसके वेदीबंध के कुम्भ पर अंकित अर्धरत्न और मणिबन्ध तथा रथिकाओं के शीर्ष और जंघा के ऊपरी भाग में उत्कीर्ण उद्‌गमों की अलंकरण शैली, प्रवेशद्वार की सज्जा तथा ललाटबिम्ब पर अंकित गणेश प्रतिमा अपेक्षाकृत बाद की लगभग १२वीं शताब्दी ई० के उत्तरार्द्ध अथवा १३वीं शताब्दी ई० के पूर्वार्द्ध में निर्मित प्रतीत होती है। इस प्रकार माता देवी मन्दिर कच्छपघात शैली के मन्दिरों की अवनत दशा को प्रदर्शित करता है तथा तत्कालीन मन्दिर वास्तु के विकास-क्रम के अध्ययन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

---

शास्त्रों में वामन अवतार की मूर्तियाँ दो प्रकार की बनाने का विधान है, एक वामन की और दूसरी तीन पग नापते हुए विराट रूप त्रिविक्रम की। विष्णुधर्मोत्तरपुराण के अनुसार वामन छोटे एवं स्थूलकाय निर्मित होने चाहिए।[२९] अग्निपुराण मे वे छत्र और दण्डधारी रूप में वर्णित हैं।[३०] शिल्परत्न में उनके हाथों में छत्र और कमण्डलु होने का निर्देश है।[३१]

त्रिविक्रम प्रतिमा का वर्णन विष्णुधर्मोत्तरपुराण, शिल्परत्न और वैखानसागम में मिलता है।[३२] उनके हाथों में दण्ड, पाश, शंख, चक्र, गदा और पद्म हों।[३३] देवता का बाँया पैर पृथ्वी पर स्थित हो तथा दाहिना सम्पूर्ण नभस्थल को नापने के लिए ऊपर प्रसारित हो।[३४]

---

२८. जोशी, नी० पु०२, प्राचीन भारतीय मूर्ति-विज्ञान, पृ० ९९; अग्रवाल, वी० एस०, गुप्ता आर्ट, पृ० ७, चि० ६; बनर्जी, जे० एन० डेवलपमेण्ट आफ हिन्दू आइकनोग्राफी, पृ० ४१४

२९. विष्णुधर्मोत्तर०, ८५, ५४-५५

३०. अग्निपुराण, ४९,५

३१. राव, गोपीनाथ, एलीमेण्ट्स आफ हिन्दू आइकनोग्राफी, परिष्टि-सी, पृ० ३६

३२. वष्णुधर्मोत्तर०, ८५, ५५-५७ राव, गोपीनाथ, एलीमेण्ट्स आफ हिन्दू आइकनोग्राफी, भाग १, पृ० १६४-१६७

३३. विष्णुधर्मोत्तर०, ८५, ५५-५७

३४. राव, गोपीनाथ, एलीमेण्ट्स आफ हिन्दू आइकनोग्राफी, भाग १, पृ० १६७

कला में भी वामन अवतार की मूर्तियाँ दो प्रकार से अंकित मिलती हैं। एक वामन रूप में जिसमें वे ठिगने कद के दिखलाये जाते हैं तथा दूसरा विक्रम रूप जिसमें वे पैर फैलाकर नापते हुए प्रदर्शित होते हैं। कुषाणकाल में वामन-त्रिविक्रम की मूर्तियों का अभाव है। गुप्तकालीन त्रिविक्रम की मूर्तियाँ ग्वालियर और मथुरा संग्रहालय में उपलब्ध हैं, किन्तु वामन रूप बहुत कम दिखलाई पड़ता है।[३५]

ग्वालियर के मन्दिरों में वामन मूर्ति का तो अभाव है, किन्तु तेली मन्दिर, चतुर्भुज मन्दिर और सास मन्दिर में त्रिविक्रम मूर्ति का एक-एक उदाहरण उपलब्ध है। एक त्रिविक्रम प्रतिमा तेली मन्दिर के जंघा भाग की उत्तरी दीवार में प्रदर्शित है। इसमें वे द्विभुजी हैं। दाहिने हाथ में गदा और बायें हाथ में शंख धारण किए हैं। उनका दाहिना पैर पृथ्वी से टिका है तथा बाँयां आकाश की ओर प्रसारित है। चतुर्भुज मन्दिर के जंघा भाग की उत्तरी दीवार में भद्रभाग की रथिका पर त्रिविक्रम विराट रूप में प्रदर्शित है (चित्र सं० ३३)। वे चतुर्भुजी हैं। उनके नीचे के दाहिने हाथ में गदा है तथा ऊपरी दाहिना हाथ मुकुट तक ऊपर उठा हुआ है। ऊपर की बायीं भुजा में वे चक्र धारण किये हैं तथा नीचे बायीं भुजा का आयुध अस्पष्ट है। उनका दाहिना पैर दृढ़ता से जमा हुआ है तथा बायाँ पैर नभ मण्डल को नापने के लिए ऊपर की ओर प्रसारित है। समीप ही राजा बलि द्वारा दान देने का दृश्य भी अंकित है। इसी प्रकार त्रिविक्रम की एक अन्य प्रतिमा सास मन्दिर के मण्डप के जंघा भाग की पूर्वी दीवार में भी दर्शनीय है। इसमें त्रिविक्रम चतुर्भुजी हैं। उनकी चारों भुजाएँ खण्डित हैं।

नृसिंह अवतार

प्रहलाद को अपने पिता हिरणाकश्यप से रक्षा करने के लिए भगवान् विष्णु ने नृसिंह का रूप धारण कर हिरणाकश्यप को अपनी जांघों पर पटक कर उसके पेट को अपने नखों से फाड़ डाला था।[३६] शास्त्रों में नृसिंह मूर्तियों के तीन प्रकार वर्णित हैं। एक में वे पद्मासन पर उत्कूटिकासन में अथवा सिंहासन पर ललितासन में बैठे हुए, दूसरे में हिरणाकश्यप का उदर विदीर्ण करते हुए तथा तीसरे प्रकार में गरुड़ा के स्कन्धों अथवा आदिशेष की कुण्डलियों पर बैठे हुए चित्रित हैं।[३७]

भारतीय कला में घटना का अंकन बड़ी रोचकता के साथ हुआ है। गुप्तकाल की अनेक नृसिंह प्रतिमाएँ प्राप्त हुई हैं।[३८] मध्ययुग में भी इनका अंकन विविध रूपों में हुआ है।[३९] ग्वालियर के मन्दिरों में एक नृसिंह प्रतिमा चतुर्भुज मन्दिर के जंघा भाग की दक्षिणी दीवार के प्रतिभद्र में स्थापित है। इसमें नृसिंह भगवान चतुर्भुजी रूप में प्रदर्शित हैं। वे हिरणाकश्यप को अपनी जाँघों पर डालकर उसका उदर विदारित करते हुए दिखलाए गये हैं। इसी प्रकार की एक अन्य प्रतिमा सास मन्दिर के मण्डप में जंघा भाग में पश्चिमी दीवार पर स्थापित हैं यह प्रतिमा चतुर्भुजी है। इसमें भी नृसिंह भगवान हिरणाकश्यप को अपनी जांघों पर रखकर, उसका पेट पकड़ कर फाड़ रहे हैं।

---

३५. जोशी, नी० पु०, प्राचीन भारतीय मूर्तिविज्ञान, पृ० १००-१०१

३६. भागवत पुराण, २, ७, १४२

३७. राव, टी० ए०, गोपीनाथ, एलीमेण्ट्स आफ हिन्दू आइकनोग्राफी, भाग १, खण्ड १, पृ० १४९-१५७; अवस्थी, रामाश्रय, खजुराहो की देवप्रतिमाएँ, पृ० १००-१०१

३८. जोशी, नी० पु०, प्राचीन भारतीय मूर्तिविज्ञान, पृ० ९९-१००

३९. अवस्थी, रामाश्रय, खजुराहो की देवप्रतिमाएँ, पृ० १०१-१०४

कृष्णावतार

सोलहों कलाओं के स्वामी भगवान् कृष्ण को विष्णु का आठवाँ अवतार माना जाता है। सुन्दर बालक, अनन्य प्रेमी, वीर पुरुष, परमयोगी, कुशल राजनीतिज्ञ, दार्शनिक और अलौकिक व्यक्तित्व वाले कृष्ण का चरित्र भारतीय जन-मानस में इस प्रकार से व्याप्त हुआ कि उन्हें पूर्णावतार माना जाने लगा तथा साहित्य और कला में उन्हें विविध रूपों में प्रदर्शित किया जाने लगा।

देवकी पुत्र कृष्ण का सर्वप्रथम उल्लेख छान्दोग्य उपनिषद् में मिलता है, किन्तु इसमें कृष्ण को वासुदेव नहीं कहा गया है।[४०] अतः कुछ विद्वान महाभारत में वर्णित वसुदेव और देवकी से उत्पन्न पुत्र कृष्ण से इन्हें भिन्न मानते हैं। पाणिनि की अष्टाध्यायी में वासुदेव और अर्जुन का उल्लेख मिलता है, जिनके उपासकों को वासुदेवक और अर्जुनायन कहा गया है।[४१] इसी प्रकार पतंजलि के महाभाष्य से भी वासुदेव कृष्ण की उपासना का संकेत मिलता है।[४२] घोसुण्डी, बेसनगर, मथुरा आदि स्थलों से प्राप्त अभिलेखों से स्पष्ट है कि मथुरा, राजस्थान में द्वितीय-प्रथम श० ई० पू० में भगवान कृष्ण (वासुदेव) की पूजा प्रचलित थी और उनके मन्दिरों का भी निर्माण किया जाने लगा था।[४३] मथुरा से प्राप्त कतिपय कुषाणकालीन शंख, चक्र और गदाधारी चतुर्भुजी प्रतिमाओं की पहचान डा० जोशी ने वासुदेव कृष्ण के रूप में की है।[४४] इसके अतिरिक्त इस समय तक बालक कृष्ण का वसुदेव को गोकुल से ले जाना, कृष्ण द्वारा केशीवध तथा गोवर्धन धारण करना आदि कृष्ण-लीला दृश्य भी पाषाण एवं मृण्मूर्ति कला में अंकित किए जाने लगे थे।[४५] कुषाणकाल की परम्परा गुप्तकाल में भी चलती रही। मण्डोर, एरण, देवगढ़, वाराणसी, भीतरगाँव, श्रावस्ती, मथुरा आदि स्थलों से गुप्तकालीन कृष्ण-लीला दृश्य उपलब्ध हुए हैं।[४६] बादामी की गुफाओं (छठी श० ई०) में अंकित कृष्ण-लीलाएँ भी उल्लेखनीय हैं।[४७]

गुप्तकाल के पश्चात् गुर्जर प्रतिहारकालीन मन्दिरों में भी कृष्ण-लीलाओं का अंकन हुआ है। इस दृष्टि से ओसियाँ (राजस्थान) के मन्दिर विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। इन मन्दिरों का निर्माण-काल आठवीं शताब्दी ई० के आस-पास माना जाता है। इनमें कृष्ण-जन्म, दधि-मन्थन, पूतनावध, यमलार्जुन-उद्धार, शकटभंग, ग्वाल-बालों के साथ बाला-क्रीड़ा, अरिष्टासुरवध, केशीवध, गोवर्धन-धारण, धेनुकवध, कालियमर्दन, कुवलयापीडवध, मल्लयुद्ध आदि दृश्यों को प्रदर्शित किया

---

४०. छान्दोग्य उपनिषद्, ३, १७, ६

४१. अष्टाध्यायी, ४,३, ९८

४२. पतंजलि, ६,३,५

४३. बनर्जी, जे० एन०, द डेवलप्मेण्ट आफ हिन्दू आइकनोग्राफी, पृ० ९१-९३; सरकार, डी० सी०, सेलेक्ट इन्स्क्रिप्सन्स, पृ० ९०-९१

४४. जोशी, नी० पु०, प्राचीन भारतीय मूर्तिविज्ञान, पृ० ८७-८९

४५. जोशी, नी० पु०, मथुरा की मूर्तिकला, फ्लक ५८, ६४, मथुरा संग्रहालय संख्या १७, १३४४; अग्रवाल, आर० सी०, टेराकोटाज, इन बीकानेर म्यूजियम, ललित कला नं० ८, अक्टूबर, १९६०

४६. जोशी, नी० पु०, प्राचीन भारतीय मूर्तिविज्ञान, पृ० १०४

४७. देव, कृष्ण - लीला सीन्स एण्ड बलराम इन द लक्ष्मण टेम्पुल, खजुराहो, ललितकला नं० ७, मार्च, १९६०, पृ० ८९

गया है।[४८] ओसियाँ के अतिरिक्त राजस्थान के केकीन्द और अटरू नामक स्थलो में भी कृष्ण-लीला के चित्रण दर्शनीय हैं।[४९] मध्य प्रदेश में खजुराहो के मन्दिरों में कृष्ण-लीला की अधिकांश मूर्तियाँ लक्ष्मण मन्दिर में उत्कीर्ण हैं।[५०]

ग्वालियर तथा उसके आस-पास नरेसर, बटेसर, अमरोल आदि स्थलों पर भी गुर्जर प्रतिहार शैली के मन्दिरों का निर्माण हुआ है, किन्तु इनमें से ग्वालियर दुर्ग पर स्थित चतुर्भुज मन्दिर के अतिरिक्त अन्य किसी भी मन्दिर में कृष्ण-लीलाओं का अंकन नहीं मिलता।

चतुर्भुज मन्दिर के अर्धमण्डप के स्तम्भों पर आधारित पूर्वी, पश्चिमी और उत्तरी दिशा के भारपट्टों के भीतरी भागों को कृष्ण-लीला दृश्यों से अलंकृत किया गया है। इनमें उत्तर की ओर के भारपट्ट में पश्चिम से पूर्व की ओर क्रमशः बालकों का बदलाव, पूतनावध शकटभंग, यमलार्जुन उद्धार, केशीवध तथा अरिष्टासुरवध अंकित है (चित्र सं० ३४)। इसी प्रकार पूर्वी पट्ट में दधि मंथन, गोवर्धन-धारण, नृत्यवादन, कलियमर्दन, कुवलयापीडवध और मल्लयुद्ध का दृश्य दर्शनीय है।

बालकों का बदलाव

कंश के कोप से बालक कृष्ण को बचाने के लिए वसुदेव उसे नन्द यशोदा के यहाँ गोकुल पहुँचा आये थे और बदले में उनकी कन्या (योगमाया) को ले आये थे। चतुर्भुज मन्दिर के प्रथम दृश्य में कलाकार ने इसी घटना को चित्रित करने का प्रयास किया है। इसमें वसुदेव यशोदा को कृष्ण को सौंपकर उनसे कन्या ले रहे हैं। बालक कृष्ण को गोकुल पहुँचाने का एक कुषाणकालीन दृष्य मथुरा से भी प्राप्त हुआ है, जिसमें वसुदेव कृष्ण को लेकर यमुना-पार करते हुए प्रदर्शित हैं।[५१]

पूतना-बध

कृष्ण को विष पिलाकर मार डालने के लिए कंश द्वारा भेजी गयी राक्षसी पूतना ने जब अपने स्तनों में विष लगाकर दूध पिलाने के बहाने बालक कृष्ण के मुख को अपने स्तनों से लगाया, तो उस अद्भुत शक्ति वाले बालक ने पूतना के दूध के साथ-साथ उसके प्राण भी पी डाले। इस दृश्य को चतुर्भुज मन्दिर में बड़ी स्वाभाविकता के साथ प्रदर्शित किया गया है। बालरूप श्रीकृष्ण पूतना के दायें स्तन को पकड़कर पी रहे हैं। पूतना के हाथ ऊपर फैल गये हैं। उसका राक्षसी रूप प्रकट हो गया है और असह्य पीड़ा के कारण उसका शरीर निश्चेष्ट होता जा रहा है। कला में पूतनावध के अन्य दृश्य वादामी की गुफाओं, केकीन्द, ओसियाँ, अटरू तथा खजुराहों के मन्दिरों में भी दर्शनीय हैं।[५२]

---

४८. अग्रवाल, आर० सी०, कृष्ण एण्ड बलराम इन राजस्थान स्कल्पचर्स एण्ड एपीग्राफ्स, इण्डियन हिस्टोरिकल क्वार्टरली, कलकत्ता, भाग ३०, संख्या ४, १९५४, पृ० ३३९-५३

४९. अग्रवाल, आर० सी०, कृष्ण एण्ड बलराम इन राजस्थान स्कल्पचर्स एण्ड एपीग्राफ्स, इण्डियन हिस्ट्रोरिकल क्वार्टरली, कलकत्ता भाग ३०, संख्या - ४, १९५४, पृ० ३३९-३५३

५०. देव, कृष्ण, कृष्ण - लीला सीन्स इन द लक्ष्मण टेम्पुल, खजुराहो, ललितकला, नं० ७, मार्च १९६०, पृ० ८९

५१. जोशी, नी० पु०, प्राचीन भारतीय, मूर्तिविज्ञानं, पृ० ८७-८८

५२. अग्रवाल, आर० सी०, इ० हि० क्वा०, खण्ड ३०, नं० ४, पृ० ३४६-४८; अटरू की प्राचीन मूर्तिकला, मरु भारती, पिलानी, वर्ष ८, अंक १, जनवरी १९६०, पृ० ६८

शकट भंग

शकट भंग की कथा भागवतपुराण में मिलती है। इसमें एक बार बालक कृष्ण एक बैलगाड़ी के नीचे लेटे हुए थे। भूख लगने के कारण माँ के दूध पीने की इच्छा से रोते हुए उन्होंने अपने पैरों को ऊपर उछालना प्रारम्भ किया। उनका नन्हा पैर लगते ही बैलगाड़ी उलट गयी और उसके पहिये आदि टूट कर ध्वस्त हो गये।[५३] चतुर्भुज मन्दिर के दृश्य में किरीटमुकुटधारी युवा कृष्ण बैलगाड़ी के नीचे लेटे हैं। उनका दाहिना हाथ सिर के नीचे रखा है तथा बायें हाथ और दायें पैर से वे गाड़ी को उलटते हुए प्रदर्शित हैं। उनके हाथ और पैर के जोर से गाड़ी के पहिये धरातल से ऊपर उठ गये हैं।

शकट भंग के अन्य दृश्य मण्डोर के गुप्तकालीन स्तम्भ, देवगढ़ के दशावतार मन्दिर, वादामी की गुफाओं तथा ओसियाँ के मन्दिरों से उपलब्ध होते हैं।[५४] इनमें कृष्ण का बाल रूप ही अंकित किया गया है किन्तु इसके विपरीत ग्वालियर के चतुर्भुज मन्दिर में कृष्ण को युवा रूप में चित्रित किया गया है। खजुराहो के मन्दिरों में भी शकट-भंग के दृश्य में कृष्ण का युवा रूप दर्शनीय है।[५५]

यमलार्जुन उद्धार

भागवतपुराण में एक कथा आती है, जिसके अनुसार कुबेर के दो पुत्र नलकूबर और मणिग्रीव नारद के श्राप से वृक्ष हो गये थे। वही यमलार्जुन नाम से प्रसिद्ध हुए। एक बार श्रीकृष्ण की शरारतों के कारण माता यशोदा ने उन्हें ऊखल से बाँध दिया। कमर में बंधी हुई ऊखल को लेकर वे यमलार्जुन वृक्षों के बीच से निकले। ऊखल फँस गयी। श्रीकृष्ण ने जोर लगाया और उनकी अद्भुत शक्ति से दोनों वृक्ष उखड़ गये। इस प्रकार दोनों कुबेर पुत्र शापमुक्त हो गये।[५६]

चतुर्भुज मन्दिर के दृश्य में घुंघराले बालों से युक्त कृष्ण ओखली से बँधे है, जो कि दो वृक्षों (यमलार्जुन) से फँस गयी है। पास में एक स्त्री (सम्भवतः यशोदा) विस्मय मुद्रा में खड़ी है। यमलार्जुन उद्धार के अन्य दृश्य एरण बादामी की गुफाओं, सिरपुर के लक्ष्मण मन्दिर, पहाड़पुर, अटरू, ओसियाँ, खजुराहो आदि स्थलों से भी प्राप्त हुए हैं।[५७]

केशीवध

इस दृश्य में श्रीकृष्ण अश्वरूप में आये हुए राक्षस केशी का वध कर रहे हैं। भागवतपुराण के अनुसार केशी एक दैत्य था, जो कंश की प्रेरणा से अश्व का रूप धारण कर श्रीकृष्ण

---

५३. भागवत पुराण, १०, ६-७

५४. देव, कृष्ण, कृष्ण-लीला सीन्स इन द लक्ष्मण टेम्पुल, खजुराहों, ललितकला, नं० ७, मार्च, १९६०, पृ० ८७; अग्रवाल, आर० सी०, जर्नल आफ द एशियाटिक सोसायटी लेटर्स एण्ड साइन्स, खण्ड २३, सं० १, पृ० ६३; वत्स, माधवस्वरूप, मेम्वायर आफ द आर्कियोलोजिकल सर्वे आफ इण्डिया, सं० ७०, प्लेट X VIII बी

५५. अवस्थी, रामाश्रय, खजुराहो की देवप्रतिमाएं, पृ० ११७

५६. भागवत पुराण, १०, १०

५७. बाजपेयी, कृष्ण दत्त, मध्य प्रदेश का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक अनुशीलन, बुलेटिन आफ एन्सिएण्ट इण्डियन हिस्ट्री एण्ड आर्कियोलोजी, नं० १, १९६७, पृ० ८४; देव, कृष्ण, कृष्ण-लीला सीन्स इन द लक्ष्मण टेम्पुल, खजुराहो, ललित कला नं० ७, मार्च १९६०, पृ० ८४; अग्रवाल, रत्न चन्द्र, मरूभारती, वर्ष ८, अंक १, पृ० ६८; इ० हि० क्वा०, अंक ४, अवस्थी, रामाश्रय, खजुराहो की देव प्रतिमाएँ, पृ० ११८

को मारने आया था, किन्तु कृष्ण ने स्वयं उसका वध कर दिया।[५८] केशी वध के अन्य चित्रण मथुरा (कुषाणकालीन), मण्डोर के स्तम्भ (गुप्तकालीन), भीतरगाँव के मन्दिर, सिरपुर के लक्ष्मण मन्दिर, ओसियाँ, अटरू तथा खजुराहो के मन्दिरों में पाये गये हैं।[५९]

अरिष्टासुरवध

इस दृश्य में श्रीकृष्ण वृष रूप में आये हुए दैत्य अरिष्टासुर का वध करते हुए चित्रित हैं। भागवतपुराण के अनुसार अरिष्टासुर नामक दैत्य श्रीकृष्ण को मारने के लिए वृष का रूप धारण कर आया था, किन्तु कृष्ण ने उसकी सींग पकड़कर उसे पृथ्वी पर गिरा दिया और अपने पैरों से कुचल डाला।[६०] अरिष्टासुरवध के अन्य दृश्य मण्डोर के गुप्तकालीन स्तम्भ, बादामी की गुफाओं, ओसियाँ और खजुराहों के मन्दिरों में भी दर्शनीय हैं।[६१]

दधि-मन्थन

इस दृश्य में यशोदा दही मथ रही हैं। उनके समीप ही बाल रूप कृष्ण खड़े हैं।

गोवर्धन धारण

यह दृश्य कुछ अस्पष्ट है। इन्द्र के कोप से ब्रज की रक्षा करने के लिए श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को धारण किया था। कृष्ण के गोवर्धन - धारी रूप के दर्शन हमें मथुरा और रंगमहल की कुषाणकालीन कला में भी होते हैं। इसकें अतिरिक्त भारत कला भवन (वाराणसी) की गोवर्धनधारी प्रतिमा,मण्डोर के स्तम्भ तथा ओसियाँ के मन्दिरों में चित्रित गोवर्धन के दृश्य भी उल्लेखनीय हैं।[६२]

कालिय दमन

इस दृश्य में श्रीकृष्ण कालिय नाग के फण के ऊपर खड़े हुए प्रदर्शित हैं। कालिय दमन की कथा का वर्णन भागवतपुराण में विस्तार से मिलता है।[६३] भारतीय शिल्प में कालिय दमन के दृश्य मथुरा, मण्डोर के गुप्तकालीन स्तम्भ, बादामी की गुफाओ, ओसियाँ और खजुराहो के मन्दिरों में उपलब्ध होते हैं।[६४]

कुवलयापीड वध

मथुरा में कंश के कुवलयापीड नामक हाथी को श्रीकृष्ण ने मार डाला था। चतुर्भुज मन्दिर में हाथी का वध करते हुए श्रीकृष्ण को प्रदर्शित किया गया है। कुवलयापीड वध के अन्य दृश्य बादामी की गुफाओं, ओसियाँ और खजुराहो के मन्दिरों में भी दर्शनीय हैं।[६५]

---

५८. जोशी, नी० पु०, मथुरा स्कल्पचर्स (सं० ५८, ४४७६), पृ० ६८-६९'; अग्रवाल, आर० सी०, इ० हि० क्वा०, खण्ड ३८, अंक १, पृ० ८६; अवस्थी, रामाश्रय, खुजराहो की देवप्रतिमाएँ, पृ० १२३

५९. भागवत पुराण १०, ३७

६०. अवस्थी, रामाश्रय, खजुराहो की देवप्रतिमाएँ, पृ० १२०

६१. वही

६२. जोशी, नी० पु०, प्राचीन भारतीय मूर्तिविज्ञान, पृ० १०४

६३. भागवत पुराण

६४. अवस्थी, रामाश्रय, खजुराहो की देवप्रतिमाएँ, पृ० ११९-२०

६५. वही, पृ० १२१-१२२

मल्ल युद्ध

मथुरा में कंश की रंगशाला में श्रीकृष्ण और बलराम को मुष्टिक और चाणूर नामक मल्लों से युद्ध करना पड़ा था। खजुराहो के मन्दिरों में इसी प्रकार का एक मल्ल युद्ध प्रदर्शित है। मल्लों से युद्ध के अन्य दृश्य बादामी की गुफाओं, सिरपुर के लक्ष्मण मन्दिर, ओसियाँ और खजुराहो के मन्दिरों में भी दर्शनीय हैं।[६६]

लक्ष्मी-नारायण

ग्वालियर दुर्ग के सास-बहू मन्दिरों में ब्रह्म, विष्णु और महेश की अनेक प्रतिमाएँ अपनी शक्तियों के साथ आलिंगन मुद्रा में प्रदर्शित हैं। इनमें कहीं पर विष्णु लक्ष्मी के साथ आलिंगन मुद्रा में त्रिभंग खड़े हैं, कहीं वे ललितासन मुद्रा में बैठे हैं तथा अन्यत्र उन्हें गरूड़ पर आरूड़ प्रदर्शित किया गया है। ये प्रतिमाएँ अधिकांशतः खण्डित हैं।

शिव प्रतिमाएं

ग्वालियर दुर्ग पर स्थित मन्दिरों तथा हथिया पौर और लक्ष्मण द्वार के मध्य की पहाड़ी में शिव का शिव के लिंगअंकन प्रतीक-लिंग एवं मानवीय दोनों ही रूपों में हुआ है। लिंग रूप में उपासना के चिन्ह हमें हड़प्पा से ही मिलते हैं। तत्कालीन अनेक स्थलों से बहुत से लिंगाकार पाषाण एवं चपटे छिद्रयुक्त गोल पत्थर मिले हैं, उन्हें विद्वानों ने लिंग एवं योनि का प्रतीक माना है।[६७] इसके अतिरिक्त भीटा, गुडीमल्लम्, कौशाम्बी, नाँद, मथुरा, ग्वालियर आदि स्थानों से प्राप्त शिव लिंगों को प्रारम्भिक शुंग-कुषाणकाल से मध्यकाल तक के बीच रखा जा सकता है।[६८]

ग्वालियर दुर्ग पर शिवलिंग का सबसे प्राचीन उदाहरण संभवतः तेली के मन्दिर में उपलब्ध है। मन्दिर के जंघा भाग में पश्चिमी दीवार पर एकमुखी शिवलिंग स्थापित है (चित्र सं० ३५)। इसे कुषाण एवं गुप्तकालीन एकमुखी शिवलिंगों की परम्परा में ही निर्मित किया गया है। यह तेली मन्दिर का समकालीन प्रतीत होता है। अतः इसे लगभग आठवीं शताब्दी ई० में निर्मित माना जा सकता है। शिवलिंग का एक अन्य उदाहरण चतुर्भुज मन्दिर (८७५ ई०) के जंघा भाग में उत्तरी पूर्वी प्रतिभद्र पर भी दर्शनीय है। इसमें दो उपासकों द्वारा शिवलिंग की पूजा का दृश्य चित्रित है। इनके अतिरिक्त लक्ष्मण द्वार और हथियापौर के बीच पहाड़ी में छोटी-छोटी रथिकाएँ काटकर उनमें कई शिवलिंग समूह उत्कीर्ण किए गये हैं। साथ में अन्य देवी-देवता तथा नन्दी भी अंकित हैं। इन शिवलिंगों का काल निश्चित कर सकना कठिन है। लक्ष्मण द्वार के अत्यधिक निकट होने के कारण बहुत संभावना है कि इन्हें लक्ष्मण द्वार के साथ ही निर्मित किया गया हो। साथ ही अन्य प्रतिमाओं तथा लक्ष्मण द्वार की तिथि के आधार पर इन्हें दसवीं शताब्दी के आस-पास रखा जा सकता है।

मानव रूप में

शिव के मानव रूपी स्वतन्त्र अंकन की प्रचीनता का अनुमान हड़प्पा सभ्यता से किया गया है। एक मुद्रा पर बनी हुई मानवाकृति उत्कूटिकासन में बैठी है। उसके सिर पर सींगवाला मुकुट,

---

६६. अवस्थी, रामाश्रय, खजुराहो की देवप्रतिमाएं, पृ० १२२; देव, कृष्ण, कृष्ण-लीला सीन्स इन द लक्ष्मण टेम्पुल, खजुराहो, ललितकला, नं० ७, मार्च १९६०, पृ० ८४-८५

६७. मार्शल, मोहन जोदड़ो एण्ड इण्डस सिविलाइजेशन, पृ० ५९

६८. जोशी, नी० पु०, प्राचीन भारतीय मूर्तिविज्ञान, पृव ५१-५४

दायीं ओर भैंसा और गैंडा तथा बायीं ओर हाथी और बाघ चित्रित हैं। मार्शल महोदय ने इसे शिव पशुपति का प्रारम्भिक रूप माना है।[६९] पतंजलि के साक्ष्य से स्पष्ट हो जाता है कि शुंगकाल में शिव मानवरूप में चित्रित किए जाते थे।[७०] उज्जयिनी से प्राप्त प्रथम-द्वितीय श० ई० पू० की मुद्राओं में दण्ड-कमण्डलधारी पुरुष को विद्वानों ने शिव का अंकन माना है।[७१] कुषाण शासकों के सिक्कों पर भी शिव को चित्रित किया गया है।[७२] उत्तर कुषाण-काल तथा गुप्तकाल की अनेक मूर्तियाँ रंगमहल, नेवल (उन्नाव), अहिच्छत्र, राजघाट (वाराणसी), मथुरा, मूसानगर (कानपुर) आदि स्थलों से प्राप्त हुई हैं, जिनमें शिव विविध रूपों में चित्रित किए गये हैं।[७३] इस प्रकार पूर्व कुषाणकाल से गुप्तकाल तक कला में शिव का जो अंकन हुआ है, उसमें शिव का एकाकी रूप, सिंह के साथ शिव, चतुर्भुज शिव, शिव-पार्वती, अर्धनारीश्वर, लकुलीश, अज-एकपाद, दक्षिणामूर्ति, रावणानुग्रह, भिक्षाटन व गजासुर-संहार, भैरव, नृत्यमूर्ति उल्लेखनीय है।[७४] ग्वालियर दुर्ग के मन्दिरों की दीवारों पर शिव के अनेक मानवीय रूप चित्रित किए गये हैं।

अजएकपाद

अजएकपाद का उल्लेख ग्यारह रूद्रों में आता है।[७५] महाभारत के अनुसार अहिर्बुध्न्य और कुबेर के साथ ये धन की रक्षा करते हैं।[७६] छागमुख होने के कारण इनकी समानता अग्नि से भी स्थापित की गयी है।[७७] अजएकपाद का एक चित्रण रंगमहल से भी प्राप्त हुआ है, जो मूर्तिविज्ञान के क्षेत्र में अनोखा है। इसमें अज के स्थूल शरीर का संतुलन हाथी के एक भारी पैर पर बड़े कलात्मक ढंग से किया गया है।[७८]

तेली मन्दिर के जंघा भाग में दक्षिणी-पूर्वी कर्ण पर अज एकपाद की एक द्विभुजी प्रतिमा अंकित है। उनकी दायीं भुजा अभयमुद्रा में तथा बायीं कमण्डल धारण किए हैं। उनका शरीर एक पैर पर संतुलित है।

लकुलीश

ईसवी सन् की पहली शताब्दी तक लकुलीश नामक आचार्य ने दक्षिण भारत के कायावरोहण तीर्थ में पाशुपत मत की स्थापना की थी।[७९] इसकी मान्यता इतनी बढ़ी कि लकुलीश शिव का प्रतीक हो गये। लकुशील प्रतिमा का मुख्य लक्षण ऊर्ध्वलिंग होना तथा उनके द्वारा दण्ड

---

६९. मार्शल, मोहनजोदड़ो एण्ड इन्डस सिविलाइजेशन, भाग १, पृ० ५२
७०. काणे, पी० वी०, हिस्ट्री आफ धर्मशास्त्र, भाग १, पृ० १०३
७१. बनर्जी, जे० एन०, डेवलप्मेण्ट आफ हिन्दू आइकनोग्राफी, पृ० ११७
७२. जोशी, नी० पु०, प्राचीन भारतीय मूर्तिविज्ञान, पृ० २८-३०
७३. वही, पृ० ३१-४२
७४. जोशी नी० पु०, प्रानीन भारतीय मूर्तिर्विज्ञान, पृ० ३१-४२
७५. महाभारत, शान्ति०, २०८,१९
७६. वही, उद्योग, ११४, ४
७७. अग्रवाल, आर०सी०, टेराकोट्टाज इन द बीकानेर म्यूजियम, ललितकला, नं० ८, अक्टूबर १९६०, पृ० ६७
७८. वही
७९. अग्रवाल, वी० एस०, द रिलीजियस सिग्नीफिकेन्स, ललितकला, नं० ८, पृ० ६६

धारण करना है। अब तक ज्ञात प्रतिमाओं से राजस्थान के नांद गाँव के शिवलिंग पर अंकित लकुलीश को प्राचीनतम मानना चाहिए।[८०] यहाँ ऊष्णीषधारी शिव को आसन पर दोनों पैर रखे बैठा दिखलाया गया है। लकुलीश की एक गुप्तकालीन मूर्ति मथुरा संग्रहालय में है (सं० संख्या ४५.३२११)। यहाँ वे द्विभुज हैं। बायीं कुहनी पर दण्ड संभाला गया है और दोनों हाथ व्याख्यान मुद्रा में है। घुटनों पर योग पट्ट भी दिखलाई पड़ता है।[८१] मथुरा संग्रहालय में ही चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के समय का एक अभिलिखित स्तम्भ है (सं० संख्या २९.१९३१) जिस पर नग्न और मुक्तकेश दण्डधारी लकुलीश दिखलाई पड़ते हैं।[८२] अहिच्छत्रा के मृत्फलकों में भी डा० अग्रवाल ने लकुलीश को पहचानने का यत्न किया है, किन्तु यह सन्देहास्पद है।[८३]

ग्वालियर दुर्ग पर स्थित तेली मन्दिर में जंघा भाग के दक्षिण -पूर्वी कर्ण पर ऊर्ध्वलिंग लकुलीश उत्कूटिकासन में बैठे हुए प्रदर्शित हैं। उनकी एक भुजा में लकुट तथा दूसरी में बीज पूरक सुशोभित है। घुटनों पर योगपट्ट भी दर्शनीय है। वे एक विकसित पद्म पर विराजमान हैं। इसी प्रकार चतुर्भुज मन्दिर के जंघा भाग में दक्षिणी दीवार की एक छोटी सी रथिका में द्विभुजी ऊर्ध्वलिंग लकुलीश अपने दो शिष्यों के साथ प्रदर्शित हैं।

गजासुरवध-मूर्ति

शिव की गजान्तक अथवा गजासुर-वध मूर्ति का आधार कूर्मपुराण में वर्णित एक कथा है, जिसमें कहा गया है कि जब गजासुर शिव आराधना में लीन ब्राह्मणों के उत्पीड़न हेतु काशी आया, तब लिंगमूर्ति से प्रकट होकर भगवान शंकर ने उसका संहार किया और उसकी त्वचा को अपने करों में लेकर नृत्य किया, जिससे सभी प्राणी सुखी हुए।[८४] शिव ने गजासुर का वध किया, इसलिए वे 'गजान्तक' अथवा 'गाजारि' कहलाये। इस कथा के कुछ भिन्न रूप भी मिलते हैं।[८५] उत्तर तथा दक्षिण भारतीय शिल्पकला में गजान्तक प्रतिमा का अंकन विविधता के साथ मिलता है। इसके अनेक रूपों का वर्णन अंशुमद्भेदागम्, शिल्परत्न आदि शास्त्रों में उपलब्ध है।[८६]

उत्तर भारत में गजासुरवध-मूर्ति अंकन की परम्परा गुप्तकाल से ही देखने को मिलती है। उदाहरणस्वरूप भीतरगाँव मन्दिर की दक्षिणी दिशा के एक शैव फलक की पहचान जोशी जी ने गजासुर-वध से की है।[८७] अन्य अनेक पाषाण एवं ताम्र निर्मित मध्ययुगीन प्रतिमाएँ उत्तर तथा दक्षिण भारत के विभिन्न स्थानों से प्राप्त हुई हैं। इनमें एलोरा, ऐलीफैन्टा, भुवनेश्वर, खजुराहो, महोबा,

---

८०. अग्रवाल, आर० सी०, चतुर्भुज शिवलिंग फ्राम नांद नियर पुष्कर, राजस्थान, पुरातत्व, वाराणसी, नं० २, १९६८-६९, पृ० ५३-५४

८१. जोशी, नी० पू०, प्राचीन भारतीय मूर्तिविज्ञान, पृ० ३९

८२. वही, पृ० ३९-४०

८३. अग्रवाल, वी० एस०, टेराकोटा फीगराइन्स आफ अहिच्छत्र, एन्शिएन्ट इण्डिया, भाग ४, १९४८, पृ० १६९

८४. मिश्र, जनार्दन, भारतीय प्रतीक विद्या, पटना १९५९, पृ० ८२

८५. राव, टी०ए० गोपीनाथ, एलीमेण्ट्स आफ हिन्दू आइकनोग्राफी, भाग २, खण्ड १, पृ० १५१

८६. राव, टी० ए० गोपीनाथ, एलीमेन्ट्स आफ हिन्दू आकइनोग्राफी, भाग २, खण्ड १, पृ० १५१

८७. जोशी, नी० पु०, प्राचीन भारतीय मूर्तिविज्ञान, पृ० ४२

ग्यारसपुर, अनन्तपुर, अमृतपुर, हलेबिड़ तथा दारासुरम् आदि की प्रतिमाएं विशेष उल्लेखनीय हैं।[८८] इनके निर्माण के सम्बन्ध में प्रसिद्ध विद्वान श्री शिवराममूर्ति का मत है कि उत्तर तथा दक्षिण भारत में इनके अंकन की भिन्न-भिन्न परम्पराएँ थीं। दक्षिण भारत में 'अन्धकान्तक' से भिन्न शुद्ध 'गजान्तक' मूर्ति का एक विशेष रूप है, किन्तु पश्चिम भारत, मध्य भारत एवं उड़ीसा में गजासुर-संहार और अंधकासुर-संहार को एक साथ मिलाकर प्रस्तुत किया गया है।[८९]

निस्सन्देह उत्तर भारत में कुछ ऐसी प्रतिमाएँ उपलब्ध हैं, जिनमें हमें शिव के मिश्रित रूप गजान्तक-अन्धकान्तक के दर्शन होते हैं। इस सम्बन्ध में कृष्ण कुमार के मतानुसार यद्यपि उत्तर भारत के किसी भी भाग से शिव की कोई शुद्ध 'गजान्तक' प्रतिमा अभी तक प्रकाश में नहीं आयी है, तथापि अनेक विद्वानों ने एलोरा, एलीफैण्टा, भुवनेश्वर, खजुराहो, गुर्गी, ग्यारसपुर आदि स्थानों से प्राप्त अन्धकासुर मूर्तियों को ही शिव का शुद्ध गजान्तक अथवा मिश्रित रूप गजान्तक अन्धकान्तक मान लिया है।[९०] परन्तु इस समस्या प्र यदि गम्भीरता पूर्वक विचार किया जाए तो स्पष्ट हो जायेगा कि दक्षिण की भाँति उत्तर भातर में भी अन्धकारि एवं गजारि शिव के दो भिन्न रूप हैं, किन्तु अन्धकान्तक की अपेक्षा 'गजान्तक' मूर्तियों की संख्या उत्तर में अत्यन्त न्यून है।[९१]

कृष्ण कुमार ने उत्तर भारत की 'गजान्तक' एवं 'अन्धकान्तक' मूर्तियों को तीन श्रेणियों में विभक्त किया है-शुद्ध गजान्तक, शुद्ध अन्धकान्तक और गजान्तक - अन्धकान्तक का मिश्रित रूप। 'शुद्ध गजान्तक' प्रतिमा में नृत्यरत शिव के साथ गज एवं देवी का चित्रण आवश्यक है, यद्यपि उत्तर भारत में इस प्रकार की मूर्तियाँ कम अवश्य हैं, तथापि यहाँ इनका सर्वथा अभाव भी नहीं है। महोबा की प्रतिमा इसका सुन्दर उदाहरण है! 'शुद्ध अन्धकान्तक प्रतिमा में अलीढ़ अथवा प्रत्यालीढ़ पाद में खड़े शिव अन्धकासुर को त्रिशूल से बेधते हुए दिखलाये जाते हैं। नीचे के भाग में योगेश्वरी, सप्तमातृकाएँ, शिवगण, राक्षस आदि भी अंकित रहते हैं! इनमें कभी शिव हस्तिचर्म से आच्छादित रहते हैं, कभी नहीं। 'गजान्तक-अन्धकान्तक' की मिश्रित प्रतिमा में नृत्यरत शिव के दाहिनी ओर गज एवं बाई ओर पार्वती और अधोभाग में योगेश्वरी, सप्तमातृकाएँ आदि भी उपस्थित रहती हैं। एलोरा के कैलाश मन्दिर में नन्दी मण्डप के अधोभाग में स्थित मूर्ति इसका सुन्दर उदाहरण है।[९२]

ग्वालियर दुर्ग में 'गजासुरवध' या 'गजान्तक' शिव की दो प्रतिमाएँ उपलब्ध हैं, जो कला की दृष्टि से तो उतनी उत्कृष्ट कोटि की नहीं हैं, किन्तु प्रतिमा वैज्ञानिक अध्ययन के लिए विशेष

---

८८. राव, टी० ए० गोपीनाथ, एलीमेन्ट्स आफ हिन्दू आइकनोग्राफी, भाग २, खण्ड १, पृ० १५२-१५६; पृ० १९२-१९४, चित्र ३०-३४; ४५-४७; विद्या प्रकाश, खजुराहो, बम्बई, १९६७, पृ० १३६; कुमार, कृष्ण, महोबा की गजान्तक प्रतिमा, संग्रहालय-पुरातत्व-पत्रिका, अंक १५-१६, १९७५, पृ०८३-८६, चित्र. ४, दीक्षित, एस० के० ए गाइड टुद सेन्टर आर्क्योलाजिकल म्यूजियम, ग्वालियर, १९६२, पृ० ४८-४९, चित्र ६

८९. शिवराममूर्ति, सी०, आइकनोग्राफिक ग्लीनिंग्स फ्राम एपिग्राफी, प्रोसीडिंग्स आफ थर्टीन्थ आल इण्डिया ओरिएन्टल कान्फ्रेन्स, नागपुर, १९४६, खण्ड ३, पृ० ४०, जियोग्राफिकल एण्ट क्रोनोलाजिकल फैक्टर्स इन आइकनोग्राफी, एन्शिएण्ट इण्डिया, सं० ६, नई दिल्ली, पृ० ६०

९०. कुमार, कृष्ण, महोबा की गजान्तक प्रतिमा, संग्रहालय पुरातव -पत्रिका, अंक १५-१६, लखनऊ १९७५, पृ० ८६

९१. वही, पृ० ८७-८८

९२. वही, पृ०९३

महत्वपूर्ण हैं। इनमें से एक प्रतिमा तेली मन्दिर के जंघा भाग में पश्चिमी भद्र पर एक छोटी सी रथिका में उत्कीर्ण है (चित्र सं० ३६)। इसमें शिव चतुर्भुजी हैं। वे आलीढ़-मुद्रा में खड़े प्रदर्शित हैं। भैरव के समान उनके केश ऊर्ध्वपिंगल हैं। वे गले में नागों की माला, कानों में कुण्डल, कटि में मेखला तथा घुटनों तक लटकी हुई नरमुण्ड-माला से सुशोभित हैं। अपनी दो बाईं तथा ऊपर की एक दाहिनी भुजा से वे गजचर्म धारण किए हैं तथा नीचे का दाहिना हाथ वक्षस्थल के समीप प्रदर्शित है। शिव के वाम भाग में द्विभुजी देवी पार्वती अंजलिमुद्रा में घुटने के बल बैठी हैं, जो संभवतः हाथ जोड़कर शिव से संहार-लीला समाप्त करने का अनुरोध कर रही हैं तथा दाहिनी ओर शिव का एक गण संभवतः भृंगी नृत्य करते हुए दिखलाये गये हैं।

उपर्युक्त प्रतिमा में शिव को दक्षिण भारत की गजान्तक मूर्तियों के समान नृत्य करते हुए नहीं दिखलाया गया है, अपितु वे उत्तर भारत की अन्धकान्तक मूर्तियों की भाँति आलीढ़ मुद्रा में प्रदर्शित हैं, अर्थात् दक्षिण पाद पीछे की ओर सीधा प्रसारित है और बायां पाद आगे बढ़कर मुड़ा हुआ किसी अस्पष्ट वस्तु पर स्थित है। यहाँ पर आलीढ़ मुद्रा में होते हुए भी वे अन्धकासुर के शरीर को त्रिशूल से बेधते हुए नहीं दिखलाये गये हैं तथा साथ में योगेश्वरी, सप्तमातृकाओं आदि का भी अंकन नहीं है। इसके विपरीत वे गजचर्म धारण किए हैं तथा साथ में देवी पार्वती को भी प्रदर्शित किया गया है। इस प्रकार इसमें अन्धकान्तक मूर्ति का प्रभाव होते हुए भी इसे 'शुद्ध गजान्तक' प्रतिमा कहा जा सकता है।

दूसरी गजासुर संहार-मूर्ति लक्ष्मण द्वार के ठीक सामने पहाड़ी में ५ × ४ मी० की विशाल रथिका में उत्कीर्ण की गयी है। यह प्रतिमा बहुत अधिक टूट-फूट चुकी है तथा ऐसा लगता है कि किसी समय इसे जानबूझ कर नष्ट किया गया है। अपनी पूर्णावस्था में यह कला की दृष्टि से उत्कृष्ट कोटि की रही होगी। इसमें भी चतुर्भुजी शिव आलीढ़ मुद्रा में खड़े प्रदर्शित हैं। वे अपनी ऊपर की दोनों भुजाओं में गजचर्म धारण किये हैं। नीचे की दोनों भुजाएँ तथा प्रतिमा के अन्य लांछन पूर्णतः नष्ट हो चुके हैं। उपर्युक्त पहली प्रतिमा की भाँति यह प्रतिमा भी शिव का 'शुद्ध गजान्तक' रूप प्रतीत होती है। इसका निर्माण संभवतः लक्ष्मण द्वार के साथ लगभग १०वीं शताब्दी ई० में किया गया होगा। इस प्रकर ग्वालियर दुर्ग की ये दोनों गजासुर संहार-मूर्तियाँ प्रतिमा वैज्ञानिक अध्ययन की दृष्टि से विशेष महत्व की हैं। कृष्ण कुमार ने महोबा की गजान्तक प्रतिमा का उल्लेख करते हुए कहा है कि इस प्रकार की कोई अन्य प्रतिमा अब तक उत्तर भारत में प्राप्त नहीं हुई है।[९३] यह सच है कि ग्वालियर की उक्त दोनों प्रतिमाओं में शिव को महोबा की गजान्तक मूर्ति की भाँति नृत्य करते हुए नहीं दिखलाया गया है और न ही दक्षिण भारत की 'गजारि' प्रतिमाओं की भाँति इसमें शिव के दाहिने पैर के नीचे हस्ति-मस्तक ही प्रदर्शित है, फिर भी इन मूर्तियों में शिव का शुद्ध गजान्तक रूप ही प्रस्तुत हुआ है। इस प्रकार न केवल महोबा की गजसंहार-मूर्ति, अपितु ग्वालियर दुर्ग की ये दोनों प्रतिमाएँ भी उत्तर भारत में शिव के 'शुद्ध गजान्तक' रूप का प्रतिनिधित्व करती हैं। इस दृष्टि से ये दोनों प्रतिमाएँ और भी अधिक महत्वपूर्ण हैं।

---

९३. कुमार, कृष्ण, महोबा की गजान्तक प्रतिमा, संग्रहालय-पुरातत्व-पत्रिका, अंक १५-१६, लखनऊ, १९७५, पृ० ९३

भैरव

महाभारत में कहा गया है कि वेद ब्राह्मणों ने शिव के दो शरीर मानें हैं, एक 'शिव' या सौम्य तथा दूसरा 'घोर'।[९४] शिव के घोर रूप का दर्शन महा भैरव के रूप में अहिच्छत्र के मृत्फलक पर होता है।[९५] इसके अतिरिक्त पूर्व कुषाणकालीन मुख लिंगों में भी हमें उनके अघोर रूप के दर्शन होते हैं।[९६]

ग्वालियर में तेली मन्दिर के जंघा भाग में दक्षिणी-पूर्वी कर्ण पर भैरव की एक द्विभुजी प्रतिमा स्थापित है। इसमें उनके वक्षस्थल पर अस्थि-मुण्डमाला सुशोभित है तथा केश ऊर्ध्वपिंगल हैं। वे अपनी दायीं भुजा में कपाल तथा बायीं में त्रिशूल धारण किए हैं।

शिव-पार्वती

मूर्तिकला में शिव-पार्वती का अंकन कुषाण काल से मिलता है। इस प्रकार की मूर्तियों में ऊर्ध्वलिंग शिव अपनी शक्ति के साथ आलिंगन मुद्रा में खड़े हैं। दोनों द्विभुज हैं। उनके पीछे वाहन नन्दी का अंकन है। त्रिशूल, परशु आदि किसी आयुध विशेष का चिन्ह नहीं है।[९७] गुप्तकालीन शिव-पार्वती की अनेक प्रतिमाएँ मथुरा, कौशाम्बी आदि स्थलों से प्राप्त हुई हैं।[९८] इस काल में शिव दाढ़ी मूछों से युक्त दाहिने हाथ में अक्षमाला तथा बायाँ अभयमुद्रा के साथ चित्रित किए गये हैं। पार्वती के हाथ में दर्पण प्रदर्शित है।[९९]

ग्वालियर दुर्ग पर १०९३ ई० के सास मन्दिर में ब्रह्मा, विष्णु, महेश की अनेक मूर्तियाँ अपनी शक्तियों के साथ निर्मित की गयी थीं, किन्तु मन्दिर के खण्डित हो जाने के कारण बहुत सी प्रतिमाएँ नष्ट हो गयी हैं। शिव-पार्वती की एक प्रतिमा सास मन्दिर के मण्डप की पश्चिमी दीवार में जंघा भाग पर स्थापित है। इसमें विभिन्न अलंकरणों से सुसज्जित चतुर्भुजी शिव तथा द्विभुजी पार्वती बैठे हुए प्रदर्शित हैं। उनकी भुजाएँ खण्डित हैं। नीचे वाहन नन्दी का भी अंकन किया गया है।

चतुर्भुजी शिव

तेली मन्दिर के जंघा भाग में दक्षिणी-पश्चिमी कर्ण पर एक छोटी सी रथिका में शिव की चतुर्भुजी प्रतिमा अंकित है। इसमें शिव की एक भुजा में नाग, दूसरी में त्रिशूल, तीसरी वरद मुद्रा में तथा चौथी खण्डित है। यहाँ पर शिवजी समपाद मुद्रा में खड़े हैं। चतुर्भुजी शिव की लगभग ११ प्रतिमाएँ सास मन्दिर के जंघा भाग में दर्शनीय हैं। इनमें जटाजूटधारी शिव की एक भुजा वरद मुद्रा में, दूसरी में त्रिशूल, तीसरी में नाग तथा चौथी भुजा में सम्भवतः कमण्डलु धारण किए हैं। वे स्थानक व आसन दोनों ही मुद्राओं में चित्रित हैं। कहीं-कहीं पर उनके साथ वाहन नन्दी का भी अंकन हुआ है।

---

९४. महाभारत, द्रोणपर्व, २०२, १०७
९५. जोशी, नी० पु०, प्राचीन भारतीय मूर्तिविज्ञान, पृ० ३२
९६. वही, पृ० ४२
९७. जोशी, नी० पु०, प्राचीन भारतीय मूर्तिविज्ञान, पृ० ३८
९८. वही
९९. बनर्जी, जे० एन०, डेवलप्मेण्ट आफ हिन्दू आइकनोग्राफी, पृ० ४६८

षट्भुजी शिव

ग्वालियर दुर्ग से प्राप्त शिव की एक अन्य षट्भुजी खण्डित प्रतिमा केन्द्रीय पुरातत्व संग्रहालय, ग्वालियर में सुरक्षित है (चित्र सं० ३७)। इसमें स्थानक शिव की सभी भुजाएँ खण्डित हैं। इसके अतिरिक्त जंघों से नीचे का भाग भी टूटा हुआ है। वे द्विभंग मुद्रा में गतिशील प्रतीत होते हैं। अतः संभव है कि यह शिव-नटराज की प्रतिमा रही हो। जटाजूट, कुण्डल, हार ग्रैवेयक, बाजूबन्द, यज्ञोपवीत, कंकण, कटिसूत्र, धोती आदि से अलंकृत शिव अर्धोन्मीलित नेत्र एवं मधुर हास से अभिलिषित हैं। उनकी जटाओं के पीछे एक सर्प निकलकर ऊपर की दाहिनी भुजा पर अपना फण टिकाये हुए है। यह प्रतिमा लगभग १०वीं-११वीं शताब्दी ई० की अनुपम कलाकृति है।

गणेश

गणेश अर्थात् गणों के ईश का तात्पर्य है, गणों के स्वामी। गणों का सम्बन्ध शिव से रहा है। इस प्रकार गणेश को शिव गणों का अधिपति माना गया है। इन्हें इनकी शरीरगत विशेषताओं के आधार पर गजानन, लम्बोदर, एकदन्त आदि नामों से भी सम्बोधित किया जाता है। 'गणपति' शब्द का उल्लेख सर्वप्रथम ऋग्वेद में मिलता है, किन्तु यहाँ पर यह ब्रह्मणस्पति के लिए प्रयुक्त हुआ है।[१००] शुक्ल यजुर्वेद में भी कई स्थानों पर गणपति शब्द का प्रयोग हुआ है किन्तु यहाँ भी यह गणेश के अर्थ में नहीं है।[१०१] मैत्रायनी संहिता में गणपति का अस्पष्ट उल्लेख है।[१०२] इसमें सन्देह नहीं कि इसवीसन् के प्रारम्भ के बहुत पूर्व ही गणपति का साहित्य में प्रवेश हो चुका था।[१०३] डा० कुमार स्वामी ने अमरावती के स्तूप से मिले एक ऊष्णीष पर अंकित गजमुख यक्षों को गणेश की प्रतिमा का प्राचीनतम रूप माना है।[१०४]

गणेश की प्राचीनतम प्रतिमा का वर्णन बृहत्संहिता में हुआ है। इसमें वे द्विभुजी, एकदन्त, गजवदन और लम्बोदर वर्णित हैं। उनके हाथों में परशु और कन्दमूल होना चाहिए।[१०५] विष्णुधर्मोत्तरपुराण, मत्स्यपुराण, अग्निपुराण, अपराजितपृच्छा, रूपमण्डन आदि शास्त्रीय ग्रन्थों में प्रायः गणेश के चतुर्भुजी, गजवदन, लम्बोदर, सर्प-यज्ञोपवीतधारी, विस्तृत कर्ण, एकदन्त होने का उल्लेख है।[१०६] उनके हाथों में त्रिशूल, अक्षमाला, मोदकपात्र अथवा मोदक, परशु, कमल, कपित्थ, अंकुश, नाग आदि में से कोई चार लाछंन होने चाहिए।[१०७] साथ में कभी-कभी उनकी दो पत्नियों ऋद्धि और

---

१००. ऋग्वेद, २, २३, १; बनर्जी, जे० एन०, डेवलप्मेण्ट आफ हिन्दू आइकनोग्राफी, पृ० ४७५; सम्पूर्णानन्द, गणेश, पृ० १

१०१. माध्यदिनीय संहिता, १७, २५, २३, १९

१०२. जोशी, नी० पु०, प्राचीन भारतीय मूर्तिविज्ञान, पृ० १६७

१०३. वही

१०४. बनर्जी, जे० एन०, डेवलप्मेण्ट आफ हिन्दू आइकनोग्राफी, पृ० ३५६

१०५. बृहत्संहिता, ५८, ५८

१०६. विष्णुधर्मोत्तर०, ७१, १३-१६; मत्स्यपुराण, ३६०, ५२-५५; अपराजित०, २१२, ३५-३७, रूपमण्डन, ५,१५; अग्निपुराण, ५०, २३-२६

१०७. वही

बुद्धि, भारती और श्री, बुद्धि और कुबुद्धि अथवा विघ्नेश्वरी आदि नामों का भी उल्लेख है।[१०८] वे करण्डमुकुट तथा अन्य अनेक आभूषणों से अलंकृत होने चाहिए।[१०९]

अंशुमद्भेदागम, उत्तरकामिकागम, सुप्रभेदागम, शिल्परत्न आदि ग्रंथों में गणेश प्रतिमा का विवरण बहुत कुछ पुराणों के समान ही है।[११०]

भारतीय कला में गणेश का अंकन कुषाण काल से मिलता है। मथुरा से प्राप्त एक शिलापट्ट में गजमस्तक युक्त आकृतियों वाले पांच गजानन यक्षों का अलंकरण है।[१११] मथुरा संग्रहालय से तीसरी-चौथी शताब्दी में निर्मित गणेश की मूर्तियाँ उल्लेखनीय हैं।[११२] गुप्तकाल में गणेश मूर्तियों का प्रचलन और अधिक बढ़ गया। इस काल की प्रतिमाएँ उदयगिरि, अहिच्छत्र, भीतरगाँव, देवगढ़, राजघाट (वाराणसी) आदि स्थानों से मिली है।[११३] मध्यकाल में गणपति प्रतिमाओं का प्रचार बहुत बढ़ गया, पूर्व और उत्तर मध्ययुगीन गणपति की अनेक आसन, स्थानक और नृत्य मूर्तियाँ सारे भारत में उपलब्ध होती हैं। इन मूर्तियों में गणेश द्विभुजी, चतुर्भुजी, षट्भुजी, दसभुजी आदि रूपों में अंकित किए गये हैं। इनमें चतुर्भुज रूप में अंकित प्रतिमा अधिक लोकप्रिय रही है। सामान्यतः वे गजवदन, सूर्पकर्ण, लम्बोदर, एकदन्त, सर्पयज्ञोपवीत, परसु, अंकुश मोदकपात्र आदि धारण किए प्रदर्शित किये गये हैं।

ग्वालियर दुर्ग से प्राप्त गणेश की सर्वाधिक प्राचीन प्रतिमा गुजरी महल संग्रहालय में उपलब्ध है। इसमें द्विभुजी गणेश बैठे हुए प्रदर्शित हैं। उनके बाएँ हाथ में मोदकपात्र है, जिसे वह अपनी सूढ़ से स्पर्श कर रहे हैं। दायाँ हाथ खण्डित है। वे मुकुट, सर्पयज्ञोपवीत आदि से अलंकृत हैं। उनकी भुजाओं में बाजूबन्ध, मस्तक पर मोतियों की लड़ियाँ तथा पैरों में नूपुर सुशोभित हैं (चित्र सं० ३८) यह प्रतिमा उरवाही द्वार पर स्थित अम्बिका और उनके संगी सर्वानुभूति यक्ष (चित्र सं० ४७) की समकालीन प्रतीत होती है। इस आधार पर इसे आठवीं शताब्दी ई० में रखा जा सकता है।

तेली मन्दिर की छोटी-छोटी रथिकाओं में भी गणेश का अंकन हुआ है। एक द्विभुजी प्रतिमा दक्षिणी-पूर्वी कर्ण पर नृत्य-मुद्रा में प्रदर्शित है। इसकी एक भुजा में मोदक पात्र है तथा दूसरी खण्डित है। यह सर्पयज्ञोपवीत धारण किए है। इसी प्रकार एक अन्य प्रतिमा दक्षिणी-पश्चिमी कर्ण पर भी सुशोभित है। इसमें भी द्विभुजी गणेश नृत्यमुद्रा में प्रदर्शित हैं।

चतुर्भुज मन्दिर (८७५-७६ ई०) की दो गणेश प्रतिमाएँ भी उल्लेखनीय हैं। एक प्रतिमा मन्दिर के वेदीवन्ध के ऊपर की रथिका में उत्तरी-पूर्वी कर्ण पर स्थित है। इसमें गणेश द्विभुजी प्रदर्शित हैं। दूसरी दक्षिणी भद्र पर स्थापित हैं। इसमें वे चतुर्भुजी हैं। हाथों के आयुध अस्पष्ट हैं। चतुर्भुज मन्दिर

---

१०८. वही

१०९. वही

११०. राव, गोपीनाथ, एलीमेण्ट आफ हिन्दू आइकनोग्राफी, भाग १, ११, अपेण्डिक्स-सी, पृ० १-५

१११. जोशी, नी० पु०; मथुरा, कला पृ० ७३-७४

११२. जोशी, नी० पु०, प्राचीन भारतीय मूर्ति विज्ञान, पृ० १६९

११३. अग्रवाल, वी० एस०, टेराकोटा फिगराइन्स फ्राम अहिच्छत्र, एन्सिएन्ट इण्डिया, भाग-४; वत्स, माधवस्वरूप, द गुप्ता टेम्पुल एट देवगढ़, आ० स० इ०, मेमोयर, नं० ७०, प्लेट X; जोशी, नी० पु०, प्राचीन भारतीय मूर्तिविज्ञान, पृ० १६९

और लक्ष्मण द्वार के मध्य एक अपूर्ण मन्दिर के गर्भगृह की दक्षिणी दीवार पर नवीं-दसवीं शताब्दी की ब्राह्मलिपि में गणेश-स्तुति अंकित है। मन्दिर की शुकनास पर नृत्य करते हुए गणेश की चतुर्भुजी अस्पष्ट प्रतिमा भी उत्कीर्ण है। लक्ष्मण द्वार के बाहर दाईं ओर की पहाड़ी में ५० सेमी० ऊँची और ८० सेमी० चौड़ी रथिका काटकर उसमें गणेश-लक्ष्मी की चतुर्भुजी मूर्ति बनायी गयी है। इनकी भुजाएँ खण्डित हैं। साथ में अन्य गण भी चित्रित किए गये हैं। शैली के आधार पर इस प्रतिमा को नवीं-दसवीं शताब्दी के मध्य रखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त लक्ष्मण द्वार और हथियापौर के बीच कुछ शिवलिंग तथा अन्य देवी-देवताओं के साथ गणेश की पाँच प्रतिमाएँ दर्शनीय हैं।

सास-बहू मन्दिर में गणेश की स्वतन्त्र प्रतिमाओं का अभाव है। गर्भगृह के प्रवेश-द्वार पर उदुम्बर में एक ओर तीन अनुचरों के साथ गणेश तथा दूसरी और तीन अनुचरों के साथ कुबेर को बैठे हुए प्रदर्शित किया गया है। मन्दिर का गर्भगृह नष्ट हो गया है। सम्भव है उसमें भी गणेश की कुछ अन्य प्रतिमाएँ स्थापित रही हों।

कार्तिकेय

कार्तिकेय को ऋग्वैदिक देवता 'कुमार' से जोड़ने का प्रयास किया गया है।[११४] कालान्तर में उनके स्कन्द, सनत, विशाख, जयन्त, विजयन्त, गुह, महासेन, धूर्त, लोहितगात्र आदि अनेक नाम लोकप्रिय हुए।[११५] इनकी उत्पत्ति के विषय में चार मत प्रचलित थे। पितामह के ज्येष्ठपुत्र सनतकुमार, महेश्वर के पुत्र, अग्नि के पुत्र और उमा-गंगा तथा कृत्तिकाओं के पुत्र के रूप में।[११६]

बृहत्संहिता में कार्तिकेय को शक्तिधर कहा गया है।[११७] विष्णुधर्मोत्तरपुराण के अनुसार कार्तिकेय या कुमार को षट्मुख होना चाहिए, किन्तु उनके अन्य तीन रूप स्कन्द, विशाख और गुह एकमुख हों।[११८] मत्स्यपुराण और रूपमण्डन के अनुसार खेटनगर में कार्तिकेय की प्रतिमा द्वादशभुजी खर्वट में चतुर्भुज, वन अथवा ग्राम में द्विभुज बनानी चाहिए।[११९] द्वादशभुजी कार्तिकेय के दाहिने हाथों में शक्ति, पाश, खड्ग शर, त्रिशूल और एक हाथ या तो वरद या अभय मुद्रा में होता है तथा बाएँ हाथों के आयुध धनुष, पताका, मुष्टिक, तर्जनी, खेटक और ताम्रचूड़ होता है।[१२०] दाहिनी भुजा पर केयूर का आभरण भी होना चाहिए।[१२१] कार्तिकेय का वाहन मयूर भी चित्रित हो।[१२२] चतुर्भुज कार्तिकेय के बाएँ हाथों के आयुध शक्ति, पाश तथा दायें एक हाथ में असि और दूसरा वरद या अभय मुद्रा में होना चाहिए।[१२३] द्विभुज कार्तिकेय के बाएँ हाथ में शक्ति दायें हाथ में कुक्कुट होना चाहिए।[१२४]

---

११४. अग्रवाल, पी० के०; स्कन्द-कार्तिकेय, पृ० १-३४

११५. जोशी, नी० पु०, प्राचीन भारतीय मूर्तिविज्ञान, पृ० १४८

११६. अग्रवाल, पी० के०, स्कन्द-कार्तिकेय, पृ० २४

११७. बृहत्संहिता, ५७, ४१

११८. विष्णुधर्मोत्तर० ३, ७१, ३-६

११९. मत्स्यपुराण, २५९, ४५-५१, रूपमण्डन, ५, २६-२८

१२०. रूपमण्डन, ५, २८-३०

१२१. वही

१२२. वही, ५, २७

१२३. वही, ५, ३१-३२

कार्तिकेय का प्राचीनतम अंकन यौधेयों के सिक्कों में मिलता है।[१२५] कुषाण-कालीन मुद्राओं में भी स्कन्द, कुमार और विशाख के रूप में इस देवता को अंकित किया गया है।[१२६] गुप्तकाल में सम्राट कुमारगुप्त की स्वर्ण मुद्राओं पर भी कार्तिकेय की आकृति चित्रित हैं।[१२७]

मूर्तिकला के क्षेत्र में उपलब्ध प्रतिमाओं के आधार पर कहा जा सकता है कि कुषाण और गुप्तकाल में स्कन्द उपासना बहुत जोरों पर थी।[१२८] कुषाणकाल में कार्तिकेय बहुधा खड़े प्रदर्शित किए गये हैं। उनके साथ प्रायः उनका प्रिय खिलौना कुक्कुट भी प्रदर्शित किया गया है, जो उन्हें सूर्य के सारथि 'अरुण' अथवा समुद्र के द्वारा प्राप्त हुआ था।[१२९] कुषाणकाल में स्कन्द एकमुखी और दो भुजाओं वाले मिलते हैं। उनके दोनों कन्धों पर लहराते हुए केशों की लटें, वक्षस्थल पर त्रिकोण ग्रैवेयक तथा एक भुजा में आयुध 'शक्ति' सुशोभित होती है।[१३०] गुप्तकाल में स्कन्द के सिर पर तीन चोटियों वाली शिखा (त्रिशिख) प्रदर्शित है। कुषाणकालीन त्रिकोणीय ग्रैवेयक इस समय लुप्तप्राय है तथा गले में एकावली प्रदर्शित हुई है। इसके अतिरिक्त इस काल में उनका वाहन मयूर और आयुध शक्ति का भी अंकन मिलता है। कभी-कभी वह अपने मयूर को कुछ खिलाते हुए भी प्रदर्शित हुए हैं।[१३१] गुप्तोत्तर काल में भी कार्तिकेय प्रतिमाओं का निर्माण प्रचुर मात्रा में हुआ।

ग्वालियर दुर्ग में तेली मन्दिर (आठवीं शताब्दी) के जंघा भाग में दक्षिणी भद्र पर स्थापित एक कार्तिकेय प्रतिमा उल्लेखनीय है। इसमें द्विभुजी कार्तिकेय अपने वाहन मयूर पर ललितासन मुद्रा में बैठे हैं। वे अपने दाहिने हाथ से मयूर को कुछ (सम्भवतः अंगूर) चुगा रहे हैं तथा बाएँ हाथ में शक्ति धारण किए हैं। सिर पर तीन शिखाओं वाली चोटी है। उनका मुख खण्डित है। मयूर की पूंछ पीछे से मुड़कर कार्तिकेय के चारों ओर प्रभावली बना रही है (चित्र सं० ३९)। इसी मन्दिर में मयूर को चुगाते हुए कार्तिकेय का एक अन्य चित्रण उत्तरी-पश्चिमी कर्ण पर भी दर्शनीय है।

चतुर्भुज मन्दिर (८७५-७६ ई०) में भी वेदीबन्ध के ऊपर पश्चिमी भद्र की रथिका में तथा जंघा के उत्तरी-पश्चिमी कर्ण पर द्विभुजी कार्तिकेय का अंकन उपलब्ध है।

सूर्य

प्रकृति देवता के रूप में सूर्य-उपासना वैदिककाल से ही प्रचलित थी।[१३२] कुषाणों के समय में उसके कई परिवर्तन हुए और गुप्तकाल में यह पद्धति सौर सम्प्रदाय के नाम से प्रसिद्ध हुई।[१३३] पुरातत्व सम्बन्धी प्रमाणों से विदित होता है कि इस समय तक सूर्य मन्दिरों का निर्माण उत्तर भारत में होने लगा था।[१३४]

---

१२४. वही
१२५. अग्रवाल, पी० के०., स्कन्द-कार्तिकेय, पृ० ४१
१२६. रोज़नफील्ड, जे० एस०, द डाइनेस्टिक आर्ट आफ कुषाणाज, पृ० ९९
१२७. अग्रवाल, पी० के०,स्कन्द-कार्तिकेय पृ० ७६-७७
१२८. जोशी, नी० पु०, प्राचीन भारतीय मूर्तिविज्ञान, पृ० १४९-१५४
१२९. वही
१३०. वही० पृ० १४९-१५२
१३१. वही, पृ० १५२-१५३
१३२. सूर्यकान्त, वैदिक देवशास्त्र, पृ० ७५
१३३. जोशी, नी० पु० प्राचीन भारतीय मूर्तिविज्ञान, पृ० १५६
१३४. अवस्थी, रामाश्रय, खजुराहो की देवप्रतिमाएं, पृ० १६४

सूर्य प्रतिमा का प्रचीनतम विवरण बृहत्संहिता में मिलता है। इसमें सूर्य हार, कुण्डल, मुकुट आदि से सुशोभित, उदीच्यवेश, कंचुक तथा अव्यंग धारण किए, पैरों से वक्ष तक चोलक से ढके और हाथों में पद्म लिए हुए चित्रित हैं।[१३५] यहाँ पर सूर्य के रथ, अश्वों तथा अन्य अनुचरों का उल्लेख नहीं है। विष्णुधर्मोत्तरपुराण में सूर्य के रथ, अश्वों तथा अन्य अनुचरों का उल्लेख नहीं है विष्णुधर्मोत्तरपुराण में सूर्य का वर्णन बृहत्संहिता की परम्परा में है, किन्तु इसमें उन्हें उदीच्यवेश के साथ-साथ रथारूढ़ भी बतलाया गया है और उनके चार पुत्र, चार पत्नियों, वर्म और शूल से युक्त दण्ड व लेखनी लिए पिंगल का भी उल्लेख है।[१३६] उदीच्यवेश तथा रथारूढ़ सूर्य की प्रतिमा बनाने का विधान मत्स्यपुराण में भी मिलता है।[१३७] रूपमण्डन के अनुसार सूर्य सभी लक्षणों से युक्त और आभूषणों से अलंकृत, दो भुज, एक मुख वाले तथा हाथों में श्वेत कमल धारण किए हों।[१३८] सूर्य का यह विवरण अपराजितपृच्छा के आधार पर है।[१३९]

भारतीय कला में सूर्य की प्रतिमा का प्रारम्भिक अंकन बोधगया के एक शुंगकालीन वेदिका स्तम्भ से मिलता है, जिसमें सूर्य को चार अश्वों वाले रथ पर आरूढ़ प्रदर्शित किया गया है।[१४०] रथारूढ सूर्य के अन्य शुंगकालीन दृश्य उड़ीसा की अनन्तगुफा में दर्शनीय हैं।[१४१] सूर्य की कुषाणकालीन प्रतिमाएँ मथुरा से प्राप्त हुई हैं।[१४२] गुप्तकालीन सूर्य प्रतिमाएँ कुषाणकाल के सदृश ही हैं, किन्तु उनमें अब कुछ नया रूप आना प्रारम्भ हो गया था। इस काल में सामान्यतः सूर्य अपने हाथों में सनाल विकसित कमल धारण किए हैं और उनके साथ में उनके अनुचर दण्ड और पिंगल भी चित्रित हैं।[१४३] पूर्वमध्ययुग में सूर्य के साथ रानी राज्ञी और निक्षुभा आदि भी चित्रित किए जाने लगे। मध्ययुगीन सूर्य प्रतिमाओं में दण्ड-पिंगल, ऊषा-प्रत्यूषा के साथ कभी-कभी दो अश्विन देवताओं के चित्र भी मिलते हैं।[१४४]

ग्वालियर दुर्ग पर सूर्य-उपासना का पहला प्रमाण लगभग छठीं शताब्दी ई० का है। यहाँ से प्राप्त हूण शासक मिहिरकुल के एक अभिलेख से ज्ञात होता है कि मातृकुल के पौत्र तथा मातृदास के पुत्र मातृचेट ने अपने माता-पिता की और राजा को पुण्याभिवृद्धि के लिए सूर्य के एक पाषाण मन्दिर का निर्माण करवाया था।[१४५] यह मन्दिर अब नष्ट हो चुका है। इसे किस स्थान पर बनवाया गया था, यह भी निश्चय पूर्वक नहीं कहा जा सकता। कनिंघम का अनुमान है कि यह सूर्यकुण्ड के पश्चिमी

---

१३५. वृहत्संहिता, ५८, ४-४८
१३६. विष्णुधर्मोत्तर०, ३, ७, ११
१३७. मत्स्यपुराण, २६०, १-४
१३८. रूपमण्डन, २. १८
१३९. अपराजित०, २१४, ११-१२
१४०. कुमारस्वामी, ए० के०, हिस्ट्री आफ इण्डियन एण्ड इण्डोनेसियन आर्ट, पृ० ६७, चि० ६१
१४१. शाह, यू० पी०, स्टडीज इन जैन आर्ट, पृ० ७
१४२. जोशी, नी० पु०, प्राचीन भारतीय मूर्तिविज्ञान, पृ० १५८-१५९
१४३. बनर्जी, जे० एन०, डेवलपमेण्ट आफ हिन्दू आइकनोग्राफी, पृ० ४३५
१४४. अवस्थी, रामाश्रय, खजुराहो की देवप्रतिमाएं, पृ० १६९-१७०
१४५. फ्लीट, जे० एफ०, का० इ० इ०, खण्ड ३, १६२

तट पर स्थित वर्तमान सूर्य मन्दिर के स्थान पर ही रहा होगा।[१४६] ग्वालियर दुर्ग से मिहिरकुल के अभिलेख में उल्लिखित उक्त मन्दिर के अतिरिक्त इस काल का अन्य कोई प्रमाण उपलब्ध नहीं है।

एक सूर्य प्रतिमा सास-बहू मन्दिर और हथियापौर के मध्य पूर्वी प्राचीर में जड़ी हुई है। यह प्रतिमा एक रथिका में स्थापित है। इसमें सूर्य समपाद खड़े प्रदर्शित हैं । वे अपनी दोनों भुजाओं में पूर्ण विकसित पद्म धारण किए हैं तथा किरीटमुकुट, कुण्डल, हार, यज्ञोपवीत, वनमाला और मेखला से अलंकृत हैं। रथिका के दोनों ओर उनके दो अनुचर दण्ड और पिंगल भी चित्रित है (चित्र सं० ४०)। शैली के आधार पर इस प्रतिमा को नवीं शताब्दी ई० में निर्मित माना जा सकता है।

लक्ष्मणद्वार और हथियापौर के बीच पहाड़ी में छोटी-छोटी रथिकाएँ काट कर उनमें शिवलिंग, ब्रह्म, विष्णु, महेश, गणेश, नवग्रह आदि के साथ-साथ सूर्य की दो प्रतिमाएँ भी उत्कीर्ण की गयी हैं। इनमें चतुर्भुजी सूर्य अपने दो हाथों में पद्म धारण किए हैं। शेष दो हाथों के आयुध अस्पष्ट हैं। अनुमानतः इन प्रतिमाओं को १०वीं० श० ई० में लक्ष्मणद्वार के साथ ही निर्मित किया गया होगा।

सूर्य की एक प्रतिमा सास मन्दिर (१०९३ ई०) के मण्डप की पूर्वी जंघा पर दर्शनीय है। इसमें चतुर्भुजी सूर्य अपने ऊपर के दोनों हाथों में पद्म धारण किए हैं। नीचे के एक हाथ में अक्षमाला सुशोभित है तथा दूसरी भुजा का आयुध अस्पष्ट है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि ग्वालियर दुर्ग पर सूर्य उपासना के प्रमाण हमें छठीं शताब्दी ई० से ग्वारहवीं शताब्दी ई० तक लगातार मिलते हैं किन्तु मिहिरकुल के शासनकाल में निर्मित सूर्य मन्दिर के अतिरिक्त दुर्ग पर अन्य किसी स्वतन्त्र सूर्य मन्दिर का प्रमाण नहीं मिलता।

ब्रह्मा

ब्रह्मा, विष्णु और महेश की देवत्रयी में 'ब्रह्मा' को सृष्टि का नियामक कहा गया है। इनकी उत्पत्ति विष्णु के नाभि-कमल से मानी जाती है।[१४७] एक अन्य कथा के अनुसार आदि सर्गिक बीज तथा विष्णु रूप योनि के संयोग से एक सोने का अण्डा बना, जिससे ब्रह्मा की उत्पत्ति हुई।[१४८] दूसरी परम्परा यह बतलाती है कि जल तत्व और आकाश-तत्वों से ब्रह्मा विराट रूप में प्रकट हुए।[१४९] ब्रह्मा के द्वारा प्रजापतियों की उत्पत्ति हुई और प्रजापतियों ने सृष्टि को रचा। अतः ब्रह्मा सृष्टि के 'पितामह' कहलाये।[१५०] ऐसा कहा जाता है कि चारों वेदों की उत्पत्ति ब्रह्मा के चारों मुखों से हुई।

आसन अथवा वाहन भेद के आधार पर मत्स्यपुराण में ब्रह्मा की मूर्ति दो प्रकार की बतलायी गयी है-एक कमलासन और दूसरी हंसारूढ़।[१५१] इस पुराण के अनुसार वे चतुर्भुजी होने

---

१४६. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ० ३५३

१४७. राव, गोपीनाथ, एलीमेण्ट आफ हिन्दू आइकनोग्राफी, भाग २, पृ० ५०१; बनर्जी, जे० एन०, डेवलपेण्ट आफ हिन्दू आइकनोग्राफी, पृ० ५१४; शिवराममूर्ति, सी०, जियोग्रेफिकल एण्ड कोनोलाजिकल फेक्टर्स इन इण्डियन आइकनोग्राफी, एन्सिएण्ट इण्डिया, नं. ६, पृ० ३५

१४८. वही

१४९. वही

१५०. वही

१५१. मत्स्यपुराण, २५९, ४०

चाहिए तथा उनके हाथों में कमण्डलु, स्रुवा, दण्ड और स्रुक प्रदर्शित होना चाहिए।[१५२] ब्रह्मा के बाएँ सावित्री तथा दक्षिण में सरस्वती प्रतिमा बिठाने का भी विधान है।[१५३] समरांगणसूत्रधार में भी ब्रह्मा को दण्डधर कहा गया है।[१५४] अपराजितपृच्छा में ब्रह्मा की चार प्रकार की मूर्तियों का उल्लेख मिलता है।[१५५] इनमें कमलासन का कलि में, विरंचि का द्वापर में, पितामह का त्रेता में और ब्रह्मा का कृतयुग में महत्व है, किन्तु इनमें से कोई भी प्रतिमा दण्ड धर नहीं है।[१५६] रूपमण्डन के अनुसार ब्रह्मा के सामान्यतया चार मुख और चार हाथ होने चाहिए।[१५७] उनके दाहिने हाथों में नीचे जयमाला और ऊपर के हाथ में स्रुवा तथा बाएँ ऊपरी हाथ में पुस्तक तथा नीचे के हाथ में कमण्डलु बतलाया गया है।[१५८]

कला में ब्रह्मा के प्रायः चार मुख और चार हाथ प्रदर्शित किए जाते हैं। हाथों में वे बहुधा यज्ञपात्र, पुस्तक, माला धारण किए रहते हैं तथा उनका एक हाथ वरद या अभयमुद्रा में होता है। वे बढ़ी हुई दाढ़ी, स्थूलकाय और वाहन हंस के साथ चित्रित होते हैं। उन्हें पूर्ण विकसित पद्म पर बैठे हुए भी दिखलाया जाता है।[१५९] ब्रह्मा की मूर्तियाँ गुप्तकाल से मिलती हैं ऐसी अनेक प्रतिमाएँ इण्डियन म्यूजियम (कलकत्ता) और भारत कला-भवन (वाराणसी) में विद्यमान हैं।[१६०] गुप्तकालीन देवगढ़ के दशावतार मन्दिर व भीतरगाँव (कानपुर) के मन्दिरों में ब्रह्मा का अंकन हुआ है।[१६१] उत्तर गुप्तकालीन मन्दिरों में भी ब्रह्मा की मूर्तियाँ निर्मित की जाती रहीं।

ग्वालियर दुर्ग पर स्थित तेली मन्दिर के जंघा में दक्षिणी-पूर्वी कर्ण पर त्रिमुखी ब्रह्मा विकसित पद्म पर उत्कूटिकासन मुद्रा में बैठे हुए प्रदर्शित हैं। उनका चौथा मुख तीनों मुखों के पीछे अदृश्य है। वे अपने एक हाथ में पुस्तक धारण किए हैं। शेष तीन भुजाएँ खण्डित हैं (चित्र सं० ४१)।

ब्रह्मा की एक अन्य प्रति सास मन्दिर के पश्चिमी जंघा में भी दर्शनीय है। इसमें वे विभिन्न वस्त्राभूषणों से अलंकृत चतुर्भुजी प्रदर्शित हैं। साथ में उनकी शक्ति (सावित्री या सरस्वती) का भी अंकन किया गया है। ब्रह्मा की चारों भुजाएँ खण्डित हैं। इसी मन्दिर के गर्भगृह के प्रवेशद्वार में उत्तरंग पर विष्णु और महेश के साथ ब्रह्मा को भी प्रदर्शित किया गया है।

लक्ष्मी

भारतीय संस्कृति में लक्ष्मी को धन, वैभव, ऐश्वर्य और सम्पन्नता की देवी माना जाता है। पुराणों और महाकाव्यों के अनुसार उनकी उत्पत्ति देवताओं और राक्षसों के द्वारा समुद्र मंथन के समय हुई थी। अनेक शिल्पशास्त्रों के अनुसार लक्ष्मी प्रतिमा को चतुर्भुजी होना चाहिए। उनकी ऊपर

---

१५२. वही, २५९, ४१-४२
१५३. मत्स्यपुराण, २५९, ४४
१५४. समरांगण०, ७७, ३
१५५. अपराजित०, २१४, २
१५६. वही, २१४, ४-७
१५७. रूपमण्डन, २, ६
१५८. वही, २, ७
१५९. जोशी, नी० पु०, प्राचीन भारतीय मूर्तिविज्ञान, पृ० १७३
१६०. वही, १७३-१७५
१६१. वही

की दाहिनी भुजा में सनाल कमल तथा ऊपरी बाई भुजा में अमृतघट हो। शेष दोनों हाथों में क्रमशः श्रीफल और शंख हों। वे दिव्यरूपा, सुयौवना, चन्द्रमुखी और प्रसन्न वदना हों तथा आठ पंखुड़ियों वाले सुन्दर कमल पर शोभायमान हों। उनके पीछे दो गज अपनी सूढ़ों में घट लिए हुए उनका अभिषेक करते हुए प्रदर्शित हों। ऐसी लक्ष्मी को गजलक्ष्मी कहा गया है।[१६२] मार्कण्डेयपुराण उन्हें उनकी विकसित अवस्था में अष्टदसभुजी बनाने का उल्लेख करता है।[१६३] अंशुमदभेदागम् में पद्मासना लक्ष्मी को द्विभुजी बनाने का निर्देश है। उनके दाहिने हाथ में कमल तथा बाएँ हाथ में श्रीफल सुशोभित होना चाहिए।[१६४] लगभग ऐसा ही विवरण शिल्परत्न में भी मिलता है, किन्तु यहाँ पर श्रीफल उनके दाहिने हाथ में तथा कमल को वामहस्त में रखने का निर्देश है।[१६५]

भारतीय कला में लक्ष्मी का सर्वप्रथम अंकन शुंगकाल में मिलता है। साँची, भारहुत, बोधगया, अमरावती, मथुरा आदि की प्रारम्भिक बौद्धकला में लक्ष्मी गजों द्वारा अभिषिक्त होती हुई या पुष्करणी में स्थित देवी के रूप में मिलती हैं।[१६६] कुषाणकाल में लक्ष्मी मूर्तियाँ अधिक प्रचलित हो गयी थीं। इस काल में यद्यपि इनका गजलक्ष्मी रूप सर्वाधिक लोकप्रिय हुआ, किन्तु साथ में अन्य कई रूपों के दर्शन भी होते हैं।[१६७] गुप्तकाल में सिक्कों पर लक्ष्मी का अंकन प्रचुरता के साथ हुआ है। मूर्तियों में वे एक या दोनों हाथों में कमल लिए अथवा गजों द्वारा अभिषिक्त होती हुई दोनों ही रूपों में चित्रित हुई हैं। पूर्वमध्यकाल एवं मध्यकालीन मन्दिरों में लक्ष्मी का अंकन व्यापक रूप में मिलता है।

ग्वालियर दुर्ग पर स्थित मन्दिरों में लक्ष्मी की एकमात्र प्रतिमा सास मन्दिर के दक्षिणी-पूर्वी जंघा की एक रथिका में दर्शनीय है। इसमें चतुर्भुजी गजलक्ष्मी द्विभंग मुद्रा में खड़ी प्रदर्शित हैं (चित्र सं० ४२)। वे कुण्डल, हार, ग्रैवेयक, भुजबन्द, कटिसूत्र जाल आदि आभूषणों से भली-भाँति अलंकृत हैं। उनके ऊपर दो गज घटों से जल डालकर उनका अभिषेक कर रहे हैं तथा नीचे चरणों के समीप दो सिंह बैठे हुए प्रदर्शित हैं। लक्ष्मी की सभी भुजाएँ खण्डित होने के कारण उनके आयुधों की स्थिति स्पष्ट नहीं है। देवी के दाहिनी ओर एक सिंहमुखी अनुचरी भी अंकित हैं।

पार्वती

कला में शिव के साथ पार्वती का अंकन हमें कुषाणकाल से ही मिलने लगता है, किन्तु पार्वती की स्वतन्त्र प्रतिमाएँ तत्कालीन कला में दुर्लभ हैं। गुप्तकालीन पार्वती प्रतिमाएँ अहिच्छत्रा और कसिया से प्राप्त हुई है।[१६८] तपस्यारत पार्वती का अंकन गुर्जर प्रतिहारकालीन तथा बाद के मन्दिरों में बहुलता के साथ देखने को मिलता है। प्रायः जंघा की भद्र-रथिका में चतुर्भुजी पार्वती हाथों में अग्निकुण्ड लिए खड़ी प्रदर्शित हैं।

ग्वालियर दुर्ग की पूर्वी प्राचीर में सास-बहू मन्दिर और हथियापौर के मध्य एक शिलापट्ट लगा है। इसमें एक रथिका में चतुर्भुजी तपस्यारत पार्वती समभंग मुद्रा में खड़ी हैं। रथिका

---

१६२. बनर्जी, जे० एन०, डेवलप्मेण्ट आफ हिन्दू आइकनोग्राफी, पृ० ३७३

१६३. वही

१६४. राव, गोपीनाथ, एलीमेण्ट्स आफ हिन्दू आइकनोग्राफी, पृ० ३७३

१६५. वही

१६६. जोशी, नी० पु०, प्राचीन भारतीय मूर्तिविज्ञान, पृ० १२१-१२२

१६७. वही

१६८. जोशी, नी० पु०, प्राचीन भारतीय मूर्तिविज्ञान, पृ० १३९

के दोनों पार्श्वों में सादे भित्ति-स्तम्भ तथा शीर्ष पर कपोत और चन्द्रशाला का अलंकरण है। जटा-जूट से सुसज्जित पार्वती पंचाग्नि तप करती हुई दिखायी गयी हैं (चित्र सं० ४३)। उनके ऊपर के दोनों हाथों में अग्निपात्र है। नीचे का दाहिना हाथ वरद मुद्रा में प्रसारित है तथा बायें में संभवतः कमण्डलु है। वन का दृश्य उपस्थित करने के लिए कलाकार ने देवी के दाहिनी ओर सिंह और बाई ओर हिरन दिखलाये हैं। उनके अर्धोन्मीलित नेत्र सौम्य मुखमण्डल पर ध्यान लगाने का भाव उत्पन्न कर रहे हैं। शैलीगत विशेषताओं के आधार पर यह प्रतिमा ८वीं-९वीं शताब्दी ई० की प्रतीत होती है तथा कला के साथ-साथ प्रतिमा वैज्ञानिक अध्ययन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

सिंहवाहिनी दुर्गा

दुर्गा की उपासना एवं पूजन-परम्परा प्राचीनकाल से ही चली आ रही है तथा कई नामों और रूपों में उनकी मान्यता है।[१६९] तैत्तिरीय आरण्यक, केनोपनिषद, महाभारत और मार्कण्डेयपुराण के देवी-माहात्म्य आदि में दुर्गा की उपासना पद्धति एवं पूजा परम्परा का उल्लेख मिलता है।[१७०]

कला में दुर्गा के विविध रूपों में उसका महिषमर्दिनी रूप सर्वाधिक प्रचलित था, किन्तु साथ-साथ उनका सिंहवाहिनी रूप भी देखने को मिलता है। पश्चिमोत्तर भारत में इसका प्रसार कुषाणकाल से ही था, किन्तु मथुरा की तत्कालीन कला में हमें यह देखने को नहीं मिलता। गुप्तकाल में दो भुजाओं वाली देवी हाथ में माला लिये बाई ओर मुँह किये बैठे हुए सिंह पर आसीन है। इस काल की स्वर्ण मुद्राओं पर भी सिंहवाहिनी के दर्शन होते हैं।[१७१] कालान्तर में मध्यकालीन शिल्प में भी इसका अंकन प्रचलित रहा।

ग्वालियर दुर्ग में सिंहवाहिनी दुर्गा का एक रूप तेली मन्दिर के शिखर पर दक्षिणी सिंहकर्ण की एक विशाल चन्द्रशाला में प्रदर्शित है (चित्र सं०४४)। इसमें शिविहीन अष्टभुजी देवी ललितासन मुद्रा में बैठी है! वे नाभिछन्दक (स्तनहार), भुजबन्द, कंकण, मेखला और नूपुर आदि आभूषणों से अलंकृत हैं। उनका सबसे नीचे का दाहिना हाथ दायीं जांघ पर स्थित है। संभवतः उसमें वे अक्षमाला धारण किये हैं। उसके ऊपर के हाथ में खड्ग है। तीसरा हाथ अभयमुद्रा में तथा चौथे सबसे ऊपर के दाहिने हाथ में वे संभवतः पुष्प या अन्य कोई वस्तु लिये हैं। बाई ओर सबसे नीचे का हाथ बायें पैर के घुटने पर रखा है। उसके ऊपर की भुजा खण्डित है। तीसरे बायें हाथ में खेटक है तथा चौथा खण्डित है। देवी के दायें पार्श्व में पैर के नीचे एक सिंह शान्त मुद्रा में बैठा है तथा दोनों ओर दो अनुचर या अनुचरियाँ खड़े प्रदर्शित हैं। देवी के हाथों के अस्त्र-शस्त्र, क्षीण कटि, उन्नत पीन पयोधर, गहरी नाभि, पेट पर पड़ी उदर रेखाएँ तथ शरीर की स्निग्धता एवं सलोनापन उनकी शक्ति, सौन्दर्य एवं यौवन का प्रतीक है। शान्त बैठा सिंह देवी के मुखमण्डल पर व्याप्त शान्ति को प्रकट करता है। तेली मन्दिर की समकालीन अर्थात् आठवीं शताब्दी में निर्मित दुर्गा की इस प्रतिमा में कलाकारों के अद्भुत हस्तकौशल के दर्शन होते हैं।

सिंहवाहिनी दुर्गा की एक अन्य प्रतिमा सास मन्दिर के मण्डप के भीतरी भाग में दक्षिणी पूर्वी कर्ण की रथिका पर दर्शनीय है (चित्र सं०४५)। इसमें विभिन्न वस्त्राभूषणों से अलंकृत

---

१६९. काणे, पी० वी०, हिस्ट्री आफ धर्मशास्त्र, भाग २, पृ० ७३८-७३९

१७०. जोशी, नी० पु०, प्राचीन भारतीय मूर्तिविज्ञान, पृ० १३४

१७१. जोशी, नी० पु०, प्राचीन भारतीय मुर्तिविज्ञान, पृ० १३७

सिरविहीन दसभुजी देवी दो सिंहों पर एक साथ आरूढ़ है। देवी की सभी भुजाएँ एवं पैर खण्डित है। ग्यारहवीं शताब्दी के अन्तिम चरण में निर्मित यह प्रतिमा भी कला और प्रतिमा वैज्ञानिक अध्ययन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

माता या मातृका

बालक को गोद में लिए हुए माता का कला में अंकन हमें कुषाणकाल से ही मिलने लगता है। ऐसी अनेक प्रतिमाएँ लखनऊ तथा मथुरा के राजकीय संग्रहालयों में दर्शनीय हैं।[१७२] ग्वालियर दुर्ग पर सास मन्दिर की पूर्वी रथिका में ऐसी ही एक मातृका बालक को गोद में लिए हुए ललितासन मुद्रा में बैठी प्रदर्शित है। ग्रैवेयक, स्तनहार आदि आभूषणों से अलंकृत माता के सिर के चतुर्दिक पद्म प्रभामण्डल दिखलाया गया है। माता की मुखाकृति तथा बालक का शीर्ष खण्डित है। शैली की दृष्टि से यह प्रतिमा मन्दिर से कुछ पहले लगभग ९वीं-१०वीं शताब्दी ई० में निर्मित प्रतीत होती है। सम्भव है सास मन्दिर का जीर्णोद्धार करते समय इसे कहीं अन्यत्र से लाकर यहाँ स्थापित कर दिया गया हो।

इस प्रकार यहाँ पर वैष्णव, शैव, सूर्य एवं शाक्त सम्प्रदाय से सम्बन्धित विभिन्न देवी-देवताओं के नाना रूपों को अंकित किया गया है। इनमें से अनेक मूर्तियाँ तत्कालीन कला के क्षेत्र में भी अपना विशिष्ट स्थान रखती हैं।

जैन प्रतिमाएं

जैन धर्म और कला का आधार पार्श्वनाथ, महावीर आदि तीर्थंकरों के विचार और उपदेश हैं। इस धर्म में ईश्वर या अवतारवाद को नहीं माना गया है, अपितु जब कोई महान पुरूष अपने कर्मों का क्षय करके आत्मा को शुद्ध कर लेता है तब उसे 'जिन' अर्थात् विजयी और उसके अनुयाइयों को 'जैन' कहते हैं।

जैन परम्परा में कुल चौबीस तीर्थंकर माने गये हैं। इनके नाम क्रमशः ऋषभ, अजित, सम्भव, अभिनन्दन, सुमति, पद्मप्रभ, सुपार्श्व, चन्द्रप्रभ, सुविधि, शीतल, श्रेयांस, वासुपूज्य, विमल, अनन्त, धर्म, शान्ति, कुन्थु, अर, मल्लि, मुनिसुव्रत, नमि, नेमि, पार्श्व और महावीर हैं।[१७३]

शास्त्रों के अनुसार जैन तीर्थंकर को सामान्यतः अजानुबाहु (घुटनों तक लम्बी भुजाएँ) तथा नग्न शरीर चित्रित किया जाना चाहिए। वे युवा हों तथा उनके मुख-मण्डल पर शान्ति झलकती हो और वक्षस्थल पर श्रीवत्स का चिन्ह अंकित हो।[१७४] तीर्थंकर के दाहिनी ओर एक यक्ष और वाईं ओर एक यक्षिणी चित्रित हो। साथ में अशोक वृक्ष अथवा वह वृक्ष भी प्रदर्शित होना चाहिए, जिसके नीचे तीर्थंकर को ज्ञान प्राप्त हुआ था। इसके अतिरिक्त तीन छत्र, तोरण युक्त तीन रथिकाएं, देवदुन्दुभि, सुर, गज, सिंह आदि से विभूषित सिंहासन अष्ट परिकर, गो, सिंह आदि से अलंकृत वाहिका या यक्ष तथा तोरण और रथिकाओं पर ब्रह्मा, विष्णु, चण्डिका, जिन, गौरी, गणेश आदि की प्रतिमाएँ भी अंकित करने का विधान है।[१७५] शास्त्रों में चौबीसों तीर्थंकरों के लिए ध्वज (लांछन), वर्ण, शासनदेवता

---

१७२. जोशी, नी० पु०, प्राचीन भारतीय मूर्तिविज्ञान, पृ० १२६-१३२

१७३. अपराजित०, २२१, १-४, रूपमण्डन, ६ १-३

१७४. बृहत्संहिता, ५८, ४५

१७५. रूपमण्डन, ६, ३३-३६

और देवी (यक्ष और यक्षिणी), केवल वृक्ष, चामरधारी और चामरधारिणी आदि पृथक्-पृथक् निश्चित कर दिये गये हैं जिससे उनकी प्रतिमाओं में साम्य होने पर भी, उन्हें पहचाना जा सकता है।[१७६] अपराजितपृच्छा और रूपमण्डन में चौबीसों तीर्थंकरों के ध्वजचिह्न (लांछन) बतलाये हैं।[१७७] इसी प्रकार जिनोपासक यक्ष-यक्षिणियों? के नाम तथा प्रतिहारों का विस्तृत विवरण भी मिलता है।[१७८]

भारतीय कला में जैन तीर्थंकरों का मूर्तन कब प्रारमभ हुआ, यह निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता। हड़प्पा सभ्यता से प्राप्त कुछ मुद्राओं तथा मुद्राछापों पर कायोत्सर्ग मुद्रा में खड़ी आकृतियों को कुछ विद्वान जैन तीर्थंकरों का अंकन मानते हैं।[१७९] साहित्यिक उल्लेखों से ज्ञात होता है कि तीर्थंकर महावीर की प्रतिमा का निर्माण महावीर के जीवनकाल में ही प्रारम्भ हो चुका था और यह प्रतिमा 'जीवन्त स्वामी' नाम से जानी जाती थीं।[१८०] जैन तीर्थंकर की सम्भवतः सर्वाधिक प्राचीन प्रतिमा बिहार के लोहानीपुर (पटना) नामक स्थान से प्राप्त हुई है। इसे विद्वान मौर्यकालीन मानते हैं।[१८१] प्रारम्भिक कुषाणकाल में मथुरा से कुछ आयागपट्ट तथा तीर्थंकर प्रतिमाओं के दर्शन होते हैं। मध्य कुषाणकाल तक इनकी संख्या में पर्याप्त वृद्धि हो जाती है। कुषाणकाल की मथुरा कला में जैन तीर्थंकरों की कायोत्सर्ग मुद्रा में खड़ी तथा ध्यानमुद्रा में बैठी अनेक मूर्तियाँ उपलब्ध हुई हैं।[१८२] इस काल में तीर्थंकरों की प्रतिमाओं पर लांछनों का अंकन नहीं मिलता है। अतः सभी मूर्तियाँ एक जैसी होने के कारण उनकी पहचान कर सकना कठिन है। उन्हें केवल मूर्ति पर अंकित लेखों के आधार पर ही पहचाना जा सकता है, किन्तु आदिनाथ के कन्धों पर लटकते-बिखरे हुए केश, पार्श्वनाथ के सिर के ऊपर सर्पफणों का घटाटोप तथा नेमिनाथ के दोनों ओर स्थित वासुदेव-बलभद्र से उन्हें पहचाना जा सकता है। इन मूर्तियों के आसन के नीचे दो सिंहों के बीच चक्र का अंकन भी पाया जाता है। इनके अतिरिक्त कुषाणकालीन तीर्थंकर प्रतिमाओं का सर्वतोभद्र रूप (चौमुखी) भी मिलता है, जिसमें चारों दिशाओं में आदिनाथ, पार्श्वनाथ के अतिरिक्त सम्भवतः नेमिनाथ और महावीर को खड़े या बैठे हुए प्रदर्शित किया गया है।[१८३]

गुप्तकाल में तीर्थंकर प्रतिमाओं में लांछनों का अंकन प्रारम्भ हो चुका था, किन्तु उनका सार्वजनिक प्रयोग नहीं होता था। इस काल में अलंकृत प्रभामण्डल के साथ-साथ मालाधारी गंधर्व, चौरी धारण किए हुए सेवक, पूजा सामग्री लिए हुए उड़ते देवगणों का अंकन भी होने लगा था।[१८४]

---

१७६. भट्टाचार्य, बी० सी०, जैन आइकनोग्राफी, पृ० १८-२०

१७७. अपराजित०, २२१, ८-५५; रूपमण्डन, ६, ५-१६

१७८. अपराजित०, अ० २२१; रूपमण्डन, ६, १७-३२; भट्टाचार्य, बी० सी०, जैन आइकनोग्राफी, पृ० २६-१०७

१७९. देशपाण्डे, एम० एन०, द बैकग्राउण्ड एण्ड ट्रेडीसन, जैन आर्ट एण्ड आर्कीटेक्चर, खण्ड १, नई दिल्ली, १९७४, पृ० २१

१८०. शाह, यू० पी०, स्टडीज इन जैन आर्ट, बनारस, १९५५, पृ० ४-५

१८१. जोशी, नी० पु०, प्राचीन भारतीय मूर्तिविज्ञान, पटना, १९७७, पृ० २१०

१८२. वही, पृ० २१२

१८३. मिश्रा, देवबाला मानूमेण्ट्स एण्ड स्कल्पचर्स, जैन आर्ट एण्ड आर्कीटेक्चर, खण्ड १, नई दिल्ली, १९७४, पृ० ६६

१८४. जोशी, नी० पु०, प्राचीन भारतीय मूर्तिविज्ञान, पटना, १९७७, पृ० २१२

विदिशा, मथुरा, उदयगिरि, देवगढ़ आदि स्थलों से अनेक गुप्तकालीन जैन प्रतिमाएँ प्राप्त हुई है।[१८५] स्पष्टतः इस समय तक मध्य प्रदेश (ग्वालियर) के चतुर्दिक जैन धर्म और कला का पर्याप्त विकास हो चुका था।

ग्वालियर दुर्ग में जैन प्रतिमाओं का निर्माण गुप्तकाल के पश्चात् प्रारम्भ हुआ। जैन ग्रन्थों में आम नामक एक राजा का उल्लेख हुआ है, जिसने कन्नौज और ग्वालियर में सम्मिलित रूप से शासन किया था। अपने दरबार के प्रमुख जैन आचार्य बप्पभट्टिसूरि के प्रभाव में आकर उसने ग्वालियर में एक २७ हाथ ऊंची महावीर की प्रतिमा का निर्माण करवाया था।[१८६] अनेक विद्वान आम को यंशोवर्मन (७२५-७५२ ई०) का पुत्र एवं उत्तराधिकारी मानते हैं।[१८७] इस प्रकार जैन साहित्य से स्पष्ट है कि आठवीं शताब्दी ई० में आम राजा के संरक्षण में ग्वालियर दुर्ग पर जैन धर्म एवं कला की उन्नति के लिए कुछ निर्माण कार्य हुआ था।

साहित्यिक साक्ष्यों की पुष्टि पुरातत्व सम्बन्धी प्रमाणों से भी होती है। ग्वालियर दुर्ग के दक्षिणी पश्चिमी भाग में उरवाही द्वार से दुर्ग की ओर अग्रसर होने पर दाहिनी दिशा में जैन मूर्तियों का समूह दृष्टिगत होता है। इनमें एक यक्ष और यक्षी अम्बिका तथा दो तीर्थंकर आदिनाथ की प्रतिमाएँ विशेष उल्लेखनीय हैं। सबसे पहले बायीं ओर की दो रथिकाओं में तीर्थंकर आदिनाथ की प्रतिमा उत्कीर्ण की गयी है। इनमें से एक प्रतिमा कायोत्सर्ग मुद्रा में खड़ी प्रदर्शित है। उसके बायीं ओर पैरों के निकट एक अनुचर तथा ऊपर उड़ते हुए मालाधर विद्याधर निर्मित हैं। दाहिनी ओर का भाग खण्डित है। दूसरी तीर्थंकर प्रतिमा बैठी प्रदर्शित है। उसके दोनों ओर दो अनुचर विकसित पद्म पर खड़े हैं। आसन के नीचे दो सिंहों के मध्य चक्र का अंकन है। तीर्थंकर के कान अपेक्षाकृत अधिक लम्बे स्कन्धों को छूते हुए तथा भुजाएँ बाहर की ओर अधिक फैली हैं। सिर पर कुंचित केशों के साथ उष्णीष तथा पद्म से अलंकृत प्रभामण्डल दर्शनीय है। प्रतिमा के ऊपर छत्र तथा उसके दोनों ओर मालाधर विद्याधर अंकित हैं (चित्र सं० ४७)। ये दोनों जैन प्रतिमाएँ गुप्तकालीन परम्पराओं पर निर्मित की गयी हैं। इनके अनुचर कण्ठ में एकावली धारण किए हैं। उनके वस्त्र-परिधान, खड़े होने का ढंग, शिरोभूषा आदि गुप्तकालीन प्रतिमाओं के सदृश हैं। इनमें आसन के नीचे दो सिंहों के बीच अंकित चक्र, कम अलंकृत परिकर, ध्यान मुद्रा में बैठी हुई प्रतिमा में बाहर की ओर फैली हुई भुजाएँ, लम्बे कान आदि गुप्तकालीन विशेषताएँ विद्यमान हैं। इस आधार पर इन प्रतिमाओं को छठीं-सातवीं शताब्दी ई० के आस-पास रखा जा सकता है।

उक्त दोनों प्रतिमाओं के दाहिनी ओर एक विशाल रथिका में यक्षी अम्बिका अपने संगी सर्वानुभूति यक्ष के साथ ललितासन मुद्रा में बैठी है। दोनों के मुखमण्डल गोल तथा आँखें अर्धोन्मीलित हैं। अम्बिका के नीचे सिंह शान्तमुद्रा में बैठा है। देवी के सिर पर आम्रवल्लरी लटक रही है। उसके दोनों पैर पूर्ण विकसित पद्म पर रखे हैं। एक पुत्र प्रियंकर गोद में बैठा है तथा अभयंकर देवी के दाहिनी ओर खड़ा है। क्षीण कटि तथा उन्नत यौवन वाली अम्बिका की उदर रेखाएँ स्पष्ट परिलक्षित होती हैं। साथ में बैठा यक्ष उन्नतोदर है। इसके अतिरिक्त अनुचरों, अनुचरियों, मालाधर विद्याधर आदि

---

१८५. बाजपेयी, के० डी०, मध्य प्रदेश की जैन कला, अनेकान्त, खण्ड २८, १९७५, पृ० ११५-११६

१८६. मजूमदार, आर० सी० तथा पुसालकर, ए० डी०, द एज आफ इम्पीरियल कन्नौज, पृ० २८९-२९०

१८७. त्रिपाठी, आर० एस०, हिस्ट्री आफ कन्नौज, वाराणसी, १९६४, पृ० २११; मिश्र, एस० एम०, यशोवर्मन कन्नौज, पृ० १२०

का अंकन भी दर्शनीय है (चित्र सं० ४७)। शैली के आधार पर इन प्रतिमाओं को आठवीं शताब्दी के प्रारम्भिक चरण में रखा गया है।[१८८] अम्बिका यक्षी की क्षीण कटि, उदर में अंकित रेखाएं तथा वक्षस्थल का अलंकरण (नाभिछन्दक आदि) तेली के मन्दिर में प्रवेशद्वार पर अंकित गंगा-यमुना के सदृश हैं। तेली के मन्दिर की तिथि विद्वानों ने आठवीं शताब्दी ई० का मध्य काल माना है।[१८९] अतः शैली के आधार पर अम्बिका यक्षी को भी आठवीं शताब्दी के मध्यकाल में निर्मित माना जा सकता है।

ग्वालियर दुर्ग से प्राप्त आठवीं शताब्दी की जैन प्रतिमाओं के कुछ अन्य उदाहरण भी उल्लेखनीय हैं। इनमें से पार्श्वनाथ की एक प्रतिमा सिन्धिया स्कूल के परिसर में रखी है। इसके सिर पर सात सर्प फणों का घटाटोप है। फणों के ऊपर मालाधर विद्याधर, यक्ष-गन्धर्व आदि की आकृतियाँ चित्रित हैं। अर्धोन्मीलित नेत्रों वाले तीर्थंकर ध्यानमुद्रा में प्रतीत होते हैं। उनके कान कन्धों तक लटक रहे हैं। सिर पर कुंचित केश तथा उष्णीष सुशोभित है। प्रतिमा में सिर के नीचे का भाग खण्डित है (चित्र सं० ४८)। शैली के आधार पर इसे भी आठवीं शताब्दी में निर्मित माना गया है।[१९०] दूसरी प्रतिमा आदिनाथ की तेली के मन्दिर के सामने स्थापित है। इसमें तीर्थंकर कायोत्सर्गमुद्रा में खड़े प्रदर्शित हैं। उनकी भुजाएँ घुटनों तक लटक रही हैं। परिकर में चौबीस तीर्थंकर ध्यानमुद्रा में बैठे हुए चित्रित हैं। सिर के चारों ओर अलंकृत प्रभामण्डल हैं। उसके ऊपर छत्र सुशोभित है। सिर के दोनों ओर उड़ते हुए मालाधर विद्याधर आदि की आकृतियाँ चित्रित है। इसी शैली की एक अन्य प्रतिमा सिन्धिया स्कूल की रंगशाला में जैन मूर्तियों से युक्त एक ढोलाकार पत्थर के ऊपर भी दर्शनीय है। ये दोनों प्रतिमाएं भी आठवीं शताब्दी ई० की प्रतीत होती हैं। इनके अतिरिक्त एक अन्य तीर्थंकर प्रतिमा तेली मन्दिर के दक्षिणी दीवार में जंघा भाग के पूर्वी कर्ण पर कायोत्सर्ग मुद्रा में खड़ी प्रदर्शित है। मन्दिर के समकालीन मानकर यह प्रतिमा भी आठवीं शताब्दी ई० में रखी जा सकती है।

जैन प्रतिमाओं से अंकित एक ढोलाकार पाषाण-खण्ड सिन्धिया स्कूल की रंगशाला में स्थापित है। उसके चारों ओर ४८ जैन तीर्थंकर ध्यान-मुद्रा में बैठे हुए अंकित हैं। इसके ऊपर चौमुखी जैन प्रतिमा रखे होने का अनुमान कर माइकल ने माना है कि इसमें कुल ५२ तीर्थंकर अंकित रहे होंगे। इस आधार पर वे इसे नन्दीश्वर द्वीप मानते हैं और इसकी तिथि आठवीं शताब्दी ई० निर्धारित करते हैं।[१९१] किन्तु ज्योति प्रसाद जैन का मत है कि इसके ऊपर २४ अन्य जैन प्रतिमाएं उत्कीर्ण रही होंगी। इस प्रकार वे इसमें तीन चौबीसी अंकित होने का अनुमान करते हैं।[१९२]

ग्वालियर दुर्ग से प्राप्त जैन तीर्थंकरों की कुछ प्रतिमाएँ गुजरी महल, राजकीय संग्रहालय, ग्वालियर में भी सुरक्षित हैं। इनमें से एक जैन तीर्थंकर आदिनाथ की प्रतिमा (नं० ११८) ध्यानमुद्रा में बैठी प्रदर्शित है। स्मितहास से युक्त उनका मनोहर मुखमण्डल, अर्धोन्मीलित नेत्र, कंघी किये हुए केश

---

१८८. माइकल, डब्लू एम०, आम, अमरोल एण्ड जैनिज्म इन ग्वालियर फोर्ट, ज० ओ० इ०, बडौदा, खण्ड २२, सं० ३, मार्च १९७३, पृ० ३५४-५८

१८९. वही

१९०. वही

१९१. माइकल, डब्लू० एम०, आम, अमरोल एण्ड जैनिज्म इन ग्वालियर फोर्ट, ज० ओ० इ०, बड़ोदा, खण्ड २२, सं० ३, मार्च १९७३, पृ० ३५४-५८, चि० ३-४

१९२. डा० ज्योतिप्रसाद जैन से व्यक्तिगत विचार-विमर्श।

तथा लम्बे कान आदि दर्शनीय हैं। तीर्थंकर के मस्तक पर ऊर्णा और सिर पर उष्णीष सुशोभित है। सिर के चारों ओर अलंकृत प्रभामण्डल है। उनके आसन के नीचे दो सिंहों के मध्य चक्र की पूजा करते हुए दो उपासक अंकित किए गये हैं। प्रतिमा के बायीं और घटपल्लव, किंकिणिका, अर्धपद्म तथा ताड़-पत्र आदि से अलंकृत एक अर्द्धस्तम्भ है (चित्र सं० ४९)। ऐसा ही एक अन्य अर्धस्तम्भ प्रतिमा के दायीं ओर भी रहा होगा। इससे प्रतीत होता है कि यह तीर्थंकर प्रतिमा दो अर्धस्तम्भों से युक्त किसी रथिका में थी। शैलीगत विशेषताओं के आधार पर इस प्रतिमा को भी आठवीं शताब्दी ई० के मध्य निर्मित माना जा सकता है। लगभग ऐसी ही एक अन्य प्रतिमा (नं १२६) में भी जैन तीर्थंकर पद्मासन मुद्रा में बैठे हुए प्रदर्शित है। सिर के चतुर्दिक पद्म पंखुड़ियों से अलंकृत प्रभामण्डल, घुँघराले केश, अर्धोन्मीलित नेत्र तथा स्मितहास से प्रतिमा के मुखमण्डल पर अपूर्व आध्यात्मिक शान्ति एवं आभा प्रकट होती है। यह प्रतिमा भी रथिका में स्थापित है। रथिका के पार्श्व स्तम्भ में घटपल्लव तथा पीठ के नीचे दो सिंहों के मध्य चंद्र का अलंकरण दर्शनीय है। शैलीगत विशेषताओं के आधार पर यह प्रतिमा भी आठवीं शताब्दी ई० में निर्मित प्रतीत होती है। प्रतिमावैज्ञानिक अध्ययन के साथ-साथ उक्त दोनों प्रतिमाएँ कला की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं।

संग्रहालय में एक अन्य प्रतिमा (नं० ३०६) पार्श्वनाथ की है। इसमें तीर्थंकर ध्यानमुद्रा में बैठे हैं। उनके मस्तक पर बिन्दी रूप में ऊर्णा सुशोभित है। इनके सवारे हुए केश और सुवर्तुल मुखमण्डल, प्रभामण्डल तथा मनोहर कान्ति से युक्त देदीप्यमान चेहरा दर्शनीय है। नौटियाल ने इस प्रतिमा को लगभग दसवीं शताब्दी ई० में रखा है।[१९३] एक प्रतिमा (नं० ११७) में जैन तीर्थंकर कायोत्सर्ग मुद्रा में खड़े हैं। उनके शीर्ष के ऊपर छत्र के दोनों ओर उड़ते हुए मालाधर विद्याधर उच्चित्रित हैं तथा पैरों के समीप दो चौरीधारी खड़े प्रदर्शित हैं। पादपीठ के नीचे चक्र और शंख दिखलाया गया है। शंख के आधार पर इसकी पहचान नेमिनाथ से की जा सकती है। यह प्रतिमा लगभग १०वीं शताब्दी ई० की प्रतीत होती है। १२वीं शताब्दी ई० में निर्मित एक अन्य तीर्थंकर प्रमिमा (नं० ११४) यद्यपि कला की दृष्टि से इतनी अधिक सराहनीय नहीं है किन्तु प्रतिमावैज्ञानिक अध्ययन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इसमें ध्यानमुद्रा में पद्मासन पर बैठे तीर्थंकर के दोनों ओर चौरीधारी अनुचर, मालाधर विद्याधर तथा शीर्ष पर छत्र के दोनों ओर गज प्रदर्शित किये गये हैं। ऐसी ही एक अन्य खण्डित प्रतिमा सिन्धिया स्कूल के प्रांगण में भी दर्शनीय है।

सर्वतोभद्रिका प्रकार की एक प्रतिमा श्री हरिहर निवास द्विवेदी के व्यक्तिगत संग्रहालय में भी है। इस प्रकार की बैठी अथवा खड़ी प्रतिमाओं के निर्माण की परम्परा का प्रादुर्भाव कुषाणकाल में ही हो चुका था, जिनमें चारों दिशाओं में प्रायः आदिनाथ, पार्श्वनाथ, नेमिनाथ और महावीर को प्रदर्शित किया गया है। गुप्तकाल और उसके बाद भी यह प्रतिमाएँ बराबर बनती रहीं। द्विवेदी जी के संग्रहालय की यह प्रतिमा ग्वालियर दुर्ग से ही प्राप्त हुई है। इसमें जैन तीर्थंकर आदिनाथ, पार्श्वनाथ, नेमिनाथ और महावीर को कायोत्सर्गमुद्रा में पद्मपीठ पर खड़े हुए दिखलाया गया है। प्रतिमा कला की दृष्टि से उत्कृष्टकोटि की है और लगभग १०वीं शताब्दी ई० में निर्मित की गयी प्रतीत होती है।

दुर्ग की पूर्वी प्राचीर के निकट हथियापौर और सास-बहू मन्दिर के मध्य किसी स्थान पर कनिंघम को सन् १९४४ ई० में एक जैन मन्दिर के अवशेष प्राप्त हुए थे। इनमें विक्रम संवत् ११६५

---

१९३. नौटियाल, के० पी०, ए फ्यू नोटेबुल जैन आइकन्स इन ग्वालियर म्यूजियम, प्राच्य प्रतिभा, खण्ड ४, नं० १, जनवरी १९६०, पृ० ४७-५३, चि० ४

(११०८ ई०) का एक अभिलेख तथा कुछ जैन प्रतिमाएँ भी उपलब्ध हुई थीं।[१९४] वर्तमान समय में यह मन्दिर स्थल पूरी तरह से नष्ट हो चुका है, किन्तु कनिंघम का यह साक्ष्य इस बात का प्रमाण है कि बारहवीं शताब्दी के प्रारम्भिक चरण में भी ग्वालियर दुर्ग पर जैन मन्दिर तथा मूर्तियों का निर्माण हो रहा था।

इसके अतिरिक्त तोमरों के शासनकाल में ग्वालियर दुर्ग की पहाड़ी के नीचे बहुत सी छोटी-बड़ी रथिकाएँ काटकर उनमें जैन गुहा मन्दिरों एवं मूर्तियों का निर्माण किया गया है। कुछ प्रतिमाओं की चरण चौकी पर लेख उत्कीर्ण हैं, जिनसे ज्ञात होता है कि इनमें से अधिकांश प्रतिमाएं १४९७ वि० सं० (१४४० ई०) और १५३० वि० सं० (१४८७ ई०) के मध्य राजा डँगरेन्द्र सिंह तथा उनके पुत्र एवं उत्तराधिकारी कीर्तिसिंह के शासनकाल में निर्मित की गयी थीं।[१९५] लेखों से यह भी पता चलता है कि उनको उत्कीर्ण करवाने वाले तत्कालीन जैन व्यापारी थे।[१९६] अध्ययन की सरलता के लिए इन प्रतिमाओं को निम्नलिखित पाँच वर्गों में विभाजित किया जा सकता है :-

१. उरवाही समूह,
२. दक्षिण - पश्चिम समूह,
३. उत्तर - पश्चिम समूह
४. उत्तर - पूर्व समूह और
५. दक्षिण - पूर्व समूह।

उरवाही समूह की प्रतिमाएँ पहाड़ी के दक्षिणी भाग में स्थित उरवाघाटी में उत्कीर्ण की गयी हैं। इनमें २२ प्रतिमाएँ प्रमुख हैं। छः प्रतिमाओं में वि० सं० १४९७ (१४४० ई०) और वि० सं० १५१० (१४५३ ई०) का लेख है। इस समूह की सबसे विशाल प्रतिमा आदिनाथ की हैं, जो ५७ फुट ऊँची है। ध्यानमुद्रा में बैठी हुई आदिनाथ की एक अन्य प्रतिमा भी दर्शनीय है। इसकी चरण चौकी पर जैनियों के प्रथम तीर्थकर आदिनाथ का लाँछन 'वृष' तथा वि० सं० १४९७ (१४४० ई०) का एक लेख अंकित है। इस समूह की ध्यानमुद्रा में बैठी हुई बाइसवें तीर्थकर नेमिनाथ की एक प्रतिमा भी उल्लेखनीय है। इसकी ऊँचाई ३० फुट है। प्रतिमा की चरण चौकी पर अंकित 'शंख' से इसकी पहचान की जा सकती है।

दक्षिण-पश्चिम समूह एक खम्भा ताल के नीचे उरवाही द्वार के बाहर स्थित है। इसमें मुख्यतः पाँच प्रतिमाएँ उत्कीर्ण की गयी हैं। एक प्रतिमा स्त्री की है जो दक्षिण की ओर सिर किये लेटी है। उसका मुखमण्डल पश्चिमाभिमुख है तथा बायीं भुजा सिर के नीवे रखी है। सिर और पैरों के समीप परिचारिकाएँ बैठी हैं। प्रतिमा के ऊपर ध्यानमुद्रा में बैठे हुए तीर्थकर प्रदर्शित हैं। स्त्री की लम्बाई २.४० मीटर है। इसी प्रकार माँ और शिशु की एक लेटी हुई प्रतिमा लक्ष्मण द्वार और हथियापौर के मध्य में उत्कीर्ण की गयी है। इसमें माता की दाहिनी भुजा उसके सिर के नीचे तथा बायीं पास में लेटे हुए शिशु के ऊपर रखी है। इसका दायां पैर सीधा फैला हुआ तथा बायां पैर घुटने से मुड़ा है। पैर प्रच्छालन करती हुई एक परिचारिका भी चित्रित है। ऊपर अन्य स्त्री-पुरूषों की आकृतियाँ

---

१९४. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ० ३६२-६३

१९५. द्विवेदी, हरिहर निवास, ग्वालियर के तोमर, १९७६, पृ० ३४५

१९६. वही

हैं। रथिका के ऊपर तीर्थंकर ध्यानमुद्रा में बैठे प्रदर्शित हैं। दोनों के बीच में एक लेख भी था, जो अब नष्ट हो गया है (चित्र सं० ५०)।

उपर्युक्त दोनों प्रतिमाओं की भाँति माँ और शिशु की कुछ अन्य प्रतिमाएँ ग्वालियर, दुबेला और खजुराहो आदि संग्रहालयों में सुरक्षित हैं। इन्हें कुछ विद्वानों ने कृष्ण-जन्म और कुछ ने माँ-शिशु, सद्योजाता, यशोदा-कृष्ण, बुद्ध-जन्म, महावीर-जन्म, महेश्वर-जन्म अथवा अस्तीक-जन्म से समीकृत किया है।[१९७] इस प्रकार इनकी पहचान में विद्वानों में पर्याप्त मतभेद हैं, ग्वालियर दुर्ग की इन दोनों प्रतिमाओं की पहचान तीर्थंकर-जन्म से की जा सकती है क्योंकि दोनों ही प्रतिमाओं के ठीक ऊपर जैन तीर्थंकर ध्यान-मुद्रा में बैठे हुए चित्रित हैं, जो इस बात का स्पष्ट संकेत है कि नीचे किसी तीर्थंकर को जन्म लेते हुए प्रदर्शित किया गया है।[१९८]

दक्षिण-पश्चिम समूह की अन्य प्रतिमाएँ यक्षी अम्बिका, उसके संगी सर्वानुभूति यक्ष तथा ऋषभनाथ की हैं। इनका उल्लेख ऊपर किया जा चुका है। अम्बिका-यक्ष प्रतिमा आठवीं शताब्दी ई० में अनुमानित है।[१९९] शेष दो जैन प्रतिमाएँ छठी-सातवीं शतब्दी की प्रतीत होती है। इस प्रकार इन्हें ग्वालियर दुर्ग पर वर्तमान में स्थित जैन प्रतिमाओं में सर्वाधिक प्राचीन माना जा सकता है।

उत्तर-पश्चिम समूह की प्रतिमाएँ पहाड़ी के पश्चिमी भाग में उत्कीर्ण है। इनमें आदिनाथ की एक प्रतिमा उल्लेखनीय है। इस पर वि० सं० १५२७ (१४७० ई०) के लेख अंकित है। अन्य प्रतिमाएँ कला की दृष्टि से अधिक महत्वपूर्ण नहीं है।

प्रतिमाओं का उत्तरी-पूर्वी समूह गणेश-पौर के ठीक ऊपर पहाड़ी के मध्य भाग में स्थित हैं। ये प्रतिमाएँ भी कला की दृष्टि से विशेष उल्लेखनीय नहीं हैं।

दक्षिण-पूर्व समूह पहाड़ी के दक्षिणी भाग में गंगोला ताल के ठीक नीचे स्थित है। इनमें लगभग १८ प्रतिमाएँ ३ मीटर से ९ मीटर तक तथा लगभग इतनी ही प्रतिमाएँ २.४० मीटर से ४.५० मीटर तक ऊँची हैं।

इस प्रकार विभिन्न समूहों में बैठी अथवा खड़ी तीर्थंकर प्रतिमाएँ उत्कीर्ण की गयी हैं। इनके साथ चामरधारी अनुचर, यक्ष-यक्षी, देव-दुन्दुभी, छत्र, चैत्यवृक्ष, आसन, मालाधर विद्याधर, धर्मचक्र, लांछन तथा अन्य विविध प्रतीकों का भी अंकन हुआ है। कुछ प्रतिमाओं के चारों ओर मन्दिर का आकार भी उत्कीर्ण किया गया है। कहीं-कहीं पर यह अपूर्ण भी रह गया है। यद्यपि कला की दृष्टि से ये प्रतिमाएँ उत्कृष्ट कोटि की नहीं हैं किन्तु विशाल आकार, संख्या और प्रतिमा वैज्ञानिक अध्ययन की दृष्टि से ये उत्तर भारत की जैन कला में अपना विशिष्ट स्थान रखती हैं। यहाँ इन प्रतिमाओं पर एक विहंगम दृष्टि ही डाली गयी है। १५२७ ई० में जब बाबर ग्वालियर दुर्ग पर आया था, तब

---

१९७. अवस्थी, रामाश्रय, खजुराहो की देवप्रतिमाएँ, आगरा, १९६७, पृ० ११५; कुमारस्वामी, ए० के०, हिस्ट्री आफ इण्डियन एण्ड इण्डोनेशियन आर्ट, पृ० ८६, २४२; दीक्षित, एस० के०, ए गाइड टू स्टेट म्यूजियम दुबेला, पृ० २८-२९; अग्रवाल, आर० सी०, इण्डियन हिस्टोरिकल क्वार्टरली, भाग ३० सं० ४, पृ० ३४३-४४

१९८. जैन, ज्योति प्रसाद, शोधांक २७, नवम्बर, १९६८, पृ० १३०

१९९. माइकल, डब्लू० एम०, आम, अमरोल एण्ड जैनिज्म इन ग्वालियर फोर्ट, ज० आ० इ०, बड़ोदा, खण्ड २२, सं० ३, मार्च १९७३, पृ० ३५४-५८

उसने इन प्रतिमाओं की नग्नता (दिगम्बर वेश) से छुब्ध होकर इन्हें तुड़वा दिया था।[२००] कालान्तर में इनके सिरों आदि को जोड़कर पुनः सुरक्षित करने का प्रयास किया गया है।

२००. बाबरनामा में लिखा है (२८ सितम्बर) -दूसरे दिन (१३ मुहर्रम को) हम लोग..... ग्वालियर के...... हातीपुल (हथियापौर) नामक किले के द्वार को पार कर उरवा नामक स्थान पर पहुँचे।....... उरवा के तीन ओर चट्टानें हैं।...... इन दिशाओं में लोगों ने पत्थर की मूर्तियाँ कटवा रखी हैं।...... यह मूर्तियाँ पूर्णतः नग्न है और गुप्त अंश भी ढके नहीं है।..... उरवा बुरा स्थान नहीं है।..... मूर्तियाँ ही इस स्थान का सबसे बड़ा दोष है। मैंने उनके नष्ट करने का आदेश दे दिया। (ए० एस० बेवेरिज द्वारा अँग्रेजी में अनुवादित बाबरनामा, लन्दन, १९२१, पृ० ६११-१२ से उद्धृत)

7

उपसंहार

उत्तर भारत में अपनी विशिष्ट भौगोलिक स्थिति के कारण ग्वालियर दुर्ग का विशेष महत्व था। इस पर हूणों, यशोवर्मन तथा उसके उत्तराधिकारियों, गुर्जर-प्रतिहारों, कच्छपघातों, मुसलमानों, तोमरों, मराठों. अँग्रेजों और सिन्धियावंशी शासकों ने अपनी शासन-सत्ता स्थापित की तथा समय-समय पर इसका उपयोग सामरिक उपलब्धियों के लिए किया। दुर्ग की स्थापना कब और किसके द्वारा हुई, निश्चित साक्ष्यों के अभाव में कुछ भी नहीं कहा जा सकता, किन्तु लगभग छठीं शताब्दी ई० में हूण शासक मिहिरकुल के शासनकाल से यहाँ पर मानव-क्रियाकलापों के अवशेष स्पष्ट रूप से मिलने लगते हैं। बहुत संभव है इस समय तक इसने अपना दुर्ग रूप भी प्राप्त कर लिया हो।

यशोवर्मन, आम और गुर्जर-प्रतिहारों के समय में हुए क्रिया-कलापों से दुर्ग के महत्व एवं इसकी सामरिक स्थिति पर प्रकाश पड़ता है। यशोवर्मन की मृत्यु के पश्चात् उसके पुत्र आम ने ग्वालियर को ही अपनी राजधानी बनाया था।[१] गुर्जर प्रतिहार शासक मिहिर भोज ने भी इसके महत्व को समझते हुए वैल्लभट्ट को यहाँ का 'मर्यादाधुर्य' (अन्तपाल) तथा उसके पुत्र अल्ल को 'कोट्टपाल' नियुक्त किया था।[२] आरम्भिक ११वीं शताब्दी में भारत पर हुए महमूद गजनवी के आक्रमण के समय उसके साथ आये हुए अबूरिहान के अनुसार ग्वालियर और कालिंजर इस देश के सबसे अधिक शक्तिशाली दुर्ग थे।[३] उसकी यह स्वीकारोक्ति ग्वालियर दुर्ग की अजेयता की ओर संकेत करती है। १२३२ ई० में इल्तुतमिश के आक्रमण के समय यह किला लगातार एक वर्ष तक घिरे रहने के बाद ही विजित किया जा सका।[४] तबकाते नासिरी में मौलाना मिनहाज सिराज ने लिखा है - ''जब उस किले के निकट उसके (सुल्तान के) शिविर लगे थे तो दुष्ट वसील (विग्रहराज) के पुत्र दुष्ट मलिकदेव (मलयवर्मन देव) ने युद्ध प्रारम्भ कर दिया। सुल्तान ग्यारह मास तक किले के निकट ठहरा रहा।...... सेना ग्वालियर किले को मंगलवार २६ सफर ६३० हि० (१२ दिसम्बर, १२३२ ई०) तक घेरे रही, तब उस पर विजय प्राप्त हुई।''[५] इसी प्रकार दिल्ली के सुल्तान अलाउद्दीन सिकन्दर शाह की आज्ञा से ऐसाह के जमींदार वीरसिंह देव भी इस दुर्ग पर छलपूर्वक ही अधिकार कर सके थे।[६]

तोमरों के शासनकाल में ग्वालियर पर यद्यपि छुटपुट आक्रमण होते रहे, किन्तु कोई भी शत्रु दुर्ग पर अधिकार नहीं कर सका। १५वीं शताब्दी में लगभग एक सौ वर्ष तक दिल्ली के सम्राटों ने इस दुर्ग को हथियाने का प्रयास किया, किन्तु उन्हें सफलता नहीं मिली। इब्राहीम लोदी के शासनकाल (१५१७-१५२६ ई०) में आजम हुमायुं के नेतृत्व में एक बार पुनः ग्वालियर दुर्ग को घेरा

---

१. मिश्र, एस० एम०, यशोवर्मन आफ कनौज, पृ० १२०
२. ए० इ०, जि०-१, पृ० १५६, १५९
३. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ० ३४०
४. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ० ३४०
५. तबकाते-नासिरी, मेजर एच० जी० रेवर्टी, पृ० ६१९; इलियट एण्ड डाउसन, भाग २, पृ०२२८
६. द्विवेदी, हरिहर निवास, ग्वालियर के तोमर, पृ० २८-२९

गया। उस समय यहाँ पर विक्रमादित्य शासन कर रहा था। इस बार लगभग दो वर्षों के अखण्ड परिश्रम के पश्चात् सन् १५१८ ई० में इब्राहीम लोदी दुर्ग पर अधिकार स्थापित करने में सफल हो सका।[७] अहमद यादगार ने लिखा है -''ग्वालियर के किले को घेरकर उसने वीरों के मोर्चे बाँट दिये। मजनीक और असदों की व्यवस्था करके हुक्कों को जला-जलाकर किले के भीतर फेंकना आरम्भ किया। हिन्दुओं ने रूई से भरे गिलाफों को तेल में भिगोकर जला-जलाकर नीचे फेंकना शुरू कर दिया। दोनों ओर से आदमी जल रहे थे। आजम हुमायुं ने किले के नीचे साबात लगवाये और वहाँ तोपखाने लगवाकर वह इस प्रकार गोले फेंकता था कि किले वाले प्रांगण के बाहर नहीं निकल सकते थे। किले के लोग व्याकुल हो गये।''[८] अन्त में खाद्य सामग्री की कमी पड़ जाने से निराश होकर विक्रमादित्य ने सन्धि कर ली और किला लोदियों के सुपुर्द कर दिया।[९]

पूर्व की ओर दुर्ग इतना सुदृढ़ है कि यदि उसे सैनिकों द्वारा भली-भाँति सुरक्षा प्रदान की जाय तो उधर से उसका भेदन कर सकना बहुत कठिन है, किन्तु पश्चिमी भाग में कुछ ऐसे स्थान हैं, जहाँ से आक्रमणकारियों को दुर्ग में प्रवेश करने में आसानी हो सकती है। अँग्रेजों की सेना ने १७८० ई० में मेजर पोफम और १८०५ ई० में जनरल ह्वाइट के नेतृत्व में पश्चिम की ओर से ही आक्रमण किया था और दोनों ही बार उन्हें विजयश्री प्राप्त हुई थी।[१०] यही कारण है कि कालान्तर में सुरक्षा की दृष्टि से तोमरों द्वारा निर्मित धोन्धापौर और घर्गजेगेट दोनों ही पश्चिमी द्वार बन्द कर दिये गये थे। इस प्रकार हम देखते हैं कि ग्वालियर का दुर्ग सामरिक दृष्टि से अत्यधिक सुदृढ़ था और कोई भी आक्रमणकारी इस पर सरलता से विजय नहीं प्राप्त कर सका।

वर्गीकरण की दृष्टि से इस दुर्ग को पार्वत्यदुर्ग या गिरिदुर्गों की श्रेणी में रखा जा सकता है। इसे सुदृढ़ एवं सुरक्षित बनाने के लिए इसमें वप्र-प्राकार, अट्टालक, प्रवेश-द्वार कपिशीर्षक आदि अंगों का निर्माण किया गया है। परिखा की यहाँ पर कोई आवश्यकता नहीं समझी गयी। अतः उसका उत्खनन नहीं किया गया है। अन्य अंगों की रचना करते समय शास्त्रों में वर्णित मापों यथा लम्बाई, चौड़ाई और ऊँचाई आदि पर भी विशेष ध्यान नहीं दिया गया है। इसके विपरीत परम्परा से चली आ रही विधियों द्वारा आवश्यकता एवं उपयोगिता के अनुरूप इनका निर्माण किया गया है।

प्रायः पहाड़ी के ऊपरी समतल भू-भाग को एक ही प्राचीर द्वारा घेरा गया है, जिसकी ऊँचाई एवं चौड़ाई स्थान-स्थान पर आवश्यकतानुसार घट-बढ़ गयी है, किन्तु उरवाही और बादलगढ़ के भवनों की सुरक्षा के लिए उन्हें अन्य प्राचीरों से भी आवेष्टित करने का प्रयास किया गया है।

प्रवेश-द्वार पूर्व, पश्चिम, दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण दिशा में बनाये गये हैं। इनमें से हथियापौर संभवतः सर्वाधिक प्राचीन रहा होगा, जिसे कालान्तर में परिवर्तित कर नया स्वरूप प्रदान किया गया है। प्रवेश-द्वारों की स्थापत्य एवं शिल्पकला पर तत्कालीन वास्तु शैलियों के साथ-साथ परम्परागत शैली का प्रभाव भी परिलक्षित होता है। इनके अट्टालकों, स्तम्भों, तोरणों और भारपट्टों को यथा-स्थान अलंकृत करने का भी प्रयास किया गया है।

---

७. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ० ३४०

८. डा० रिजवी, उ० तै० का० भा०, भाग १, पृ० ३४७

९. द्विवेदी, हरिहर निवास, ग्वालियर के तोमर, पृ० १७४-१७६

१०. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ० ३४०-३४१

अट्टालकों का निर्माण मुख्य प्राचीर के साथ केवल हथियापौर और मान-मन्दिर की पूर्वी प्राचीर में ही दृष्टिगत होता है। अन्यत्र छोटी-छोटी गुम्बदाकार बुर्जियाँ ही बनायी गयी हैं। इसके अतिरिक्त प्रायः सभी प्रवेश-द्वारों के दोनों पार्श्वों में भी अट्टालकों का निर्माण किया गया है। प्राचीर पर चढ़ने-उतरने के लिए स्थान-स्थान पर सोपान तथा दुर्ग-रक्षकों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए रक्षा बुर्ज और कपिशीर्षकों की भी रचना की गयी है। इस प्रकार यह दुर्ग सामान्यतः सभी आवश्यक अंगों एवं उपांगों से सन्निवेष्टित है।

दुर्ग में बहुत से जलाशयों का भी निर्माण किया गया है। इनमें रचना एवं उपयोगिता की दृष्टि से सूर्यकुण्ड, मानसरोवर, रानीताल-चेरीताल, एक खम्भाताल, कटोराताल, जोहरताल तथा अस्सीखम्भा बावरी आदि विशेष महत्वपूर्ण हैं। सामान्य दिनों के अतिरिक्त युद्धकाल और अत्यधिक गर्मी अथवा सूखे समय में भी ये दुर्ग-वासियों के लिए जल-आपूर्ति कर सकने में पूर्णतः सक्षम रहे हैं। ग्वालियर दुर्ग को जल की कमी के कारण कभी भी अधिकृत नहीं किया जा सका।[११] इस प्रकार ये जलाशय दुर्ग के लिए सदैव उपयोगी सिद्ध हुए हैं।

यहाँ के मन्दिरों को प्रमुखतः तीन वर्गों में विभक्त किया जा सकता है। पहले वर्ग में वे मन्दिर रखे जा सकते हैं, जिनका उल्लेख अभिलेखों और साहित्यिक स्रोतों में तो मिलता है किन्तु मूलतः वे अब नष्ट हो चुके हैं। इनमें मिहिरकुल के अभिलेख में उल्लिखित सूर्य मन्दिर, ग्वालिपा मन्दिर, शिव मन्दिर तथा एक जैन मन्दिर प्रमुख हैं। इनसे ज्ञात होता है कि दुर्ग पर मन्दिरों का निर्माणकार्य कम से कम छठीं शताब्दी ई० से अवश्य प्रारम्भ हो चुका था और ये मन्दिर सामान्यतः पाषाण निर्मित थे। परन्तु अन्य वास्तुकला सम्बन्धी विशेषताओं का ज्ञान हमें नहीं हो पाता क्योंकि अब वे पूर्णतः नष्ट हो चुके हैं।

दूसरे वर्ग में वे मन्दिर आते हैं जिनका निर्माण गुर्जर-प्रतिहार शैली में किया गया है। इसके अन्तर्गत तेली का मन्दिर, चतुर्भुज मन्दिर, गणेश मन्दिर तथा राजकीय संग्रहालय गुजरी महल में संग्रहीत दो अन्य एक शिला मन्दिर आते हैं। यह सभी पर्याप्त सुरक्षित अवस्था में हैं तथा आठवीं-नवीं शताब्दी के मन्दिरों की स्थापत्य एवं शिल्पकला के अध्यय के लिए उपयोगी हैं। इनका निर्माण नरेसर, बटेसर, अमरोल और ओसियाँ आदि के गुर्जर-प्रतिहारकालीन मन्दिरों की परम्परा में ही किया गया है। नीची जगती; खुर, कुम्भ, कलश और कपोत से अलंकृत वेदीबन्ध; रथिका-बिम्बों की एक पंक्ति से युक्त जंघा; वर्गाकार अथवा आयताकार गर्भगृह के ऊपर क्रमशः नागर (लतिन) शैली अथवा वलभी (गजपृष्ठाकृति) शैली का त्रिरथ या पंचरथ शिखर, कपिली (अन्तराल) के ऊपर शुकनासिका की रचना आदि इनकी प्रमुख विशेषताएँ हैं। रथिकाबिम्बों के शीर्ष पर उद्‌गम, जंघा के ऊपरी भाग में किंकिणिका, शिखर के भद्र, उपभद्र और कर्ण पर चन्द्रशाला जाल, कर्णो पर भूमि-आमलकों और कपोतपट्टियों का अलंकरण, द्वारशाखाओं में पत्र, स्तम्भ, मिथुन, श्रीवृक्ष और नागशाखा तथा गंगा-यमुना का अंकन प्रतिहार शैली के अन्य मन्दिरों की भाँति इन मन्दिरों में भी हुआ है। परन्तु अपनी कपितय अन्य विशिष्टियों के कारण यह मन्दिर न केवल मध्य भारत, राजस्थान अपितु सम्पूर्ण उत्तर भारत के तत्कालीन मन्दिरों में अपना प्रमुख स्थान रखते हैं।

---

११. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ० ३४१

लगभग आठवीं शताब्दी के मध्यकाल में निर्मित तेली का मन्दिर अपनी विशालता, भव्यता एवं उच्चकोटि की अलंकरण सज्जा के लिए विख्यात है। इसे प्रतिहार शैली का सर्वोत्तम उदाहरण माना जाता है। नागर शैली के तत्कालीन अन्य मन्दिरों से इसके तलछन्द तथा ऊर्ध्वछन्द में कुछ विभिन्ताएँ पायी जाती हैं। इसका गर्भगृह आयताकार निर्मित किया गया है। प्रतिहार शैली के दूसरे मन्दिरों में वेदीबन्ध को सामान्यः खुर, कुम्भ, कलश और कपोत से सजाने की परम्परा मिलती है।, किन्तु इस मन्दिर में कलश के स्थान पर चौड़ा अन्तरपत्र अलंकृत किया गया है। इसके अतिरिक्त जंघा की छोटी-छोटी रथिकाओं के स्थान पर बड़ी-बड़ी रथिकाएँ बनायी गयी हैं। जिनके शीर्ष नागर शैली के शिखर तथा उद्गमों से सुसज्जित हैं।

यह मन्दिर अपने वलभी शैली के गजपृष्ठाकृति शिखर के लिए प्रसिद्ध है। उत्तर भारत में इस शैली के मन्दिर गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश उड़ीसा, तथा हिमांचल प्रदेश के कई स्थानों से प्राप्त हुए हैं। इनमें से गुजरात का खिमेश्वर मन्दिर नं० ६; भुवनेश्वर (उड़ीसा) का वैताल देउल, गौरी, गोपालिनी और सावित्री मन्दिर; नरेसर (ग्वालियर, म० प्र०) का देवी मन्दिर; सरहन बुजुर्ग (फतेहपुर, उ० प्र०) का भगवती देवी मन्दिर, जागेश्वर (अल्मोड़ा उ० प्र०) का अम्बिका, पुष्टिदेवी और नवदुर्गा मन्दिर; बमन सुयाल (अल्मोड़ा, उ० प्र०) का त्रिनेत्रेश्वर महादेव मन्दिर, पाताल भुवनेश्वर (पिथौरागढ़, उ० प्र०) का कालिका देवी मन्दिर तथा निर्मन्द (रायपुर, हिमांचल प्रदेश) का मन्दिर विशेष उल्लेखनीय हैं। लगभग आठवीं-नवीं शताब्दी ई० में निर्मित इन सभी मन्दिरों में सामान्यतः आयताकार गर्भगृह के ऊपर गजपृष्ठाकृति शिखर की रचना की गयी है। वेदीबन्ध खुर, कुम्भ, अन्तरपत्र (कलश के स्थान पर) और कपोतालि से; जंघा रथिका-बिम्बों की एक पंक्ति से; शिखर में नीचे का भाग कपोत, चन्द्रशालाओं, भूमि-आमलकों तथा स्कन्धवेदी से तथा शिखर के पार्श्व-शीर्षों और पृष्ठभाग को चन्द्रशालाओं व सूरसेनकों से सजाया गया है। यह सभी विशेषताएँ तेली के मन्दिर में भी पायी जाती हैं; किन्तु विशालता, भव्यता, ऊँचाई और अलंकरण-सजा की दृष्टि से यह मन्दिर वलभी शैली के अन्य मन्दिरों में सर्वोत्कृष्ट है। विभिन्न अंगों में परस्पर अनुपातिक संतुलन तथा अलंकरणों की अभिव्यक्ति जैसी इस मन्दिर में बन पड़ी है, वैसी अन्यत्र दुर्लभ है। इस प्रकार तेली का मन्दिर प्रतिहार शैली के मन्दिरों के साथ-साथ उत्तर भारतीय वलभी शैली के मन्दिरों का भी प्रतिनिधित्व करता है।

चतुर्भुज मन्दिर (८७५ ई०) का एकशिला या एकाश्म मन्दिरों में विशेष महत्व है। इसकी भी निर्माण योजना प्रतिहार शैली के मन्दिरों के समान है, किन्तु तलछन्द में इसमें गर्भगृह और कपिली के साथ मुखमण्डप भी जोड़ दिया गया है। इसके अतिरिक्त वेदीबन्ध, जंघा, शिखर और प्रवेश-द्वार आदि के अलंकरणों में भी वृद्धि हो गयी है। इस मन्दिर की मूलभूत विशेषता इसका एक ही शिला में निर्मित होना है। भारतवर्ष में शिलाओं को गहराई में काटकर वास्तु निर्माण की परम्परा का प्रादुर्भाव मौर्यकाल में ही हो चुका था और यह परम्परा शुंग-कुषाण और गुप्तकाल में भी प्रचलित रही। इसके उदाहरण पूर्व, पश्चिम तथा दक्षिण भारत के अनेक स्थलों से प्राप्त होते हैं, किन्तु संरचनात्मक मन्दिरों की परम्परा में किसी एक शिलाखण्ड को ऊपर से नीचे की ओर तरासते हुए एलोरा के कैलास मन्दिर (७५७-७८३ ई०) की भाँति वास्तु निर्माण की परम्परा अपेक्षाकृत बाद में विकसित हुई। इस शैली के प्रारम्भिक स्वरूप का दर्शन दक्षिण भारत में मामल्लपुरम के पल्लव रथों (लगभग

६४०-६९० ई०) में होता है। कालान्तर में इसका अनुकरण कर उत्तर भारत में भी कुछ स्थलों पर एकशिला मन्दिरों के निर्माण का प्रयास किया गया, किन्तु इनकी संख्या अपेक्षाकृत बहुत सीमित ही रही। ग्वालियर के चतुर्भुज मन्दिर के अतिरिक्त मन्दसोर जिलान्तर्गत धमनार की पहाड़ी में निर्मित आठ वैष्णव मन्दिर (लगभग ८वी-९वीं शताब्दी ई०), कांगड़ा जिलान्तर्ग मसरूर का शैल मन्दिर (लगभग ९वीं शताब्दी ई०), भागलपुर जिलान्तर्गत कोलगोंग का शैल मन्दिर (लगभग ९वीं-१०वीं शताब्दी ई०) तथा पिथौरागढ़ जिलान्तर्गत थल का एक हथिया देउल (लगभग १२वीं शताब्दी ई०) इस शैली के विशिष्ट उदाहरण हैं। इस प्रकार यह शैली बहुत अधिक लोकप्रिय नहीं हो सकी। इसका कारण संभवतः यह था कि संरचनात्मक मन्दिरों की अपेक्षा इस शैली के मन्दिरों का निर्माणकार्य बहुत कठिन होता था। इसमें समय और धन के साथ-साथ श्रम भी अधिक लगता था तथा प्रतिभा सम्पन्न, अनुभवी, कुशल एवं धैर्यवान शिल्पियों की आवश्यकता होती थी।

चतुर्भुज मन्दिर में शिल्पियों ने प्रतिहार शैली की प्रमुख विशेषताओं को बड़ी सफलता के साथ उत्कीर्ण करने का प्रयास किया है। एक ही शिला में पद्मपीठ पर खुर, कुम्भ, कलश और कपोत से अलंकृत वेदीबन्ध; रथिकाबिम्बोंसे युक्त पंचरथ जंघा; तीन पट्टियों से सुसज्जित वरण्डिका के ऊपर नागर (लतिन) शैली का पंचरथ रेखा शिखर, भूमि-आमलकों एवं चन्द्रशालाओं से अलंकृत उसके भद्र, प्रतिभद्र और कर्ण; शुकनास; प्रवेश-द्वार; मुखमण्डप और उसके स्तम्भों का अलंकरण जिस एकरूपता एवं कुशलता के साथ किया गया है, वह प्रशंसनीय है। इस प्रकार प्रतिहार कालीन संरचनात्मक मन्दिरों की विशेषताओं को एक ही पाषाण-खण्ड के माध्यम से चतुर्भुज मन्दिर में उत्कीर्ण किया जाना विशेष महत्व रखता है। उत्तर भारत में इस शैली के मन्दिरों की न्यूनता को देखते हुए इसका महत्व और अधिक बढ़ जाता है।

तीसरे वर्ग के मन्दिरों में कच्छपघात शैली के सास और बहू मन्दिर तथा मातादेवी मन्दिर का उल्लेख किया जा सकता है। गुर्जर प्रतिहारों के पतन के पश्चात् उत्तर भारत में अनेक छोटे-छोटे राज्य स्थापित हो गये और उनके संरक्षण में मन्दिरों के आकार-प्रकार, अंगों-उपांगों, मूर्तियों तथा अलंकरण में भी पर्याप्त वृद्धि हुई।

चन्देलों की अधीनता में नरवर, दुबकुण्ड और ग्वालियर को केन्द्र में रखकर कच्छपघात शासकों के शासनकाल (लगभग १०वीं शताब्दी ई० -१२वीं शताब्दी ई०) में एक विशिष्ट शैली के मन्दिरों का निर्माण हुआ। इनमें प्रायः गर्भगृह, अन्तराल, रंगमण्डप, मुखमण्डप तथा अधिक विकसित मन्दिरों में महामण्डप की रचना की गयी है। एक ऊँची अलंकृत जगती पर मूल प्रासाद देवीबन्ध, जंघा और शिखर से आवेष्टित है। पंचरथ जंघा का भद्र, प्रतिभद्र और कर्ण प्रायः दो या तीन रथिका पंक्तियों से सुसज्जित किया गया है और सलिलान्तरों में व्याल, गन्धर्व, किन्नर, सुर-सुन्दरी, मिथुन तथा अष्टदिक्पाल प्रदर्शित किये गये हैं। पंचरथ अथवा सप्तरथ शिखर उरश्रृंगों से अलंकृत हैं। प्रवेश-द्वार पाँच, सात या नौ द्वार-शाखाओं, नदीदेवियों, द्वारपाल तथा उत्तरंग नवग्रह, सप्तमातृकाओं एवं अलंकृत भारपट्टों से सजाये गये हैं। मण्डप के स्तम्भ, वितान और संवरणा छत भी भली-भाँति अलंकृत किये गये हैं। इस प्रकार के मन्दिर ग्वालियर दुर्ग के अतिरिक्त सुहानिया, पढ़ावली, मितावली, ग्यारसपुर, बदोह, कदवाहा, दुबकुण्ड, सुखाया, महुआ और तिराही आदि स्थलों से प्रकाश में आये हैं, किन्तु ग्वालियर के सास-बहू मन्दिरों में इस शैली का चरमोत्कर्ष रूप प्रस्फुटित हुआ है।

सास-बहू मन्दिरों का गर्भगृह और शिखर यद्यपि नष्ट हो गये हैं, किन्तु प्रवेश-द्वार, महामण्डप और मुखचतुष्की आदि जो भी भाग अवशिष्ट हैं, उन्हें तत्कालीन किसी भी पूर्ण विकसित मन्दिर की तुलना में श्रेष्ठतम कहा जा सकता है। दो भिट्टों, जाड्यकुम्भ, कर्णिका, ग्रासपट्टी, गजथर और नरथर से अलंकृत प्रासादपीठ, राजसेनक, देवी-देवताओं से युक्त रथिकाएँ, स्तम्भ-वेदिका, आसनपट्ट, कक्षासन, भरणी, स्तम्भशीर्ष, अलंकृत भारपट्ट, कर्णदर्दरिका, गजतालु, कोलथरों और ग्रासमुखों से सज्जित वितान, सवंरणा छत तथा मृणाल, खल्व, दण्ड, पत्र आदि नौ द्वारशाखाओं, उदुम्बर, मन्दारक, द्वारपाल, नाग-नागियों, शक्तियों के साथ ब्रह्मा, विष्णु और महेश तथा उत्तरंग पर नवग्रह और सप्तमातृकाओं से अंकित प्रवेश-द्वारों में शिल्पयों के अद्भुत हस्त-कौशल के दर्शन होते हैं। ये मन्दिर आज भी जिस रूप में उपलब्ध हैं, उसे स्थापत्य एवं शिल्पकला का उत्कृष्ट उदाहरण माना जा सकता है। किन्तु मातादेवी मन्दिर में कच्छपघात शैली का ह्रास परिलक्षित होता है।

इस प्रकार ग्वालियर दुर्ग पर स्थित प्रतिहार शैली तथा कच्छपघात शैली के मन्दिरों में तेली का मन्दिर,चतुर्भुज मन्दिर, सास-मन्दिर और बहू मन्दिर विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। तेली मन्दिर प्रतिहार शैली का सर्वोत्तम उदाहरण होने के साथ-साथ वलभी शैली के मन्दिरों का भी प्रतिनिधित्व करता है। इसी प्रकार चतुर्भुज मन्दिर एकशिला (एकाश्म) मन्दिरों में अपना विशेष महत्व रखता है। कच्छपघात शैली के मन्दिर में ग्वालियर के साथ-बहू मन्दिरों का वही स्थान है, जो खजुराहो के चन्देल मन्दिरों में कन्दरिया महादेव मन्दिर का है। इन मन्दिरों में कच्छपघात शैली के विकास की चरमपरिणति दृष्टिगत होती है।

इन मन्दिरों की भित्तियों, स्तम्भों, वितान आदि के अलंकरण के लिए विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियों के अतिरिक्त कीर्तिमुख, व्याल, सुर-सुन्दरी, अप्सराओं, मिथुन, घट-पल्लव, गंगा-यमुना, द्वारपाल, अष्टदिक्पाल, नवग्रह, सप्तमातृकाओं तथा अन्य नाना प्रकार के वानस्पतिक, ज्यामितीय एवं परम्परागत मांगलिक चिन्हों का चुनाव किया गया है।

